CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 20 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 62 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 14°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 30 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### आयुष शेट्टी, तन्वी शर्मा और अनमोल खरब ऑरलियन्स मास्टर्स के अगले दौर में

खेल



### इजरायल अब ईरान के मुख्य गैस केंद्र पर हमला नहीं करेगा : ट्रम्प

देश-विदेश

## निजी परिसर में नमाज और धार्मिक आयोजनों पर रोक नहीं लगा सकते: कोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के निजी परिसर में प्रार्थना या धार्मिक आयोजनों पर रोक नहीं लगाई जा सकती है। अनुच्छेद-25 प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म को मानने, उसके अनुसार आचरण करने और प्रचार करने का समान अधिकार देता है। यह अधिकार सभी धर्मों और समुदायों पर समान रूप से लागू होता है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने रमजान के दौरान एक स्थल पर नमाजियों की संख्या सीमित करने के जिला प्रशासन के फैसले को चुनौती देने वाली सम्भल निवासी मुनाजिर खान की याचिका पर की।

# ईरान का पलटWAR: इजरायल सहित खाड़ी देशों में कई रिफाइनरी को उड़ाया

## इजरायल के हाइफा शहर में बिजली गुल, सऊदी अरब, कतर व कुवैत पर हमला

**तेहरान।** ईरान ने गुरुवार को खाड़ी देशों के ऊर्जा ठिकानों पर अपने हमले तेज कर दिए, इसके तुरंत बाद इजरायल के हाइफा शहर में स्थित बिजली, तेल व गैस स्टेशनों पर मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए, जिसके बाद हाइफा समेत क्रियोटा शहर की बिजली गुल हो गई। ईरान के इन हमलों को इजरायल द्वारा ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड रिफाइनरी पर किए गए हमले का बदला बताया गया है। ईरान ने लाल सागर में सऊदी अरब की एक रिफाइनरी पर हमला किया और कतर की एलएनजी सुविधाओं तथा कुवैत की दो तेल रिफाइनरियों को निशाना बनाया।

इससे पश्चिम एशिया में जारी युद्ध गंभीर स्थिति में पहुंच गया है और दुनियाभर में ईंधन की कीमतें तेजी से वृद्धि हुई है। अंतर्राष्ट्रीय मानक माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतों में 114 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। 28 फरवरी को इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर हमले शुरू किए थे, इसके बाद से इसमें 57 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। ऊर्जा संकट की आशंका के कारण बाजारों में चिंता बढ़ गई है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के तट के पास एक जहाज में आग लग गई और कतर के पास एक अन्य जहाज को नुकसान पहुंचा। इससे होर्मुज स्ट्रेट पर मंडराते खतरे की ओर ध्यान गया, जहां से दुनिया के तेल का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है और जिस पर ईरान का प्रभाव है। सऊदी अरब पहले ही इस जलमार्ग से बचने के लिए तेल को पश्चिम की ओर लाल सागर के रास्ते भेज रहा था, लेकिन यनबू शहर में स्थित उसकी सैमरेफ रिफाइनरी पर ईरानी ड्रोन हमले के बाद इस रास्ते की सुरक्षा पर भी सवाल -शेष पृष्ठ दो पर



- जंग में अब तक 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत
- इजरायल में सुरक्षित ठिकानों पर गए लाखों लोग

## मोदी ने 24 घंटे में पांच देशों से की बात

- पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पीएम ने फ्रांस व मलेशिया के प्रमुखों से की चर्चा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने वैश्विक कूटनीतिक पहल तेज कर दी है। इसके तहत उन्होंने फ्रांस, मलेशिया और ओमान के शीर्ष नेताओं से बातचीत की। इन चर्चाओं में क्षेत्रीय संकट, शांति बहाली और संवाद के जरिये तनाव कम करने पर जोर दिया गया।

वहीं, इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल- मुबारक अल-सबाह को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दी थी। साथ ही कुवैत में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई के लिए लगातार समर्थन के लिए धन्यवाद भी किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से बातचीत में पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता व्यक्त की और तनाव कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत -शेष पृष्ठ दो पर

## अमेरिकी विदेश-रक्षा मंत्री के घर के ऊपर दिखे संदिग्ध ड्रोन

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन में अमेरिकी सेना के एक अहम बेस के ऊपर संदिग्ध ड्रोन देखे गए हैं। वाशिंगटन पोस्ट के मुताबिक विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ सैन्य बेस फोर्ट लेसली मैकनेयर के अंदर रह रहे हैं। इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने बताया कि इन ड्रोन की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और यह भी साफ नहीं है कि वे कहां से आए थे। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के कारण सुरक्षा अलर्ट पहले से बढ़ा हुआ है। इसी वजह से सेना संभावित खतरों पर कड़ी नजर रख रही है। पिछले 10 दिनों में एक रात के दौरान फोर्ट लेसली मैकनेयर के ऊपर कई ड्रोन देखे गए, जिसके बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और व्हाइट हाउस में इस मुद्दे पर इमरजेंसी बैठक भी हुई। इसी बीच अमेरिका ने दुनियाभर में अपने दूतावासों के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की है और देश के अंदर कई सैन्य ठिकानों पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। न्यू जर्सी के जाइंट बेस मैकग्वायर-डिक्स-लेकहर्स्ट और फ्लोरिडा के मैकडिल एयर फोर्स बेस पर सुरक्षा स्तर बढ़ाकर 'चार्ली' कर दिया गया है।

## उप्र में जुलाई 2026 के पहले हो जाएंगे पंचायत चुनाव

**लखनऊ -ब्यूरो।** उप्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चल रही अनिश्चितता पर सरकार ने विराम लगा दिया है। पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने स्पष्ट किया कि ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के चुनाव जुलाई 2026 तक हर हाल में करा लिए जाएंगे। हाईकोर्ट के आदेश का पालन होगा और प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अड़चन नहीं आने दी जाएगी। राजभर ने बताया कि ग्राम प्रधान, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य और जिला पंचायत अधयक्षों के कार्यकाल भले अलग- अलग समय पर समाप्त हो रहे हों, लेकिन किसी का भी कार्यकाल जुलाई से आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।




# 'सांप के जहर' मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ी राहत

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की यूपी पुलिस की FIR

शाह टाइम्स ब्यूरो



- एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धारा का उल्लेख किया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ी राहत देते हुए 2023 के चर्चित स्नेक वेनम मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है।

दरअसल, नवम्बर 2023 में उत्तर प्रदेश के नोएडा में कथित रेव पार्टी में सांप के जहर के इस्तेमाल के आरोपों के बाद एल्विश यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। बाद में 17 मार्च 2024 को उन्हें गिरफ्तार भी किया गया। आरोप था कि पार्टियों में सांपों और उनके जहर का इस्तेमाल मनोरंजन और नशे के लिए किया जा रहा था, जो वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत गंभीर अपराध है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धारा 2(23) के तहत जिस कथित साइकोट्रॉपिक पदार्थ की बात कही गई, वह कानून की निर्धारित सूची (एस शेड्यूल) में शामिल ही नहीं है। साथ ही, कोर्ट ने यह भी नोट किया कि एल्विश यादव के पास से कोई बरामदगी नहीं हुई थी और चार्जशीट में केवल यह आरोप था कि उन्होंने एक सहयोगी के जरिये ऑर्डर दिया था। इन तथ्यों को देखते हुए अदालत ने माना कि एनडीपीएस एक्ट का इस्तेमाल इस मामले में कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है।

दूसरे अहम पहलू पर, कोर्ट ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 55 का हवाला देते हुए कहा कि इस कानून के तहत अभियोजन केवल अधिकृत अधिकारी की शिकायत के आधार पर ही शुरू किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि मौजूदा एफआईआर इस प्रक्रिया का पालन नहीं करती, इसलिए यह विधिसम्मत नहीं मानी जा सकती। साथ ही, अदालत ने यह भी दर्ज किया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत लगाए गए आरोप स्वतंत्र रूप से स्थापित नहीं होते, क्योंकि वे एक पहले की शिकायत का हिस्सा थे, जिसे पहले ही बंद किया जा चुका है। इन सभी कानूनी आधारों पर सुप्रीम कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि एफआईआर न्यायिक जांच की कसौटी पर खरी नहीं उतरती और इसे रद्द किया जाना चाहिए।



## संक्षिप्त समाचार

### उप्र में अवैध बिजली उपभोग पर सर्च अभियान चलाया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निगेटिव बैलेंस के कारण लगभग 5.25 लाख स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन स्वत: कट गए हैं। इनमें से करीब 2.1 लाख उपभोक्ताओं ने अब तक रिचार्ज नहीं कराया है। ऐसे में अवैध रूप से बिजली उपभोग की आशंका को देखते हुए यूपी पावर कारपा. रेशन लिमिटेड ने सभी विद्युत वितरण निगमों को सघन जांच के निर्देश दिए हैं। इस दिशा में एक दिन पूर्व सायं 5 बजे तक मध्यांचल, पूर्वांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल एवं केस्को-कानपुर क्षेत्रों में कुल 1211 परिसरों की जांच की गई। जांच में 18 स्थानों पर बिजली चोरी पाई गई, जिनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। कारपा. रेशन के प्रवक्ता केके सिंह के अनुसार निगेटिव बैलेंस के बाद बिना रिचार्ज बिजली का उपयोग करना दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में विद्युत अधिनियम की धारा 135 एवं 138-बी के तहत कार्रवाई का प्रावधान है।

### यूपी में नवरात्र के पहले दिन उमड़ा आस्था का सैलाब

**लखनऊ।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन उत्तर प्रदेश के प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। सुबह नौ बजे तक ही मां विध्यवासिनी मंदिर में चार लाख से अधिक भक्त दर्शन कर चुके हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल है। इस बीच सरकार की तरफ से मंदिरों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। देवीपाटन मंदिर में भी सुबह से अब तक लगभग 1 लाख श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए हैं। इसी तरह शाकुम्भरी देवी मंदिर में 50 हजार से अधिक भक्त पहुंच चुके हैं। नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

# स्वदेशी ड्रोन निर्माण में बनना होगा आत्मनिर्भर

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ बढ़ती चुनौतियों के बीच बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

वैश्विक स्तर चुनौतियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। पहले रूस और यूक्रेन के बीच जंग, अब ईरान तथा इजराइल के बीच जारी युद्ध को देखते हुए ड्रोन की अहमियत काफी बढ़ गई है। अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी दोनों जगहों पर जारी संघर्ष के दौरान ड्रोन की जरूरत को लेकर कहा कि भारत को ड्रोन निर्माण के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना चाहिए। अगले कुछ सालों में हमें ड्रोन निर्माण के मामले में वैश्विक केंद्र बनना होगा।

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन 2026 को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ ने गुरुवार को कहा कि इन दोनों क्षेत्रों में जारी संघर्षों ने ड्रोन और काउंटर-ड्रोन तकनीकों के महत्व को साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे पूरी दुनिया रूस और यूक्रेन के साथ-साथ ईरान तथा इजरायल के बीच चल रहे भीषण संघर्ष को देख रही है, हम भविष्य के युद्धों में ड्रोन और काउंटर-ड्रोन तकनीकों की बेहद अहम भूमिका को स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। ड्रोन निर्माण की अहमियत को लेकर रक्षा मंत्री ने कहा कि रणनी. तिक स्वायत्तता, रक्षा तत्परता और आत्मनिर्भरता के लिए स्वदेशी ड्रोन के उत्पादन के लिए एक इकोसिस्टम जरूरी है। आज भारत में एक ऐसा ड्रोन निर्माण इकोसिस्टम बनाने की जरूरत है, जिसमें हम पूरी तरह से आत्मनिर्भर हों।

रक्षा से जुड़े इस सम्मेलन में देश की प्रमुख रक्षा निर्माण कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ-साथ रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज के दौर में भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीतिक स्वायत्तता के लिए यह जरूरी है कि भारत ड्रोन निर्माण के मामले में पूरी तरह से आत्मनिर्भर बने। उन्होंने ड्रोन निर्माण के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स और अन्य नई तथा अहम तकनीकों के तेजी से बढ़ते महत्व पर भी बात की।


### सब कुछ भारत में ही तैयार होना चाहिए

राजनाथ ने कहा कि आज के दौर में ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसे इनोवेशन पूरी दुनिया में विनिर्माण क्षेत्र को ही बदल रहे हैं। इनके साथ-साथ सिमुलेशन तकनीक भी नए अवसर खोल रही है। रक्षा मंत्री ने उद्योग जगत से जुड़ी दिग्गज कंपनियों से अपने उत्पादों की गुणवत्ता को तेजी सुधारने पर ध्यान देने का भी आह्वान किया। रक्षा उत्पाद से जुड़े उत्पादों की आत्मनिर्भरता को लेकर राजनाथ सिंह ने कहा कि यह आत्मनिर्भरता न केवल उत्पाद स्तर पर, बल्कि उसके पुर्जों के स्तर पर भी जरूरी है। यानी ड्रोन के सांचे से लेकर उसके सॉफ्टवेयर, इंजन और बैटरी तक, सब कुछ भारत में ही तैयार होना चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि यह काम आसान नहीं है, क्योंकि ज्यादातर देशों में जहां ड्रोन बनाए जाते हैं, वहां कई अहम पुर्जे किसी एक खास देश से आयात किए जाते हैं।

### ग्रेट निकोबार द्वीप के आदिवासी प्रमुखों ने राहुल से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** ग्रेट निकोबार द्वीप के आदिवासी प्रमुखों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. विक्रांत भूरिया के साथ ग्रेट निक. ोबार द्वीप के आदिवासी प्रमुखों ने गांधी से मुलाकात की। आदिवासी प्रमुखों ने प्रस्तावित ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट का कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि यह उनके जीवन-यापन के तरीके और द्वीप के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने यह भी बताया कि परियोजना की मंजूरी के दौरान उनकी सहमति भी उचित तरीके से नहीं ली गई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी रहेगी और उनके अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए उनकी चिंताओं को उठाएगी।

# दिल्ली में बनाए जा रहे दंगे जैसे हालात: राहुल




**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर नफरत फैलाकर दिल्ली में फिर से दंगे जैसे हालात बनाने का आरोप लगाया है और लोगों से अपील की है कि वे किसी बहक. ावे में न आएं।

गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा चाहती है कि देश हिन्दू-मुसलमान में उलझा रहे ताकि लोग विभिन्न मुद्दों पर सवाल न पूछ सकें। उन्होंने होली के मौके पर राजधानी के उत्तम नगर की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तम नगर के लोगों ने हिंसा की भारी कीमत चुकाई है। एक तरफ एक जवान लड़के, तरुण, की जान चली गई, दूसरी तरफ एक पूरा परिवार उत्पीड़न का सामना कर रहा है। उन्हें और खून-खराबा नहीं चाहिए। गांधी ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी और उसका इकोसिस्टम नफरत के माहौल को बढ़ावा देकर हिंसा से राजनीतिक फायदा उठाना चाहता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वे चाहते हैं कि देश हिदू-मुसलमान में उलझा रहे, ताकि लोग ये न पूछ सकें कि आखिर प्रधानमंत्री देश की रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और सामरिक संप्रभुता को अमेरिका के हवाले करने पर क्यों मजबूर है। इसीलिए दिनदहाड़े देश की राजधानी में फिर से दंगों जैसे हालात खड़े किए जा रहे हैं। उन्होंने दिल्लीवासियों से अपील की है कि वे किसी भी बहकावे में न आएं और एकता, भाईचारे व मोहब्बत बनाए रखें।

# यूएस से अभी कोई करार फाइनल नहीं हुआ: जयंत चौधरी

**नई दिल्ली।**



■ अमेरिका से डील पर केंद्रीय मंत्री चौधरी का बड़ा बयान


केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि आज दुनिया की बड़ी ताकतें भारत के साथ करार करना चाहती है, इससे हमारे किसानों और मजदूरों के लिए संभावनाएं पैदा होंगी, लेकिन अमेरिका से अभी कोई करार फाइनल नहीं हुआ है।

अमेरिका से डील पर राष्ट्रीय लोक दल के मुखिया और केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनका इतना ही बयान आया था कि जब व्यापार में विस्तार होगा, तो वैल्यू चेन में किसानों की गिनती बढ़ेगी, उनकी भागीदारी बढ़ेगी। दुनिया में ऐसी कोई फसल नहीं है, जिसका भारत मुकाबला नहीं कर सकता, आज भी निर्यात होता है। बागतप के रटौल आम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि क्या वो अमेरिका और यूरोप के बाजार में जा सकता है। जब शून्य प्रतिशत के शुल्क पर यहां के रटौल आम के लिए यूरोप ने दरवाजे खोल दिए, तो कहा जा सकता है कि भारत एक वैश्विक ताकत है। व्यापार के क्षेत्र में बड़ी ताकतें भारत के साथ करार करना चाहती हैं। इससे बेहतर संभावनाएं हमारे मजदूर, काश्तकार, एमएसएमई और किसान सबके लिए बन रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बागपत को री-डिफाइन किया जा रहा है। बागपत की कनेक्टिविटी बदल रही है। दिल्ली के नजदीक किसानों की धरती अब उद्यमों और स्टार्टअप की दुनिया बनने वाली है।

## सनातन परंपरा के विरोधियों से दूरी बना रही युवा पीढ़ी: योगी

# आस्था को अंधविश्वास बता रहा विपक्ष

**अयोध्या, वार्ता**



■ सीएम ने नवसंवत्सर की शुभकामनाएं दी अयोध्या धाम की आध्यामिक महत्ता का उल्लेख किया

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब लोग नए वर्ष पर परिवार के साथ मंदिरों में दर्शन-पूजन को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी उन स्थानों से दूरी बना रही है, जहां सनातन परंपरा के विरोध की गतिविधियां होती हैं।

दरअसल चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन गुरुवार को द्रौपदी मुर्मु ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 'श्रीराम यंत्र' की विधिवत प्रतिष्ठापना की। इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, संत-महात्मा और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को भारतीय नवसंवत्सर की शुभकामनाएं दीं और अयोध्या धाम की आध्यात्मिक महत्ता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरयू का पावन जल इस नगरी को निरंतर पवित्र करता है और यहां आयोजित धार्मिक अनुष्ठान रामराज्य की अनुभूति कराते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और अशांति का माहौल है, वहीं अयोध्या में इस प्रकार के आयोजन भारत की सांस्कृतिक शक्ति और आध्यात्मिक विरासत को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि ष्हम ऐसे समय में श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना के साक्षी बन रहे हैं, जब विश्व अशांत है, और यह हमारे लिए रामराज्य की अनुभूति का क्षण है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आस्था को अंधविश्वास बताकर उसका अपमान किया गया, जबकि स्वयं सत्ता में रहने वाले लोग नोएडा जाने जैसे मिथकों का पालन करते रहे। उन्होंने कहा कि सदियों के संघर्ष के बाद श्रीराम जन्मभूमि का भव्य स्वरूप सामने आया है, जो देश की आस्था का प्रतीक है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आज 'राष्ट्र मंदिर' का स्वरूप ले चुका है और यह रामराज्य की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों-अयोध्या, काशी, प्रयागराज और मथुरा-वृंदावन में कुल 156 करोड़ श्रद्धालु-पर्यटक पहुंचे, जो राज्य की बढ़ती आध्यात्मिक पहचान को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राम मंदिर आंदोलन से जुड़े संतों, रामभक्तों और कारीगरों का अभिनंदन किया तथा दिवंगत अशोक सिघल सहित सभी योगदानकर्ताओं को नमन किया।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में की श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना

**अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर गुरुवार को रामजन्मभूमि में श्रीराम यंत्र की विधिवत प्रतिष्ठापना की। नव संवत्सर के अवसर पर राष्ट्रपति ने रामलला के चरणों में शीश झुकाकर आरती उतारी और देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राष्ट्रपति के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। तीनों गणमान्य हस्तियों ने मंदिर परिसर में विभिन्न देवी-देवताओं के समक्ष भी श्रद्धापूर्वक शीष नवाया।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



संसेक्स 74207.24
निफ्टी 23002.15



सोना 152000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 237000
प्रति किलो



# फेड के ब्याज दर स्थिर रखने से शेयर बाजारों में भारी गिरावट

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी फेडरल रिजर्व के रेपो दरों को स्थिर रखने के फैसले से निराश निवेशकों की बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को भारी गिरावट देखी गई। बीएसई का संसेक्स 2,496.89 अंक (3.26 प्रतिशत) लुढ़ककर 74,207.24 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी. 50 सूचकांक भी 775.65 अंक टूटकर 23,002.15 अंक पर आ गया। यह दोनों का 11 महीने से ज्यादा का निचला स्तर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने बुधवार को समाप्त दो दिवसीय बैठक में नीतिगत दरों को 3.5 प्रतिशत से 3.75 प्रतिशत के बीच स्थिर रखने का फैसला किया। इससे अमेरिका के साथ एशिया और यूरोप के शेयर बाजारों में भी बड़ी गिरावट आई। संसेक्स की शुरुआत ही 1,953 अंक की गिरावट में 74,751 अंक पर हुई। हालांकि खुलने के तुरंत बाद यह 75,354 अंक तक चढ़ गया, लेकिन धीरे-धीरे इसका ग्राफ नीचे उतरता गया। इसका निचला स्तर 73,951 अंक रहा। निफ्टी का ग्राफ भी इसी तरह का रहा। बाजार में बिकवाली इस कदर सर्वव्यापी रही कि सभी सूचकांक और सभी सेक्टर लाल निशान में बंद हुए। मझौली कंपनियों का मिडकैप-50 सूचकांक 3. 29 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 2.94 प्रतिशत गिर गया। ऑटो सेक्टर का सूचकांक चार प्रतिशत से ज्यादा लुढ़क गया। एनएसई में वित्त, बैंकिंग, आईटी, धातु और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में तीन फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही। सबसे कम 1.98 प्रतिशत की गिरावट तेल एवं गैस सेक्टर के सूचकांक में देखी गई। संसेक्स की सभी कंपनियां लाल निशान में बंद हुईं। इटरनल का शेयर साढ़े पांच प्रतिशत से ज्यादा टूट गया। बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी पांच प्रतिशत से अधिक गिर गए। एलएंडटी, इंडिगो, बजाज फिनसर्व और ट्रेंट में चार प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही।

### सोना और चांदी की कीमत फिर गिरी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए)के मुताबिक एक किलो चांदी की कीमत 13 हजार रुपए घटकर 2.37 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2.50 लाख रुपए किलो थी। वहीं10 ग्राम 24 कैरेट सोना 4 हजार रुपए गिरकर 1.52 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 18 मार्च को सोना 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम था। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 5 कारोबारी दिन में 9 हजार और चांदी 31 हजार सस्ती हुई है। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। चांदी में सोने के मुकाबले कहीं ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑल टाइम हाई से बहुत तेजी से नीचे आई है। आमतौर पर जंग के माहौल में सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है। मिडिल ईस्ट जंग के कारण निवेशक जोखिम नहीं लेना चाह रहे हैं। वे अपने गोल्ड और सिल्वर को बेचकर कैश इकट्ठा कर रहे हैं ताकि अनिश्चितता के समय उनके पास लिक्विड मनी रहे।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी मजबूत दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल की औसत कीमत घट गई। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी में मजबूती देखी गई जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 51 रुपये टूटकर 3,788 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं 26 रुपये सस्ता हुआ और 2,781 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे की कीमत भी आठ रुपये घट गई। दाल-दलहनों में उतार.चढ़ाव देखा गया। तुअर दाल की औसत कीमत 43 रुपये और उड़द दाल की 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल 14 रुपये और मसूर दाल 13 रुपये सस्ती हुई। चना दाल की कीमत दो रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 84 रिंगिट चढ़कर 4,612 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 65.67 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 258 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 122 रुपये और सूरजमुखी तेल 125 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल भी 83 रुपये चढ़ गया। वहीं, सरसों तेल 39 रुपये और सोया तेल 34 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव छह रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। वहीं चीनी 17 रुपये महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईरान का...**

उठ गए हैं। कतर ने बताया कि उसकी एक बड़ी एलएनजी सुविधा में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। इससे पहले के हमलों के कारण उत्पादन पहले ही बंद था, लेकिन नए हमलों से वहां और ज्यादा नुकसान हुआ है। इससे युद्ध खत्म होने के बाद भी कतर की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। कतर दुनिया के लिए प्राकृतिक गैस का एक बड़ा स्रोत है। कुवैत की मीना अल-अहमदी रिफाइनरी पर ड्रोन हमले से आग लग गई। हालांकि, किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यह पश्चिम एशिया की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक है। इसके कुछ ही समय बाद पास की मीना अब्दुल्ला रिफाइनरी में भी आग लग गई। अबू धाबी के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें हबशन गैस सुविधा और बाब फील्ड में काम बंद करना पड़ा। उन्होंने इसे ईरान के हमलों को खतरनाक बढ़ोतरी बताया। खाड़ी क्षेत्र के कई इलाकों में मिसाइल हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बजे और इजरायल ने भी कई बार ईरानी हमलों की चेतावनी दी। कतर, सऊदी अरब और यूएई ने इन हमलों की निंदा की है। सऊदी अरब के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि इन हमलों से भरोसा पूरी तरह खत्म हो गया है। इसके बावजूद ईरान ने अपने हमले जारी रखे। सऊदी अरब ने रियाद और पूर्वी प्रांत में छह ड्रोन मार गिराए। लेकिन सैमरेफ रिफाइनरी को नुकसान पहुंचा। यह रिफाइनरी सऊदी अरामको और एक्सानमोबिल की साझेदारी है। इजरायल में भी ईरान के कई हमलों के कारण लाखों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। ईरान ने ये हमले तब किए, जब इजरायल ने दक्षिण पार्स गैस क्षेत्र पर हमला किया था, जो दुनिया का सबसे बड़ा गैस क्षेत्र है और कतर के साथ साझा किया जाता है। यह हमला ईरान की बिजली आपूर्ति के लिए भी खतरा माना जा रहा है, क्योंकि देश की ज्यादातर बिजली प्राकृतिक गैस से बनती है। इस बीच, कतर की रास लाफन एलएनजी सुविधा पर मिसाइल हमले से आग लग गई। कतर के तट के पास एक जहाज भी प्रभावित हुआ। हालांकि, यह साफ नहीं है कि उसे सीधे निशाना बनाया गया या मलबे से नुकसान हुआ। युद्ध के दौरान अब तक 20 से ज्यादा जहाजों पर हमले हो चुके हैं, क्योंकि ईरान इस अहम जलमार्ग पर सख्त नियंत्रण बनाए हुए है। ईरान का कहना है कि यह मार्ग खुला है, लेकिन अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए नहीं।

**मोदी ने...**

पर बल दिया। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए संवाद और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है। साथ ही, उन्होंने भविष्य में भी करीबी समन्वय जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से भी फोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने हरि राया ऐदिलफित्री के अवसर पर मलेशिया की जनता को अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की चिंताजनक स्थिति पर चर्चा करते हुए तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाली के लिए साझा प्रतिबद्धता जताई। ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें भाई कहकर संबोधित करते हुए ओमान की जनता को ईद की अग्रिम बधाई दी। इस वार्ता में भी दोनों नेताओं ने संवाद और कूटनीति के जरिये तनाव कम करने और शांति बहाल करने की आवश्यकता पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने ओमान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन की कड़ी निंदा दोहराई और संकट के दौरान हजारों लोगों, जिनमें भारतीय नागरिक भी शामिल हैं, की सुरक्षित वापसी में ओमान की भूमिका की सराहना की। इसके साथ ही दोनों देशों ने होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवागमन के महत्व को भी रेखांकित किया।

इन वार्ताओं के जरिये भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि वह पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और कूटनीतिक समाधान का प्रबल समर्थक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर जार्डन के राजा किंग अब्दुल्ला-2 को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर चिंता जताई और इस क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता की जल्द बहाली के लिए बातचीत और कूटनीति की जरूरत पर जोर दिया। पश्चिम एशिया में ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले निंदनीय हैं और इनसे बेवजह तनाव बढ़ सकता है। भारत और जॉर्डन सामान और ऊर्जा के बिना किसी रुकावट के आवागमन का समर्थन करते हैं। इस क्षेत्र में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी में मदद करने के लिए जॉर्डन के प्रयासों की हम तहे दिल से सराहना करते हैं। बुधवार को पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बात की थी। पीएम मोदी ने चर्चा की जानकरी देते हुए एक्स पर लिखा था कि हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हाल के घटनाक्रमों पर अपनी चिंता व्यक्त की। कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की हम पहले भी निंदा कर चुके हैं और हमने फिर वही किया। पीएम मोदी ने पोस्ट में आगे लिखा कि हार्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव अत्यंत आवश्यक है। कुवैत में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई के लिए लगातार समर्थन देने के लिए मैंने उनका आभार व्यक्त किया।

# सोशल मीडिया क्रिएटर्स से मिले अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



पॉजिटिव कंटेंट पर दिया जोर

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया कंटेंट को सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ते हुए इन्फ्लुएंसर्स से सकारात्मक संदेश देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किया जाने वाला हर पोस्ट केवल व्यक्तिगत अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक जिम्मेदारी भी है।

गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने इन्फ्लुएंसर्स को उनके कंटेंट को लेकर सुझाव भी दिए। बैठक के बाद सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने कहा कि एक इन्फ्लुएंसर के रूप में यह दायित्व बनता है कि वह समाज को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करे। सकारात्मक सोच और संदेश न केवल समाज को बेहतर बनाते हैं, बल्कि इससे जुड़ने वाली ऑडियंस भी अधिक भरोसेमंद और स्थाई होती है। उन्होंने कहा कि नकारात्मक कंटेंट से लोग जल्दी ऊब जाते हैं, क्योंकि कोई भी लंबे समय तक नकारात्मक माहौल में रहना पसंद नहीं करता। अखिलेश यादव ने कहा कि जल्द ही लखनऊ स्थित मुख्यालय में सभी सकारात्मक सोच रखने वाले सोशल मीडिया क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर्स से मुलाकात करेंगे। इसके लिए पूर्व सूचना दी जाएगी, ताकि सभी लोग अपनी सुविधा के अनुसार शामिल हो सकें।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



30वां रोज़ा इफ्तार

20 मार्च बुधवार

सुन्नी...................... 06:33

शिया...................... 06:57



हाजी ज़ियाउर्रहमान

वरिष्ठ नेता लोकदल


# गौशाला के नाम पर साधू को ठगने में सात गिरफ्तार

## 28 लाख में 22 लाख रुपये बरामद, सिकरी में जमीन दिखाने के बाद आरोपियों ने साधू से की थी ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अपराधियों का कोई धर्म नहीं होता बस उसको तो अपराध करने से मतलब है, चाहे मामला ठगी का हो या फिर लूट खसौट का हो अपराधी की दुनिया तो या धर्म तो अपराध ही होता है। ऐसा ही मामला भोपा थाना क्षेत्र में देखने को मिला जहां सात लोगो ने एक ग्रुप बनाकर साधू से करीब 28 लाख रूपये की ठगी कर ली है। ऐसा आरोप पुलिस का है। ठगों ने साधू को शुकतीर्थ में आश्रम के लिए जमीन दिलाने के नाम पर रूपये ऐंठे है। जहां यह भी बात हकीकत हो गई कि कानून के हाथ बड़े ही लम्बे होते है जहां अपराधी कितना भी शातिर क्यो ना हो पुलिस उसे खोज ही लेती है यहां भी भोपा पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर 22 लाख रूपये की नगदी बरामद करने का दावा किया। आरोपियों ने स्वयं को एक फर्जी जमीन का मालिक बताकर साधू को अपने जाल में फंसाया थाजहां एसएसपी से हुई शिकायत के बाद मामले का खुलासा हुआ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजयक ुमार वर्मा ने एसपी देहात आदित्य बंसल के साथ मिलकर पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि तीर्थ नगरी शुक्रताल स्थित निर्मोही अखाडा आश्रम के साधू विष्णूदास महाराज ने दो दिन पूर्व पुलिस अधिकारियों को मिलकर बताया था कि उन्होने गौशाला बनाने के लिए हाथरस में स्थित अपनी पुस्तौनी जमीन बेची थी। और कुछ लोगों ने उन्हे बताया कि सिकरी के जंगल में गौशाला के लिए 40 बीघा जमीन बिकाऊ है और इसकी एवज पर 28 लाख 50 हजार रूपये साधू से लिए थे। एक अपराधि ने अपने आप को इस क्षेत्र का लेखपाल बताया। इसकी जांच सीओ भोपा द्वारा कराई गई थी जहां सारे आरोपों की पुष्टि हुई। एसएसपी ने बताया कि भोपा पुलिस ने फर्जीवाडे में शामिल हासिम निवासी भोकरहेडी, प्रवीन, दिलशाद, सुखविन्द्र निवासी गादला, फैज निवासी भोकरहेडी, रविश कुमार और अब्दुल कादिर निवासी जमालपुर भगवानपुर को गिरफ्तार किया गया। और उनके पास से 22 लाख की नगदी बरामद की गई, जबकि बाकि की रकम लोगों ने खर्च कर ली। एसएसपी व एसपी देहात ने जानकारी दी कि पुलिस टीम को इस सराहनीय कार्य के लिए 25 हजार की नगदी दी जाएगी। पुलिस ने बताया कि साधू विष्णूदास को ठगने का पूरा खेल हासिम ने रचा और पकडे गए रविश जो अपने आप को लेखपाल बता रहा था उसने कक्षा आठ पास की थी। हासिम कई वर्षो से साधू विष्णूदास के साथ रहता था और साधू के बाहर जाने के बाद हासिम गायों की देखभाल करता है, लेकिन उसके मन में लालच आया और उसने अपने साथियों के साथ मिलकर ठगी का खेल खेला। आरोपियों के पास से फर्जी आधार कार्ड भी मिला है।

# ईदगाह और मस्जिदों के लिए नमाज का समय तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर क़ाज़ी तनवीर आलम व सदर व ईदगाह कमैटी ने ईदुल फितर पर ईदगाह और शहर की मस्जिदों में अदा होने वाली नमाज़ का समय तय करते हुए बताया कि ईदगाह सुबह- 8:00 बजे, मस्जिद फ़ख़रशाह - 8:15 बजे, मस्जिद हौज़ वाली, खालापार - 8:15 बजे, मस्जिद लियाकतपुरा, चौड़ी गली, लद्दावाला - 8:15 बजे, मस्जिद हौज़ वाली, बकरा मार्किट - 8:15 बजे, मस्जिद नूरा वाली, बघरा तांगा स्टैंड - 8:15 बजे, मस्जिद तकिया कौरेशाह, हनुमान चौक - 8:30 बजे, मस्जिद नुमाइश कैम्प, विकास भवन के सामने - 8:30 बजे,मस्जिद दाऊदिया, मल्हूपुरा - 8:30 बजे, मस्जिद कानूनगो बाग वाली, मक्की नगर - 8:30 बजे, मस्जिद मुहम्मदी, पुजाए वाली, रहमत नगर - 8:45 बजे, मस्जिद मुजीबा, गहरा बाग के सामने, खालापार - 9:15 बजे अदा की जाएगी।

# एडीएम व एसपी ने किया फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नवरात्रे और अलविदा जुमा तथा ईद के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत और अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी के साथ फ्लैग मार्च किया इसके बाद उक्त अधिकारीगण ईदगाह पहुंचे। और यहां का निरीक्षण कर धर्मगुरूओं और नागरिकों से त्यौहार के मद्देनजर बात चीत की।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह और एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत तथा पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी ने गुरूवार को फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उन्होने आम लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का भरौसा दिलाया और समस्याएं पूछी। उन्होने कहा कि कोई भी समस्या और या कोई संदिग्ध व्यक्ति हो इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को दे। अधिकारियों ने नागरिकों से आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रमक खबर प्रसारित न करे और अफवाहो पर ध्यान न दे।

फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने शामली स्टैण्ड स्थित ईदगाह का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने यहा की व्यवस्था का जायजा लिया और इस दौरान मौजूद अधिनस्थों को आवश्यक दिशा-निद्रेश दिए। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने यहां मौजूद धर्मगुरूओं से बात. चीत की और आपसी सौहार्द भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस का कहना है कि जनपद को सुरक्षा की दृष्टि से नौ जोन और इक्कीस सेक्टर में बांटा गया है।

प्रत्येक सेक्टर मे प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया है उन्होने कहा कि नगर और जनपद में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल और पीएसी है जो संवदेनशील और भीड वाले क्षेत्रों में तैनात की गई है। इस दौरान सीओ सिटी सिद्धार्थ के. मिश्रा और नगर कोतवाल बबलू कुमार तथा खालापार प्रभारी निरीक्षक महावीर चौहान भी मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: त्यौहारों पर बाजार में खरीदारी करने आई महिलाएं व पुरूष।









# जिले के प्रभारी मंत्री ने गिनाई योगीराज की उपलब्धियां

## नवनिर्माण के नौ वर्ष समारोह का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश में बीते नौ वर्षों के दौरान विकास, आधारभूत ढांचे के विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से एक नई प्रगति की दिशा तय की गई है। पत्रकारों को राज्य सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से गिनाते हुए जिले के प्रभारी एवं ऊर्जा तथा वैकल्पिक ऊर्जा विभाग के राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि प्रदेश में बीते नौ वर्षों में बुनियादी ढांचे, ऊर्जा उत्पादन, सड़क निर्माण, निवेश आकर्षण और रोजगार सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने यूपी नवनिर्माण के नौ वर्ष विषय पर बोलते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार, औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन और किसानों के हित में लागू की गई योजनाओं ने राज्य को विकास के नए मुकाम पर पहुंचाया है। मंत्री ने यह भी बताया कि राज्य सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश देश के अग्रणी निवेश केंद्रों में शामिल हुआ है। जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिला. धिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा और अपर जिलाधिकारी (वित्त) गजेंद्र सिंह की भी मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रभाव और उनके जमीनी क्रियान्वयन पर भी प्रकाश डाला। साथ ही यह क्विास जताया गया कि आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश विकास और सुशासन के नए मानक स्थापित करता रहेगा।

# दलित युवक को किया अपमानित करने का वीडियो वायरल

**मारपीट का भी आरोप, मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जात बिरादरी व धर्म की आड़ लेकर कुछ लोग दूसरों पर टिप्पणी करने या दबंगता दिखाने में अपने आप को एक शक्तिशाली समझते है या यू कहा जाए कि जात बिरादरी पर टिप्पणी करने से पिछे नहीं हट रहे, हालांकि हमारा भारत चारो ओर तरक्की कर रहा है, लेकिन कुछ लोग धर्मजाति में बटकर एक दूसरे को नीचा दिखाने से बाज नहीं आ रहे। एक ऐसा ही मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला रामपुरी में देखने को मिला जहां एक युवक ने दबंगता दिखाते हुए दूसरे युवक को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया। मामला उस वक्त तूल पकडा जब एक दुकान पर दलित परिवार का युवक परचून का सामान ले रहा था इसी वक्त एक दबंग युवक यहां पहुंचा और अपनी जाति का रोप दिखाते हुए उस युवक के साथ मारपीट कर दी। यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी।


आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है

माहे रमजान की दिली मुबारकबाद

डॉ० रिजवान अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ० मौहसिन अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0डी0)

डॉ० मौ० शुऐब
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)

डॉ० जैनब इनाम
एम0बी0बी0एस0 (डी0जी0ओ0)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)

दिवान हॉस्पिटल
सुजड़ू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001
0131-2634069-9837 3357 11






# खाली प्लॉट के कमरे में मिला लापता व्यक्ति का शव

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे के देवीदास मोहल्ला निवासी 50 वर्षीय अश्वनी पंडित का शव गुरुवार को तीर्थ कॉलोनी स्थित एक खाली प्लॉट के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्रमें सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अश्वनी पंडित पुत्र दूजेंद्र मंगलवार को घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। देर शाम तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। अगले दिन भी कोई जानकारी न मिलने पर रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क किया गया, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। गुरुवार को परिजन दोबारा तलाश करते हुए तीर्थ कॉलोनी पहुंचे, जहां एक खाली प्लॉट के बाहर अश्वनी



की बाइक खड़ी मिली। इससे अनहोनी की आशंका बढ़ गई। जब परिजन प्लॉट के अंदर बने कमरे में पहुंचे तो वहां अश्वनी का शव पड़ा मिला। यह दृश्य देखकर परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके को घेरकर जांच शुरू की और फॉरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और आसपास के क्षेत्राका बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिजनों के अनुसार अश्वनी पंडित का किसी से कोई विवाद नहीं था और वह अक्सर अपनी बहन के तीर्थ कॉलोनी स्थित प्लॉट पर जाया करते थे। ऐसे में उनकी मौत रहस्य बनी हुई है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।समाचार लिखे जाने तक इस मामले में परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई थी। घटना के बाद से इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं।

## बार एसोसिएशन बुढ़ाना का चुनाव मॉडल बाइलॉज के मुताबिक होगा

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना की नई कार्यकारिणी का चुनाव मॉडल बाइलॉज के अनुसार ही किया जाएगा। नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव अघधिकारियों ने बृहस्पतिवार के दिन अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया है। अंतिम मतदाता सूची नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कर दी गई है। इस संबंध में चुनाव अधिकारी हरबीर सिंह और बालकिशन शर्मा ने बृहस्पतिवार के दिन एक भेंट में बतलाया कि अधिवक्ता प्रदीप मलिक निवासी गांव सुन्ना का मताधिकार का प्रयोग निरस्त कर दिया गया है क्योंकि उन्होंने बार एसोसिएशन शामली में इसी वर्ष बीते फरवरी के महीने में हुए चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। एक अधिवक्ता एक वर्ष में दो जनपदों अथवा दो चुनावों में भाग नही ले सकता है। इसी कारण से एडवोकेट प्रदीप मलिक का मताधिकार का प्रयोग निरस्त कर दिया गया है।

# रिश्तों का विश्वास टूटा, बुआ के घर ही कर दी लाखों की चोरी

**पुलिस ने दोनों आरोपियों से चोरी का माल किया बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे के मोहल्ला कोटला में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली चोरी की घटना सामने आई, जहां दो युवकों ने अपनी ही बुआ के घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेव. रात पर हाथ साफ कर दिया। हालांकि पुलिस की तत्परता के चलते दोनों आरोपियों को चोरी किए गए माल सहित गिरफ्तार कर लिया गया और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला कोटला निवासी सुमित्रा सैनी पत्नी गोपाल सैनी के पड़ोस में उनके भाई का मकान है। सुमित्रा के भाई का पुत्र अमित उर्फ काके पुत्र ईश्वर अक्सर अपनी बुआ के घर आता-जाता रहता था। इसी दौरान उसने घर की स्थिति और संदूक में रखे सोने-चांदी के जेव. रात की पूरी जानकारी हासिल कर ली और चोरी की योजना बना डाली। 17 मार्च की रात अमित ने अपने चचेरे नाबालिग भाई तरुण पुत्र विनोद को बुलाया और उसे पास की दुकान से हथौड़ा लाने को कहा। रात में दोनों ने डीजे बजाकर माहौल बनाया ताकि किसी को शक न हो। इसके बाद मौका पाकर दोनों सुमित्रा के घर में घुस गए और हथौड़े से संदूक का ताला तोड़ दिया। उन्होंने एक सोने की अंगूठी, सोने का हार, दो सोने के झुमके, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक चांदी की तगड़ी, एक लेडीज घड़ी सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरी के बाद उन्होंने जेवरात को तीन अलग-अलग स्थानों पर छिपा दिया। अगले दिन 18 मार्च को जब सुमित्रा अपने कमरे में पहुंची तो संदूक का टूटा ताला देखकर वह सन्न रह गई। घर में रखे सभी जेवरात गायब थे। इसके बाद उन्होंने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। मौके पर मिले हथौड़े से जांच को दिशा मिली। पुलिस ने आसपास पूछताछ की तो पता चला कि हथौड़ा पास के दुकानदार का है। थाना प्रभारी राजीव शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने दुकानदार से पूछताछ की, जिसने अमित और तरुण के नाम बताए। इसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, जिसमें उन्होंने चोरी की वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी किया गया सारा जेवर बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश कर चालान कर दिया।

## योगीराज में छात्राओं की सुरक्षा पर उठे सवाल

**बुढ़ाना।** एक कालेज की कुछ छात्राओं का एक मजनूं ने जीना हराम कर रखा है। बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान भी इस घटना के आगे बौना ही नजर आ रहा है। विरोध किया तो उल्टे प्राचार्य को ही हत्या की धमकी मिल गयी। अब मामला बुढ़ाना पुलिस के समक्ष आया तो पुलिस ने मामला दर्ज कर मजनूं की तलाश शुरु कर दी है। कस्बे के एक कालेज के प्राचार्य ने बुढ़ाना पुलिस को बताया कि उनका कालेज ग्रामीण अंचल की छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रदान कर रहा है। महाविद्यालय में 1500 छात्राएं प्रतिवर्ष परीक्षाएं देती हैं। महाविद्यालय के समीप एक जिम खुला है। उस जिम के पास सागर पुत्र राजू निवासी बुढाना अक्सर घूमता रहता है तथा कालेज में आने जाने वाली छात्राओं को घूरता रहता है। फब्तियां व छींटाकशी करता है। उनकी तरु कंकर मारता है। जिससे छात्राएं असहज महसूस करती हैं। छात्राओं ने कालेज आना भी कम कर दिया है। मेरे द्वारा छात्राओं से न आने के कारण को जोर देकर पूछने पर उन्होने अपना नाम न बताने की शर्त पर बतलाया कि सागर नाम का लड़का उनको छेड़ता है। तब उन्होंने उसको समझाया तो गाली गलौच करने लगा। बीती 12 मार्च को उनकी दो बच्चियों को उनका बेटा स्कूल छोड़ने बाइक से जा रहा था तो सागर आदि ने मेरे बेटे संग मारपीट कर बच्चियों को गालियां दी। इन्हीं आरो. पियो ने 15 मार्च को भी उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

# बुढ़ाना की मस्जिदों में ईद की नमाज़ का समय

**बुढ़ाना।** जमियत उलमा ए हिंद के जिला मीडिया प्रभारी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद आसिफ कुरैशी व बुढ़ाना नगराध्यक्ष हाजी शराफत अली ने बताया कि ईद का त्यौहार 21 मार्च को है। जिसमें कस्बे की शाही ईदगाह में ईद की नमाज का वक्त प्रात 8 बजे, शाही जामा मस्जिद में 9 बजे, भटे वाली मस्जिद नई बस्ती, पीर शाह विलायत मस्जिद, सितारा मस्जिद लुहसाना रोड, मदीना मस्जिद लहसाना रोड में सवा 8 बजे, नूरानी मस्जिद चंधेडी रोड में साढ़े 7 बजे, इब्राहीमी मस्जिद में सुबह पोने 9 बजे, इमली वाली मस्जिद में सवा 8 बजे, मक्का मस्जिद निकट मंदवाड़ा रोड में 8 बजकर 20 मिनट पर, जामिया इस्लामिया मदरसा पूर्वी चंधेडी रोड में पोने 8 बजे, मदरसा दारुल उलूम अजीजिया मुस्तफा मस्जिद मौलाना दाऊद मदरसा नई बस्ती में 7 बजकर 10 मिनट पर, कैंत वाली मस्जिद लुहसाना रोड पर साढे 8 बजे, मोतिया मस्जिद चंधेड़ी रोड में 8 बजकर 10 मिनट पर, सुनहरी मस्जिद कमलियो वाली कांधला रोड पर साढे 8 बजे, अक्सा मस्जिद में 8 बजकर 5 मिनट पर, मस्जिद नबवी पुलपार में साढ़े 7 बजे, मस्जिद बशीर मदरसा दारुल उलूम लुहसाना रोड मे 7 बजे, क़ासमी मस्जिद ज़मन पब्लिक स्कूल के पास में साढ़े 7 बजे, मदरसा हिफ्जुल कुरआन इलियासिया मिल रोड में साढे 7 बजे, फूंस वाली मस्जिद लुहसाना रोड मे साढ़े 8 बजे, मक्का मस्जिद मदरसा उस्मानिया डीएवी कॉलेज के पीछे साढ़े 7 बजे व बिलाल मस्जिद करबला गेट के पास में सवा 8 बजे होगी। नमाज शुरु होने से पूर्व ईदगाह व मस्जिदों में आयें।

# जेवर एयरपोर्ट का नाम महर्षि दयानंद सरस्वती के नाम पर रखने की उठी मांग

**खतौली।** खतौली क्षेत्राके विभिन्न आर्य समाज संगठनों ने जेवर में बन रहे अंतरराष्ट्रीय हवाई अढे का नाम महर्षि दयानंद सरस्वती के नाम पर रखने की मांग तेज कर दी है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष सत्येंद्र आर्य के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया।

ज्ञापन में कहा गया कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपना पूरा जीवन समाज सुधार, नारी उत्थान, शिक्षा के प्रसार और वेदों के पुनर्जागरण के लिए समर्पित किया। ऐसे महान समाज सुधारक के सम्मान में यदि जेवर एयरपोर्ट का नाम उनके नाम पर रखा जाता है, तो यह देशवासियों के लिए



गौरव की बात होगी। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि इससे न केवल महर्षि दयानंद के विचारों का प्रचार-प्रसार होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी उनके योगदान से प्रेरणा मिलेगी।

उप जिलाधिकारी निकिता शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनका ज्ञापन संबंधित उच्चाधिकारियों तक शीघ्र पहुंचा दिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में सत्येंद्र आर्य के साथ जगदीश प्रधान, अजेश आर्य, धीरेंद्र आर्य, महिपाल सिंह, महाराज सिंह, जयपाल सिंह, कंव. रपाल शास्त्री, अजीत आर्य, रामानंद आर्य और रण सिंह आर्य सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अतिरिक्त दहेज में 5 लाख ना मिले तो गर्भवती पत्नी को छोड़ा

**बुढ़ाना।** एक विवाहिता को उसके कलयुगी पति ने अपने परिजनों के कहने पर मात्राइस बात पर उसके घर छोड़ दिया क्योंकि उसने दहेजलोभी ससुरालियों की अतिरिक्त दहेज में 05 लाख रुपये देने की मांग को पूरा नहीं किया। पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट कर ली है। राधा पुत्री ;षिपाल निवासी गांव सराय ने बताया कि उसका विवाह बीते 31 जनवरी 2024 को वीरभान पुत्राअन्तरु निवासी बिंझल कलोनी पानीपत के साथ हुआ था। विवाह में उसके परिजनों ने खूब दहेज दिया था। विवाह के समय ससुरा. लियों द्वारा बताया गया था कि उनका अपना घर है मगर बाद में उसे पता लगा कि वे किराये के मकान में रहते हैं। विवाह के बाद से उसे अतिरिक दहेज मे 5 लाख रुपये न देने पर प्रताड़ित किया जाता रहा। दबाव के चलते उसके परिजनों द्वारा 50 हजार रुपये दिए गए किंतु प्रताड़ना जारी रही। उसकी सास राजेश ने उसके सारे जेवर अपने पास रख लिए। उसकी ननद मोनी पत्नि विकास भी इस उत्पीड़न में शामिल रही। पति उसे धमकी देता है कि वो बाहर से लड़के बुलाकर उसकी वीडियो बनवाकर उसे ब्लैकमेल करेगा। इसके बाद वीरभान उसे 14 दिसम्बर 2024 को उसके मायके छोड गया। वापस लेने नहीं आया। उस समय वो 3 माह की गर्भवती थी। पूरी गर्भावस्था मे उसका खर्च उसके परि. जनों ने किया। उसे बड़े ऑपरेशन से एक पुत्री हुई। जिसका पूरा खर्च भी उसके परिजनों ने ही किया। आज तक उसके ससुराल पक्ष से कोई भी उसका हालचाल पूछने नहीं आया। वह अब अपनी ससुरालियों के उत्पीड़न से दुखी है और अब वहां नहीं जाना चाहती।

## एसडीएम व सीओ की मेहनत रंग लाई....

# हाइवे पर कई दिनों से चल रहा धरना करवाया समाप्त

**बुढ़ाना।** दिल्ली वाया देहरादून एक्सप्रेस वे पर बिराल गांवध में काफी ग्रामीणों के द्वारा लगातार कई दिनों से चलाए जा रहे अनिश्चितकालीन धरने पर बृहस्पतिवार के दिन पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नितिन मलिक, बुढ़ाना एसडीएम कृष्णकांत बिवकर्मा और सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने अपनी मधुर वाणी से आक्रोशित सभी ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत करते हुए आश्वासन देते हुए धरना प्रदर्शन समाप्त करवाया।

बताया जाता है कि विगत कई दिनो से बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के बिराल गांव के काफी किसान अपनी जमीन, टड्बवेल, फसल के मुआवजे, अंडरपास का पूर्ण निर्माण और सर्विस रोड के निर्माण आदि को लेकर एक्सप्रेस वे पर धरना दे रहे थे। आज धरने पर भाजपा नेता नितिन मलिक, एसडीएम बुढ़ाना, एनएचएआई के मैनेजर सत्यम कुमार, बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेन्द्र पाल



सिंह और बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री ने घटनास्थल पर पहुंचकर सभी किसानों की समस्याओं का लिखित समाधान और भरोसा दिलाया। जिस पर भाजपा नेता नितिन मलिक ने फोन पर जनपद मुजफ्फरनगर के ज़िला अधिकारी उमेश चंद्र मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा से पीडित किसानों की हर समस्या के निराकरण को लेकर बातचीत की। इस दौरान धरनास्थल पर मुख्य रुप से कुशवाहा चौबीसी खाप के अध्यक्ष नरेन्द्र ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष घासीराम ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य प्रमोद कश्यप, बिराल गांव के प्रधान मन्नू ठाकुर, पूर्व प्रधान दीपक ठाकुर, पूर्व प्रधान ब्रहम पाल सिंह, गांवध बिराल के जन प्रतिनिधि ठाकुर अंकुश प्रताप सिंह, संदीप कुमार और भीम सिंह सहित अन्य सैंकड़ों ग्रामीणों की भी मौजूदगी देखने को मिली।

# विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** विदेश में नौकरी दिलाने के बहाने एक एक व्यक्ति से लाखों रुपए ऐंठ लिये। पीड़ित ने पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध एक प्रार्थना पत्रादिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई उसके बाद न्यायालय का दरवा. जा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव छपार निवासी अरशद ने बताया कि थाना चरथावल क्षेत्राके गांव कुटेसरा निवासी याकूब व उसका पुत्राशाहबाज विदेश में नौकरी दिलवाने का कार्य करते हैं। दोनों ही बिरादरी के नाते जान पहचान होने के कारण 14 सितंबर 2023 को उसके घर आये ओर पीड़ित के पुत्राअसजद को दुबई में नौकरी दिलाने को कहने लगे ओर सोने की दुकान पर सेल्समैन की नौकरी बताई।जिसके लिए उन्होंने लगभग चार लाख रुपए की मांग की। पीड़ित ने अलग-अलग किस्तों में उन्हें तीन लाख 83 हजार 960 रुपए कुछ खाते में ट्रांसफर किये ओर कुछ नकद दिये उसके बाद झांसा देते रहे। पीड़ित ने रुपए वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी देने लगे। अरशद ने पहले तो सीओ सदर से लिखित शिकायत की उसके बाद एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्रादिया। कोई सुनवाई न होने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हल्की बूंदाबांदी करवा रही है ठंड का अहसास

**बुढ़ाना।** कस्बे और क्षेत्र का मौसम बृहस्पतिवार के दिन पूरा खुशग. वार रहा। पूरे दिन में एक दो बार हुई हल्का बूंदाबांदी से लोगों को ठंड का सा अहसास हुआ। जिससे मौसम का मिजाज बदला बदला सा नजर आया। इस बारिश से वैसे सरसों की फसल को नुक्सान बताया जा रहा है लेकिन खेतों में खड़े हुए गेंहूओं के लिए ये बारिश वरदान बनी है। आज भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद दोपहर, शाम और रात में भी आसमान में छाई घटा के बीच कुछ गांवों में हल्की बारिश हुई। अगर मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अलविदा जुमा और ईद उल फितर के दिन भी इसी तरह का मौसम रह सकता है। किसानो का कहना है कि इस बारिश से गेहूं की फसल को पूरा पूरा लाभ मिलेगा। खासकर गेहूं की फसल में नमी बढ़ने से उत्पादन बेहतर होने की संभावना है। आलू की खुदाई से पहले जमीन में पर्याप्त नमी बने रहना किसानों के लिए फायदेमंद रहेगा। उधर मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की भी सलाह दी है क्योंकि मोसमी बीमारियों की चपेट में भी आया जा सकता है। चिकित्सकों ने हल्का गर्म पानी पीने की सलाह दी है।

# इस बार सादगी से ईद मनायेगा शिया समुदाय

मुजफ्फरनगर। मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया) में ईरान और इजरायल के बीच छिड़े भीषण संघर्ष और एक प्रमुख शिया धार्मिक नेता के आकस्मिक निधन ने इस बार ईद की खुशियों पर शोक का साया डाल दिया है। मुजफ्फरनगर के शिया समुदाय ने निर्णय लिया है कि इस बार ईद का पर्व पारंपरिक उल्लास के बजाय पूरी सादगी और गमगीन माहौल में मनाया जाएगा। समुदाय की ओर से अपील की गई है कि इस कठिन समय में मजलूमों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए किसी भी प्रकार का शक्ति प्रदर्शन या जश्न न मनाया जाए।

प्रमुख शिया धर्मगुरु मौलाना असद ने अपने आवास पर जानकारी देते हुए बताया कि ईद अल्लाह का हुक्म है, इसलिए नमाज पूर्व वर्षों की भांति ही अदा की जाएगी। हालांकि, नमाज के बाद के माहौल में बड़ा बदलाव दिखेगा। इस बार लोग न तो एक-दूसरे के घर जाएंगे और न ही पारंपरिक रूप से गले मिलकर मुबा. रकबाद देंगे। इतना ही नहीं, समुदाय ने इस बार बाजारों से खरीदारी करने और मिठाइयों के आदान-प्रदान से भी पूरी तरह परहेज करने का फैसला किया है।

मौलाना असद ने भावुक अपील करते हुए कहा कि समुदाय के लोग सादगी का परिचय देते हुए पुराने कपड़ों में ही ईद की नमाज अदा करेंगे और शांतिपूर्वक सीधे अपने घरों को लौट जाएंगे। उन्होंने कहा, ह्जब किसी बड़े बुजुर्ग या कौम के रहनुमा का साया सिर से उठता है, तो त्योहार मनाने के तरीके बदल जाते हैं। यह समय दुनिया भर के मुसलमानों के लिए मजलूमों के साथ खड़े होने और उनके दर्द को महसूस करने का है।ह्न उन्होंने इसे केवल दो देशों की जंग नहीं, बल्कि हक और नाइंसाफी के बीच की लड़ाई करार दिया।धार्मिक गुरुओं के साथ-साथ समुदाय के युवाओं ने भी इस फैसले का पुरजोर समर्थन किया है। शिया समुदाय के युवा अली जैदी का कहना है कि दुनिया के हालात को देखते हुए जश्न मनाना मुनासिब नहीं है। ईद की नमाज के दौरान विशेष रूप से देश की सुरक्षा, सांप्रदायिक सौहार्द, शांति और सीमा पर तैनात भारतीय सैनिकों की सला. मती के लिए दुआ मांगी जाएगी। मुजफ्फरनगर के शिया बाहुल्य क्षेत्रों में इस बार ईद के मौके पर सन्नाटा और सादगी पसरी रहने की उम्मीद है।

## चरथावल में प्रथम नवरात्र पर धूमधाम से निकाला गया पथ संचलन



**चरथावल।** स्थानीय विद्यालय राजकुमार अशोक कुमार सरस्वती विद्या मन्दिर, इंटर कॉलेज चरथावल के सभी भैया बहिनों ने नव सम्बत्सर (सम्बत 2083) हिन्दू नव वर्ष के उपलक्ष्य में नगर चरथावल में पथ संचलन निकाला। पच संचलन में विद्यालय के भैया बहिनों की आदर्श एवं आकर्षक झाकियाँ भी निकाली गयी। प्रथम झाँकी महारानी लक्ष्मीबाई की थी। तथा दूसरी झाँकी माँ दुर्गा एवं अहिल्याबाई होल्कर की तथा तीसरी झाँकी भारत माता एवं सरस्वती माता की एवं चौथी झाँकी श्री राम, लक्ष्मण एवं सीता माता व श्री कृष्ण व राधा जी की रही। कार्यक्रम की अगुवाई विद्या मन्दिर के भैयाओं ने घोष का प्रदर्शन करते हुए की। कार्यक्रम में विद्यालय के माननीय समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।जिनमें अभय कुमार जैन, अध्यक्ष मनीष गर्ग, उपाध्यक्ष आदेश कुमार गर्ग जी प्रबंधक मा. राजेन्द्र शर्मा सहप्रबंधक सदस्य अजय वर्मा, सुरेन्द्र भगत, नन्दकिशोर त्यागी, श्रीराम गुप्ता, मनोज कंसल, रूपेश त्यागी, राजेश गर्ग अध्यक्ष स. शि. म. राजवीर प्रधानाचार्य स. शि. म ब्रहमपाल प्रधानाचार्य स. शि. म. एवं समस्त अध्यापक आदि उपस्थित रहे। ओमकार सिंह संभाग निरीक्षक का पूर्ण सहयोग रहा। सभी नगर वासियों ने कार्यक्रम की अति सरहना की। नगर प्रशासन का कार्यक्रम में पूर्णसहयोग रहा जिसका विद्यालय परिवार आभारी रहेगा।

## कबड्डी बालक वर्ग में बघरा व बालिका वर्ग में शाहपुर की टीम रही प्रथम



**मुजफ्फरनगर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत के द्वारा गुरुवार को चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कबढी के फाइनल मैंच में बालक वर्ग में बघरा व बालिका वर्ग में शाहपुर की टीम प्रथम रही।

प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला क्रीडा अधिकारी भूपेंद्र यादव जिला युवा अधिकारी प्रतिभा शर्मा व उप क्रीडा अधिकारी पूनम बिसनौई ने फीता काटकर किया। जिसके बाद जिले के ब्लॉक शाहपुर, मोरना, जानसठ, बघरा के ब्लॉक स्तरीय विज. ेता प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बालक वर्ग की 1000 मीटर दौड में तसलीम. सूरज, वंश, बालिका वर्ग की 500 मीटर दौड में सलोनी, दिव्या, समीक्षा, लंबी कूद मेंसमीक्षा. लशियका, भावना व बालक वर्ग की लंबी कूद में शिवा, निखिल, प्रदीप क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। इसके अलावा बालक वर्ग की कबड्डी के फाइनल मैंच में बघरा की टीम ने कूकडा सदर ब्लाक की टीम को हराया जबकि बालिका वर्ग के फाइनल मैंच में शाहपुर की टीम ने मोरना की टीम को हराया।समापन पर मुख्य अतिथि जिला पंचातय अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल व एमएलसी वंदना वर्मा ने संयुक्त रुप से खिलाडियों को पुरस्कृत करते हुए उन्हें खेल में करियर बनाने का आ]वान किया। केंद्र व प्रदेश की सरकार खेल व खिलाडियों को बढ़ावा दे रही है। रेफरी के रूप में जिला ओलंपिक संघ के जिला सह सचिव चौधरी रामपाल सिंह, गौरव कुमार, कपिल कुमार, अंकित कुमार, युवा चैंपियन विजय कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई।

## नगर पालिका में विद्युत समाधान शिविर का आयोजन

**मुज़फ्फरनगर।** नगर विधानसभा क्षेत्राके अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु मंत्री कपिल देव अग्रवाल के निर्देश पर एक विशेष विद्युत समाधान शिविर (कैम्प) का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं सहित सभी प्रकार की विद्युत शिकायतों के निस्तारण के लिए समर्पित रहेगा। उक्त शिविर का आयोजन नगर पालि. का प्रांगण, मुज़फ्फरनगर में कल प्रात: 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक किया जाएगा। शिविर में विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, अभियंता एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहकर उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करेंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. वसीम, पुत्रः मो. शमीम, पताः गाँव पालदी, पुलिस थाना शाहपुर, जिला मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 76/2015, U/S 356/379/411 IPC Act, पुलिस थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मो. वसीम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मो. वसीम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 76/2015, U/S 356/379/411 IPC Act, पुलिस थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **मो. वसीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.04.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री रीतिका जैन**
**जेएमएफसी-05, कमरा नं. 105, उत्तर-पश्चिम जिला**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3547/OD/2026**

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र मोनू व पुत्रवधु श्रीमति मीनाक्षी मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने में नही है। आवारा लोगो की संगत में रहकर आवारा हो गए है। आए दिन छोटी-छोटी बात पर परिवार में मारपीट व झगडा फसाद करते रहते है। इनकी नाजायज हरकतों से परेशान होकर मैंने इन दोनों को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। इनके किसी भी कृत्य अपकृत्य व लेन देन की जिम्मेदारी मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की नहीं होगी ये स्वयं जिम्मेदार होगे।

**राजवीर पुत्र प्रसादा**
**निवासी- ग्राम खामपुर**
**थाना छपार**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम BAKE JAHAN से बदलकर BAGE JAHAN रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम BAGE JAHAN के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**बागे जहां पत्नी साजिद अली**
**निवासी ग्राम हुसैनाबाद**
**भनवाडा थाना रतनपुरी**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री ओजस्वी बालियान का नाम जन्म प्रमाण पत्र, मुज़फ्फरनगर नगर पालिका में अवनी बालियान था। जबकि सही/परिवर्तित नाम ओजस्वी बालियान ही है।

**गौरव बालियान**
**निवासी 432 बुढ़ाना मोड़,**
**खांजापुर मुज़फ्फरनगर।**

# कस्बे में एसबीआई की सुसज्जित शाखा का क्षेत्रीय प्रबंधक ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** कस्बे जीटी रोड पर भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा का उद्घाटन क्षेत्रीय प्रबंधक एसबीआई सुधीर कुमार ने फीता काटकर किया।

डाक्टर बल्लभ भवन मे नए खोले गए सुसज्जित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा का शुभारंभ किया गया जिसमें ीता काटकर क्षेत्रीय प्रबंधक सुधीर कुमार ने कहा एसबीआई की शाखा से कस्बे व क्षेत्र के लोगों को हो रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा उन्होंने कहा की पुरानी शाखा का जो ट्रांसफर नए भवन में किया गया है इसमें खाता धारकों को कोई भी परेशानी नहीं होगी सुधीर कुमार ने कहा की एसबीआई की कई योजना किसान मजदूर, व्यापारी के



लिए लाभकारी है जिससे लोन एक घंटे में खाताधारको, व्यापारी, किसानों को मिल सकता है। इस मौके पर समाजस. ेवी आदित्य बल्लभ, इन्दु त्यागी चीफ मैनेजर, राजेश देशवाल सहायक प्रबंधक, प्रशांत कुमार क्षेत्रीय अधिक. ारी, अवनीश कुमार, पूर्व चेयरमैन मियां नसीम, सलमान सईद, डॉ संदीप वर्मा, भाजपा नेता भारत भूषण खुल्लर, बशारत खान, संदीप गोयल, अनिल कुमार, नमन कुमार, अवनीश कुमार, राहुल नरवाल मौजूद रहे।

# जीएसएस एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी का जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया अवलोकन

**भोपा।** भोपा में मोरना मार्ग पर स्थित जीएसएस एकेडमी में गुरुवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा के साथ-साथ विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा बनाये गए विज्ञान मॉडल प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ, वीरपाल निर्वाल,प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह और विद्यालय के प्रबंधक सौरव सिंह सहरावत द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया ।नन्हे मुन्ने बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति देकर अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि बच्चों का भविष्य बनाने में महिलाओं का विशेष योगदान होता है बच्चे की प्रथम गुरु माता होती है बच्चों में गुणों को विकसित करने का काम माताएं करती हैं।बच्चों का भविष्य बनाने के लिये लक्ष्य को निर्धारित कर पूरा परिवार मदद करे।ग्रामीण बच्चे स्किलफुल होते हैं।उचित मार्गदर्शन से ही बच्चों के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

विद्यालय की प्रधानाचार्या रश्मि तेवतिया और अतिथियों ने विद्यालय में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 9 की छात्रा याचिका बालियान का प्रदर्शन पूरे विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ रहा। कक्षा नर्सरी में अनिक बालियान और देवांश ,यूकेजी में उमेर एलकेजी में आयना और लिबा, कक्षा 1 में विराली और सौम्या कक्षा 2 में अद्विक और स्नेहा कक्षा 3 में अनन्या और मिस्बा कक्षा 4 में आरोही और आर्यन ,कक्षा 5 में यश बालियान और नैंसी ,कक्षा 6 में आरव




वालिया और कृष्णा, कक्षा 7 में कशिश ,कक्षा 8 में वंश सहरावत, कक्षा नौ में याचिका बालियान और कक्षा 11 में खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा वर्किंग और नॉन वर्किंग मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सर्वश्रेष्ठ मॉडल बनाने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त विद्यालय परिवार का योगदान रहा।

## आयकर विभाग की कार्रवाई....

# बिंदल्स पेपर्स मिल्स समूह के परिसरों पर तलाशी जारी, करोड़ों की नकदी व आभूषण बरामद

**मुजफ्फरनगर/बिजनौर।** आयकर विभाग द्वारा मेसर्स बिंदल्स पेपर्स मिल्स लिमिटेड तथा उसके निदेशकों और समूह से संबद्ध अन्य संस्थाओं के मामलों में आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 132 के अंतर्गत 18 मार्च 2026 को तलाशी एवं जब्ती की कार्रवाई शुरू की गई, जो समूह के अधिकांश परिसरों पर अभी भी जारी है। समूह की कई कंपनियों के प्रतिष्ठान तथा प्रमुख व्यक्तियों के आवास मुजफ्फरनगर और बिजनौर जनपद में स्थित हैं, जहां जांच की कार्रवाई की जा रही है।

प्रारंभिक जांच में अब तक तीन करोड़ रुपये से अधिक की नकदी तथा लगभग पंद्रह करोड़ रुपये से अधिक के आभूषण बरामद किए गए हैं। इसके अलावा जांच में यह भी सामने आया है कि गन्ने की खोई (बैगास) तथा अन्य कच्चे माल की बड़ी मात्रा में अघोषित खरीद की गई है। कागज उत्पादन से जुड़े कारोबार में लगभग पचास करोड़ रुपये से अधिक की संदिग्ध अथवा फर्जी खरीद का भी पता चला है। जांच में यह संकेत मिले हैं कि समूह द्वारा चीनी और कागज दोनों क्षेत्रों में वास्तविक लाभ को छिपाने का प्रयास किया गया।

जांच के दौरान कागज की अघोषित बिक्री से संबंधित तथ्य भी सामने आए हैं। इसके अतिरिक्त समूह द्वारा आयकर अधि. नियम के अंतर्गत लगभग 171.3 करोड़ रुपये की कटौती का दावा किया गया है, जिसे विभाग की प्रारंभिक जांच में नियमों के अनुरूप नहीं पाया गया है। इस संबंध में विभाग द्वारा विस्तृत जांच की जा रही है और समूह के प्रमुख कर्मचारियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

बीपीएमएल के आंतरिक लेखाकार तथा विद्युत संयंत्र के महाप्रबंधक ने आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 132द्ध4ऋ के तहत दर्ज अपने-अपने बयानों में स्वीकार किया है कि कागज इकाई, विद्युत संयंत्र और चीनी इकाई के लिए अलग-अलग लेखा-पुस्तकें नहीं रखी जा रही थीं। तलाशी के दौरान बीपीएमएल के कार्यालयों अथवा निदेशकों के आवास से भी इन इकाइयों से संबंधित अलग-अलग लेखा-पुस्तकें प्राप्त नहीं हुईं। उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार केवल समेकित लेखा-पुस्तकें और ट्रायल बैलेंस ही कार्यालय में पाए गए हैं। इस स्थिति में आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80आईए के अंतर्गत दावा की गई 171.3 करोड़ रुपये की कटौती को अस्वीकार किए जाने की संभावना है। आयकर विभाग द्वारा आवश्यक जांच और साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया अभी जारी है तथा संबंधित व्यक्तियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जांच और बयान दर्ज करने की प्रक्रिया जारी रहने के बावजूद फैक्ट्री के संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और समूह की सभी इकाइयां सामान्य रूप से कार्य कर रही हैं।

### अग्रवाल आयरन पर केन्द्रीय जीएसटी के छापे

जिले के भयभीत उद्यमी, कारोबारी और सप्लायर अभी बिंदल ग्रुप छापो से संभले भी नही थे कि उन्हे पता चला कि अग्रवाल आयरन से जुड़े 5 प्रतिष्ठानों पर केन्द्रीय जीएसटी विभाग के छापे पडे है तथा उनके काग. जातों को विभाग ने अपने कब्जे में लिया हुआ है। किसी एक उद्यमी के टीम द्वारा अपने साथ ले जाने की चर्चाएं भी बडी तेजी से उड़ी।

गुरुवार शाम नई मंडी में चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप के आवास के बराबर वाली कोठी पर जांच हेतु आयकर विभाग की टीम पहुंची तो वहां उन्हे ताला लगा मिला।

### नार्कोटिक्स टीम की छापेमारी, मेडिकल स्टोर पर 4 घंटे जांच

**मीरापुर।** कस्बे में अवैध रूप से नशीली दवाइयों के कारोबार की सूचना पर नार्कोटिक्स विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। इस दौरान करीब चार घंटे तक गहन जांच-पड़ताल और पूछताछ की गई, जिससे क्षेत्र के मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार मीरापुर के पड़ाव चौक, भूम्मा रोड और कमलियान मोहल्ले में लंबे समय से नशीली दवाइयों की अवैध बिक्री की शिकायतें उच्च अधिकारियों को मिल रही थीं। इन सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए हरियाणा नार्कोटिक्स विभाग की टीम ने अधिकारी पवन शाक्य के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त रूप से मोहल्ला कमलियान स्थित प्रधान मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की।छापेमारी के दौरान टीम ने स्टोर में उपलब्ध दवाइयों के स्टॉक, बिक्री रजिस्टर और अन्य जरूरी दस्तावेजों की गहन जांच की। करीब चार घंटे तक चली इस कार्रवाई के बाद टीम आवश्यक जानकारी एकत्र कर वापस लौट गई। हालांकि, छापेमारी के दौरान किसी प्रकार की आधिकारिक बरामदगी की पुष्टि नहीं की गई, लेकिन जांच जारी होने की बात कही जा रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी हरियाणा नार्कोटिक्स टीम द्वारा पड़ाव चौक स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर अवैध नशीली दवाइयों को बरामद किया जा चुका है। इससे स्पष्ट है कि कस्बे में यह अवैध कारोबार लगातार फैल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे के कई युवा इन नशीली दवाइयों के आदी हो चुके हैं, जो मेडिकल स्टोर्स पर आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं। इनका सेवन युवाओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ उनकी आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित कर रहा है। कस्बेवासियों ने मद्यनिषेध विभाग और प्रशासन से मांग की है कि इस अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि युवाओं को नशे के इस जाल से बचाया जा सके।

# गौवंश चोरी मामले में कार्रवाई न होने पर भड़का बजरंग दल, कोतवाल से की मुलाकात

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ी रांगढांग में हुए गौवंश चोरी के मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से ग्रामीणों और बजरंग दल कार्यकर्ताओं में भारी रोष व्याप्त है।

गुरुवार को बजरंग दल के कार्यकर्ता जिला संयोजक प्रशांत पंडित के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद बघेल से मिलकर नाराजगी जताई।

कार्यकर्ताओं ने पुलिस को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही चोरी गए गौवंश की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई, तो ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

गौरतलब है कि करीब एक सप्ताह पूर्व गांव खेड़ी रांगढांग में एक किसान के घर से बंधा गौवंश अज्ञात चोर खोलकर ले गए थे। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है और आरोपियों की पहचान भी सामने आ चुकी है, लेकिन इसके बावजूद पुलिस अब तक उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

पीड़ित किसान ने घटना के दो दिन बाद ही कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।इस दौरान आचार्य शिवम शास्त्री, शुभम भटनागर, नितिन भटनागर, आशुतोष शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकार की छवि को पलीता लगा रहा चरथावल पुलिस का वाहन चेकिंग अभियान

**चरथावल।** क्षेत्र में दिन प्रतिदिन हो रहे वाहन चेकिंग अभियान से किसानों सहित क्षेत्र की जनता परेशान नजर आ रही है वही इस वाहन चेकिंग अभियान से सरकार की छवि को पलीता लगता नजर आ रहा है।हालत यह है कि जंगलों में जा रहे किसानों को भी चेकिंग अभियान की मुहिम से गुजरना पड़ रहा है और खेतों में अपना पानी खाद व अन्य खेती का कार्य करने अपने खेतों पर जा रहे किसानों के भी चरथावल पुलिस द्वारा भरपूर चालान काटे जा रहे है।पिछले दिनों जहाँ पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में वसूली की बात को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पुलिस को चे. कंग ना करने के आदेश जारी किए थे और सिर्फ ट्रैफिक पुलिस द्वारा ही वाहन चेकिंग करने की बात कही गयी थी लेकिन चरथावल क्षेत्रामें तो अलग ही नजारा देखने मे आ रहा है और तो और चरथावल पुलिस द्वारा जहाँ चौकियों स्थल को भी छोड़कर रास्तो पर कहि भी खड़े होकर चेकिंग अभियान चला रही है ।किसानों और क्षेत्रवासियों द्वारा जहाँ पुलिस के इस चेकिंग अभियान के प्रति भारी रोष देखने को मिल रहा है वही किसानों द्वारा यह कहते नजर आ रहे है कि। क्या किसान अपने खेतों पर भी हेलमेट लगाकर जायेगा और तो और जब परिजन अपने छोटे बच्चों को छुटी के समय स्कूल में लेने जाते है तो उन्हें भी इस चेकिंग अभियान की कड़ी से गुजरना पड़ता है।और बच्चों के परि. जनों के भरपूर चालान काटे जाते है। कारण चाहे जो भी हो लेकिन क्षेत्राकी जनता चरथावल पुलिस के इस चेकिंग अभियान से पूरी तरह कराह रही है और इससे निजात दिलाने की मांग कर रही है चरथावल पुलिस दिन प्रतिदिन इतने बड़े पैमाने पर क्यू वाहन चेकिंग अभियान चला रही है यह तो वह ही जान सकते है लेकिन हालत यह है कि क्षेत्रवासियों अपने जरूरी कार्यो में भी इस चेकिंग अभियान की वजह से जाने से बच रहे है।और कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से भी जनता ने पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान से आम जनता को परेशान न करने की गुहार लगाई जा चुकी है लेकिन कोई भी नतीजा निकलता नजर नही आ रहा है।चौकी स्थल को छोड़कर रास्तो पर कहि भी चलने वाले इस वाहन चेकिंग अभियान से क्षेत्रवासी व किसान इधर उधर रास्ते काटते नजर आते है।कारण चाहे जो भी हो लेकिन चरथावल पुलिस के इस वाहन चेकिंग अभियान से सरकार की छवि को बड़ा पलीता लग रहा है और क्षेत्रवासीयो के मन मे सरकार के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिल रहे है क्षेत्रवासियों की यह नाराजगी आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को भारी भी पड़ सकती है और जनता वाहन चेकिंग अभियान से परेशान होकर सरकार के प्रति अपनी नाराजगी को वोट के रूप में बदल सकती है

## संक्षिप्त समाचार

### प्रथम नवरात्र पर माता राज-रानी ने किया गुफा में प्रवेश

**मुजफ्फरनगर।** नवरात्रि महापर्व के पावन अवसर पर श्रद्धेय माता राजरानी जी के गुफा प्रवेश पर एक भव्य एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह आयोजन श्रद्धा, आस्था एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ जिसमें क्षेत्राके श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लिया

कार्यक्रम के अंतर्गत माता राजरानी जी की विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, आरती एवं गुफा प्रवेश की पावन झांकी का आयोजन किया गया । गुफा प्रवेश के दौरान भक्तगण माता के दिव्य दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। जिससे श्रद्धालुओं में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य व्यक्ति एवं धर्मप्रेमी नागरिक भी उपस्थित रहें।सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि प्रतिदिन हम 3:00 से 5:00 तक महिलाओं द्वारा कीर्तन किया जाएगा और प्रात: पंडित जी द्वारा पूजन कार्यक्रम किया जाएगा शाम को 6:00 बजे आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया जाएगा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पावन अवसर का लाभ उठाएं और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# एसएसपी के निर्देश पर पिता पुत्र के विरुद्ध ठगी की रिपोर्ट दर्ज

**बुढ़ाना।** पिता पुत्र ने एक युवक से स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलवाने के नाम पर 8 लाख रूपये हड़प लिए। पीड़ित 7 वर्ष से दोनों पिता पुत्र के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने को कोतवाली के चक्कर काट रहा था मगर पुलिस पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज नही कर रही थी। अब इस मामले में एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रवीण कश्यप पुत्र ओमप्रकाश निवासी मौहल्ला उत्तरी भटवाडा बुढ़ाना ने एसएसपी को बताया था कि उसके पिता बुढाना में सिलाई का कार्य करते हैं। पिता की दुकान पर कस्बे के मनोज शर्मा व उसके पिता देव शर्मा कपडों की सिलाई के लिए आते थे। मनोज शर्मा आबकारी विभाग मे इंस्पेक्टर हैं। मनोज शर्मा ने उसके पिता से कहा कि मेरा एक साथी स्वास्थ्य विभाग में अधिकारी है ओर स्वास्थ्य विभाग में बीएचडब्ल्यू का पद रिक्त है। जिसके लिए मेरे दोस्त ने मुझसे ये कहा है कि अगर तुम्हारा कोई जानने वाला हो तो उसकी नौकरी लगवा दो। तब मेरे पिता ने मेरी नौकरी के लिए मनोज शर्मा और उसके पिता देव शर्मा से बातचीत की क्योंकि मेरे पिता के पास दोनो पिता पुत्र काफी समय से सिलाई का कार्य कराते थे। इसीलिए मेरे पिता दोनो से घर तक पूरी तरह से वाकिफ थे। मेरे पिता को मनोज शर्मा और उसके पिता देव शर्मा ने कहा कि तुम्हें 2 या 3 किस्तों में 8 लाख रुपये देने होंगे तो फिर आपके लड़के की स्वास्थ्य विभाग मे बीएचडब्ल्यू के पद पर नियुक्ति हो जायेगी। इसलिए मेरे पिता ने 6 लाख रुपये तथा 2 लाख रुपये ज्वाइनिंग लेटर दिलाने के बाद दिये। इस तरह दोनों पिता पुत्र ने मेरे पिता से नौकरी की बाबत 8 लाख रुपये हडप लिए ओर उसे एक ज्वाइनिंग लैटर व एक स्वास्थ्य विभाग का बीएचडब्ल्यू की नियुक्ति का आई कार्ड बरेली स्वास्थय विभाग से दिला दिया। इस बात को 6 वर्ष हो गये मगर फिर भी उसकी नौकरी नही लगी। मैंने ये रुपये नानू और धर्मपाल निवासीगण बुढाना के सामने दिये थे। जब भी में देव शर्मा के घर अपने रुपये मांगने जाता हूं तो मनोज उसे धमकी देता हैं कि अगर तूने हमारे विरुद्ध कोई भी रिपोर्ट दर्ज कराई तो में आबकारी में झूठा मुकदमा लिखवाकर जेल भिजवा दूंगा। पीड़ित ने पिता पुत्र के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। उधर पुलिस ने पिता पुत्र के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### फार्मा उद्योग की कार्य प्रणाली को समझने का मिला अवसर, छात्रों ने सीखी आधुनिक तकनीक

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने रुड़की स्थित प्रतिष्ठित औषधि निर्माण कंपनी डेनमार्क फार्मास्यूटिकल रुड़की मे शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली, आधु. निक उत्पादन तकनीकों एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं से अवगत कराना था।

संस्थान के निदेशक डॉ. गिरेन्द्र कुमार गौतम इस औद्योगिक भ्रमण को हरी झंडी दिखाकर विदा करते हुए वार्तालाप के माध्यम से कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं। इससे उन्हें उद्योगों में होने वाली वास्तविक कार्यप्रणाली, आधुनिक तकनीकों तथा उत्पादन प्रक्रियाओं की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं, अपने ज्ञान को व्यावहारिक रूप दें तथा भविष्य में फार्मास्युटिकल क्षेत्रामें उत्कृष्ट करियर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

भ्रमण के दौरान कंपनी के विशेषज्ञों द्वारा छात्रों का स्वागत किया गया तथा उन्हें कंपनी के विभिन्न विभागोंकृजैसे प्रोडक्शन यूनिट, क्वालिटी कंट्रोल लैब और पैकेजिंग सेक्शनकृका विस्तृत अवलोकन कराया गया। विद्यार्थियों को दवा निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया जैसे कच्चे माल का चयन, ग्रैनुलेशन, टैबलेट निर्माण, कोटिंग, कैप्सूल फिलिंग, पैकेजिंग एवं स्टोरेज के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को अच्छी उत्पादन कार्य प्रणाली के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि ये मानक औषधि निर्माण और परीक्षण की गुणवत्ता, सुरक्षा तथा प्रभावशीलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही, आधुनिक मशीनों एवं स्वचालित उत्पादन प्रणालियों की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कर छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान भी दिया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विशेषज्ञों से विभिन्न तकनीकी प्रश्न पूछे और उनके समाधान प्राप्त किए, जिससे उनकी समझ और अधिक सुदृढ़ हुई।

इस औद्योगिक भ्रमण में इशिका सोनी, आस्था शर्मा, श्रेया शर्मा, हर्दिका, हंस, जतिन राणा, अमन सैनी, अभिषेक, लव राणा, विजय राणा, वाशु बालियान आदि छात्रो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया द्य

इस औद्योगिक भ्रमण को सफल संचालन अध्यापक शक्ति सिंह एव अध्यापिका संध्या के द्वारा किया गया

# टिकौला मिल ने किया 22.6 करोड़ रुपये का गन्ना भुगतान

**मीरापुर।** टिकौला चीनी मिल के अधिशासी अधिकारी हिमांशु कुमार मंगलम ने बताया कि टिकौला मिल ने 10 मार्च से 16 मार्च तक खरीदे गये गन्ने का सम्पूर्ण भुगतान 22.6 करोड रूपये किसानो के खातो में भेज दिया है। मिल से सम्बंधित किसान अपने खातो से भुगतान प्राप्त कर लें।

# एसडी गर्ल्स पीजी कॉलेज की छात्राएं पहुंची सीएचसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एसडी गर्ल्स पीजी कॉलेज बुढ़ाना में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चतुर्थ दिवसीय कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढाना की विजिट हेतु एनएसएस की स्वयं सेविकाएं रैली के रूप में स्वास्थ्य संबंधित स्लोगन बोलती हुई दोपहर 12 बजे गंतव्य स्थल पर पहुंची।

स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर हरविंदर कुमार ने स्वयं सेविकाओं का स्वागत कर उन्हें स्वास्थ्य केंद्र की विजिट करवाई। स्वास्थ्य केंद्र पर उन्होंने नेत्रापरीक्षण विभाग में ग्रुप ए के अंतर्गत आठ आठ स्वयं सेविकाओं को नेत्रासंबंधित जानकारियां दी। उन्होंने नेत्रासे संबंधित बीमारियां, सावधानियां एवं नेत्रासुरक्षा व उपचार से संबंधित जानकारी दी। दूसरे चरण में ग्रुप बी की स्वयं सेविकाओं को टीबी से होने के कारण के बारे में विस्तृत जानकारी दी ओर बतलाया कि हम सभी को अपने आसपास के क्षेत्र को भी साफ सुथरा रखना चाहिए। क्षेत्राको साफ रखने से कई प्रकार की बीमारियों से हम सुरक्षित रह सकते हैं। स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित ओपीडी अधिकारी डॉक्टर अमित तोमर ने स्वयं सेवकों को ओपीडी की व्यवस्थाओं एवं रोगियों के होने वाले निदान के विषय में जानकारी दी। डॉक्टर अमित कुमार ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर के बचाव के लिए सीएचसी बुढाना में एचपीवी नमक वैक्सीन लॉन्च हो चुकी है जो 14 वर्ष से लेकर 15 वर्ष की युवतियों को लगाने से सर्वाइकल कैंसर को रो. कने में सहायक होती है। स्वयं सेवकों ने वहां के एडमिनिस्ट्रेशन प्रोफाइल के विषय में भी जानकारी ली तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं को समझा। इसी प्रकार पेशेंट की इमरजेंसी सेवाओं के लिए किस प्रकार सीएचसी तत्पर रहता है। वहां की सब चिकित्सा पद्धति के बारे में व सुविधाओं के विषय में भी जानकारियां दी गई। डॉक्टर हरविंदर ने सेमिनार हॉल में सभी स्वयं सेवकों को एक साथ बैठाकर राज्य व केंद्र सरकार द्वारा प्रदत्त स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के बारे मे बताया और वर्तमान में चल रही मौसमी बीमारियों के होने के कारण उपचार व उनके उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सभी स्वयंसेवकों समेत मौजूद कॉलेज स्टाफ में कार्यक्रम अधिकारी कॉलेज की प्रवक्ता रूपाक्षी चौधरी, सबा खान, अनीता राणा, ज्योति, किरण मलिक, स्वाति शर्मा और प्रवीण आदि मौजूद थे जबकि स्वयं सेविकाओं में रुपाली त्यागी, तनु, दिव्यांशी, शगुन मलिक, मेहविश, नैना, रिया, मुस्कुराना, शिवानी, तनीषा, तुलसी, वंशिका, हिमांशी, दीपा, इशा बालियान, काजल शर्मा, कनिका, रूही राठी, रिया राठी, संध्या पुंडीर, तान्या भट, अंशिका शर्मा, अंशिका और बागेजहां आदि का भी सराहनीय योगदान रहा।



### ई-रिक्शा की टक्कर से बुग्गी चालक घायल

**बुढ़ाना।** एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा के चालक ने विपरीत दिशा से आ रही भैंसा बुग्गी के चालक को ई-रिक्शा की साईड मारकर घायल कर दिया और फरार हो गया। घायल किसान को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के नदी मंदिर रोड के निवासी मौहम्मद सैय्यद कल्लू बृहस्पतिवार की दोपहर पुलपार स्थित अपने खेत से भैंसा बुग्गी लेकर अपने घर पशुओं का चारा लेकर आ रहे थे। जब वे कस्बा पुलिस चौकी के समीप आए तो विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात ई-रिक्शा के चालक ने ई-रिक्शा की टक्कर बुग्गी में एक साइड में पैर लटकाकर बैठे सैय्यद कल्लू को मार दी और ई-रिक्शा सहित फरार हो गया। उधर टक्कर लगने से सैय्यद कल्लू घायल हो गया। जिनको आसपास के जान पहचान के लोगों ने एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

# सपा नेता डॉ. सत्येंद्र पाल के कैंप कार्यालय पर हुआ रोजा इफ्तार

**शाहपुर।** समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र पाल के कैंप कार्यालय पर आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में हजारों लोगों ने शिरकत कर रोजा खोला।

कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिससे आयोजन में उत्साह का माहौल बना रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष, अल्पसंख्यक सभा उत्तर प्रदेश शकील नदवी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं और नफरत को दूर कर प्रेम और सौहार्द का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में ऐसे कार्यक्रमों की विशेष आवश्यकता है, क्योंकि प्रदेश और देश का विकास सभी वर्गों को साथ लेकर ही संभव है। इस अवसर पर पूर्व सांसद कादिर राणा, सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अतहर खान, वरिष्ठ सपा नेता श्यामलाल बच्ची सैनी, सपा नेता साहिब अंसारी, खतौली विधानसभा अध्यक्ष सत्यदेव शर्मा, बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष अकरम खान, सपा नेता जुल्फिकार कुरैशी, इकबाल कुरैशी, अनेश निर्वाल सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत सभी नेता समा. जवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी के आवास पर पहुंचे, जहां जलपान के साथ क्षेत्र की राजनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। सत्येंद्र पाल ने सभी अतिथियों एवं रोजेदारों का शुक्रिया अदा किया।



# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में रहा ज्ञानस्थली के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**मीरापुर।** जिला खेल विभाग द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम में 14 मार्च से 18 मार्च 2026 तक आयोजित जिला स्तरीय जूनियर बालक-बालिका खेल प्रतियोगिता में ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल, मीरांपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता में कक्षा 11 कॉमर्स की मानवी तेजयान ने शॉटपुट थ्रो में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 11 कॉमर्स की रिशिका ने डिस्कस थ्रो में द्वितीय स्थान हासिल किया। कक्षा 9 के प्रतीक यादव ने शॉटपुट थ्रो में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8 की अवनि ने जैवलिन थ्रो में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।कक्षा 8 के तनिष्क कुमार ने शॉटपुट थ्रो तथा लॉन्ग जंप में तृतीय स्थान प्राप्त कर दो पदक अपने नाम किए। कक्षा 8 के भव्य अरोड़ा ने डिस्कस थ्रो में तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 7 की हिमानी ने 400 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 11 के श्लोक ने 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। विद्यालय प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि खेल गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय प्रबंधन ने भी खिलाड़ियों एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ दीं। खिलाड़ियों का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन हैप्पी चौहान ने किया । विद्यालय पहुँचने पर सभी विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया तथा उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया गया।



# किडजी में नवरात्र महापर्व मनाया गया

**मुजफ्फरनगर।** ज़ी नेटवर्क द्वारा संचा. लित किडज़ी नई मंडी में नवरात्रामहापर्व का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। साथ ही इस अवसर पर गुड़ी पड़वा पर्व का महत्व बताते हुए भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों को गुड़ी पड़वा के सांस्कृतिक और पारंपरिक महत्व के बारे में सरल एवं रोचक तरीके से जानकारी दी गई।इस अवसर पर नन्हीं-मुन्नी बच्चियों को नवरात्राके नौ रूपों में आमंत्रित किया गया तथा बच्चों को इन नौ देवियों के महत्व के बारे में अवगत कराया गया।किडज़ी की निदेशिका चारु भारद्वाज जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए नवरात्राएवं गुड़ी पड़वा के महत्व पर प्रकाश डाला और भारतीय संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया। इस दौरान किडज़ी की कोऑर्डिनेटर सौम्या द्वारा सभी देवी रूपों का सम्मान एवं पूजन किया गया।कार्यक्रम का सफल संच. ालन एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रीति त्यागी एवं एक्विटी इंचार्ज सना द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षिकाओं का भरपूर सहयोग रहा। यह आयोजन बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक एवं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध अनुभव रहा।



# खतौली में वेद-विधि से मनाया गया नव संवत्सर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली के शिवपुरी स्थित आर्य समाज मंदिर में नव संवत्सर एवं आर्य समाज स्थापना दिवस का आयोजन पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। इस अवसर पर वेद-विधि से हवन यज्ञ संपन्न कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रधान सत्येंद्र आर्य ने बताया कि चौत्रामास की शुक्ल प्रतिपदा से सृष्टि संवत, नव संवत्सर, विक्रम संवत, शक संवत और दयानंद संवत का शुभारंभ होता है। उन्होंने इसे वैज्ञानिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस समय दिन और रात लगभग समान होते हैं, जिससे प्रकृति में संतुलन और सकारात्मकता का संचार होता है। वहीं भगवान सिंह आर्य ने कहा कि इस तिथि का ऐतिहासिक महत्व भी है। मान्यता है कि इसी दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना, भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक और महाराजा विक्रमादित्य का सिंहासनारोहण हुआ था। प्रधान जगदीश सिंह ने बताया कि इसी दिन स्वामी दयानंद सरस्वती ने मुंबई में आर्य समाज की स्थापना की थी, जो समाज सुधार और वेदों के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। समारोह के अंतर्गत आयोजित यज्ञ में सत्येंद्र आर्य यजमान रहे, जबकि अजेश आर्य ने पुरोहित के रूप में वैदिक अनुष्ठान संपन्न कराया। कार्यक्रम में शोभाराम आर्य, सुशील आर्य, गुरु महाराज, मास्टर जयपाल सिंह, चरण सिंह आर्य, धीरेंद्र आर्य, रण सिंह आर्य, रामानंद आर्य और राजेंद्र खारी (स्टेशन अधीक्षक) सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों में घोषित भाजपा कार्यकारिणी के प्रति रोष

**मुजफ्फरनगर।** केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी की एक आवश्यक बैठक जिला परिषद बाजार में मैक्स एंटरप्राइजेज पर हुई स इस आवश्यक बैठक में संगठन के चेयरमैन प्रमोद मित्तल ने कहा कि भाजपा जिला कार्यकारणी में हम लोग चाहते थे कि हमारे अध्यक्ष सुभाष चौहान शामिल होगे स लेकिन उन्हें घोषित नई कार्यकारिणी में शामिल नहीं किया गया, इससे हम सभी दवा व्यापारियों में बहुत रोष है स प्रमोद मित्तल ने बताया कि संगठन के कॉफी लोग डॉक्टर संजीव बालियान से इस विषय में मिले थे, उसके बाद हम राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल से मिले उन्होंने कहा 100: चौहान साहब का नाम आएगा स हम सभी लोग भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी के पास गए उन्होंने कहा यह 8 घंटे काम कर सकते हैं हमने कहा 12 घंटे काम करेंगे और पूरी केमिस्ट एसोसिएशन तन मन धन से उनके साथ हैस इसके बावजूद संगठन के जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान को भाजपा कार्यकारिणी में जगह नहीं दी गई जबकि इन सभी ने अपने चहेतो को इस कार्यकारिणी में रखवाया हैं, मंत्री जी का भांजा कार्यकारणी में शामिल है स इससे मंत्री जी के क्रियाकलाप पर प्रश्न चिन्ह लगता है स एक समय था जब मुजफ्फरनगर में 6 की 6 सीट भाजपा के पास थी, आज केवल एक सीट बची है अगर यही हाल रहा तो एक सीट भी हम खो देंगे।



शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
मुख्यालय: मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मंडलायुक्त ने किया जनपद शामली का निरीक्षण

## बैठक में एसआईआर को लेकर की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त रोल प्रेक्षक/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, डॉ. रूपेश कुमार, ने जनपद शामली का निरीक्षण किया। उन्होंने नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आयोग की चेकलिस्ट में उल्लिखित 12 बिंदुओं पर समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बैठक में रोल प्रेक्षक ने नोटिस वितरण एवं सुनवाई की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 1,86,599 नोटिस जारी किए गए थे, जिनमें से सभी की सुनवाई पूर्ण हो चुकी है। इसके अलावा, कुल 63,223 फॉर्म-6, 4 फॉर्म-6ए, 5,355 फॉर्म-7 और 28,861 फॉर्म-8 प्राप्त हुए, जिनका गुणवत्ता परक निस्तारण किया जा रहा है। रोल प्रेक्षक ने जेंडर



रेशियो और ईपी रेशियो की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जनपद का ईपी रेशियो 53.73 है, जो आयोग के मानक से कम है, इसका पुन: विश्लेषण किया जाए। उन्होंने बुक कॉल विद बीएलओ की कार्यप्रगति पर संतोष जताया और एनजीएसपी में लंबित शिकायत न होने पर सभी ईआरओ की प्रशंसा की। उन्होंने मतदाता सूची में फोटो की गुणवत्ता जांचने और अस्पष्ट फोटो बदलने, बोर्डर एरिया में नाम डबल न होने की जांच करने तथा बीएलओ को घर-घर सर्वे करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मल्टीलेयर चेकिंग की प्रक्रिया अपनाने और स्वीकृत एवं अस्वीकृत फॉर्म ईआरओ नेट पर जांचने के निर्देश भी दिए। अधिकांश अस्वी कृत फॉर्म पर कारण ह्मतदाता का नाम पहले से ही पंजीकृत है अंकित था।

रोल प्रेक्षक ने सुझाव दिया कि डबल फॉर्मो में एपिक नंबर अंकित करने से कार्य में सुधार होगा और इसे बीएलओ को भी समझाया जाए। बैठक में जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान, अपर जिलाधिकारी द्धवित्त एवं राजस्वऋ सत्येन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर विनय प्रताप सिंह भदौरिया सहित सभी एसडीएम और तहसीलदार उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य मतदाता रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता, सटीकता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना था।

# जनपद न्यायाधीश ने संप्रेषण गृह का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद न्यायाधीश और अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शामली, इन्द्रप्रीत सिंह जोश ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह मेरठ का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने निरूद्ध किशोरों से संवाद स्थापित किया और उनके समस्याओं एवं चिंताओं को सीधे सुना।

निरीक्षण के दौरान जोश ने किशोरों के कल्याण और उनके पुनर्वास की दिशा में उठाए जा रहे उपायों का जायजा लिया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सम्प्रेक्षण गृह में रहने वाले किशोरों को सभी कानूनी और सामाजिक सहायता समय पर उपलब्ध हो। इसके अलावा, उन्होंने यह देखा कि किशोरों की देखभाल, शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ उचित रूप से प्रदान की जा रही हैं या नहीं। निरीक्षण में अपर सत्र न्यायाधीश (पोक्सो कोर्ट) सीमा वर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव श्रीमती आँचल



कसाना, प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड अमर प्रसाद और जिला प्रोबेशन कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने किशोरों के मामलों और उनके पुनर्वास कार्यक्रमों की जानकारी प्रस्तुत की। जनपद न्यायाधीश जोश ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किशोर न्याय प्रणाली के तहत सभी नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की अनदेखी न होने पाए। उन्होंने कहा कि बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए और उन्हें भविष्य में समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए सक्षम बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान किशोरों ने भी अपनी समस्याओं और सुझावों को सीधे न्यायाधीश के सामने रखा। जोश ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और आवश्यक सुधार और कदम उठाने का अश्वासन दिया। इस निरीक्षण का उद्देश्य किशोरों के अधिकारों की सुरक्षा, उनके कल्याण की गारंटी और सम्प्रेक्षण गृह में व्यवस्था की पारदर्शिता सुनिश्चित करना था।

## सड़क हादसे में वृद्ध की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव ख्यावड़ी में एक दर्दनाक सड़क हादसे में करीब 60 वर्षीय वृद्ध जुम्मा पुत्र फूल सिंह की मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जुम्मा का शव सुबह ग्रामीणों को सड़क किनारे पड़ा मिला। शव देखते ही गांव में हड़कंप मच गया और तुरंत इस घटना की सूचना परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने जब जुम्मा को मृत अवस्था में देखा तो वे गहरे सदमे में डूब गए। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद थानाभवन पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में यह मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन ने जुम्मा को टक्कर मारी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कादरगढ़ चौकी इंचार्ज दीपचंद ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और अज्ञात वाहन की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। इस हादसे के बाद गांव में मातम का माहौल है और लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे हैं।

# कानून व्यवस्था को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना में आगामी ईद उल फितर, नवरात्रि और रामनवमी पर्वों को देखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने व्यापक तैयारियां की हैं। पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कसाना के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल के साथ पैदल गश्त और फ्लैग मार्च जारी है।

इस दौरान मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, चौराहों और बाजारों में सघन भ्रमण किया गया। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और वस्तुओं की गहनता से जांच की। अधिकारियों का कहना है कि पैदल गश्त और फ्लैग मार्च के माध्यम से किसी भी अप्रिय घटना को रोकना और त्योहारों के दौरान शांति बनाए रखना प्राथमिक उद्देश्य है। पुलिस का यह भी प्रयास है कि आमजन तक



संदेश पहुंचे और उन्हें शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की प्रेरणा दी जाए। इसके लिए अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से सहयोग की अपील भी की है। महत्वपूर्ण स्थानों और हॉटस्पॉट क्षेत्रों में पुलिस ने विशेष निगरानी रखी है और संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की निरंतर चेकिंग सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस टीम ने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा और शांति बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है। पैदल गश्त के दौरान पुलिस का आमजन से संवाद भी स्थापित किया गया, ताकि किसी भी तरह की अफवाह या असामाजिक गतिविधियों को रोका जा सके। इस तैयारी से शहरवासियों में सुरक्षा और भरोसा बढ़ा है, और वे उत्सवों को बिना किसी भय के मनाने के लिए तैयार हैं।

# जिला स्तरीय बालक-बालिका भारत्तोलन की हुई प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला खेल विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को शहीद उद्यम सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय बालक-बालिका भारत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, शारीरिक फिटनेस और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना बताया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन एवं पुरस्कार वितरण एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन और जिला भारत्तोलन एसोसिएशन के अध्यक्ष सुखचेन वालिया ने संयुक्त रूप से किया। दोनों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगे बढ़ने और खेलों में नाम कमाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने



का सबसे बड़ा लाभ अनुभव और आत्मविश्वास होता है, जो भविष्य में बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होता है। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 48 किग्रा वर्ग में शिफा ने प्रथम, सोनम द्वितीय और प्रिया तृतीय स्थान हासिल किया। 53 किग्रा वर्ग में निधि, राखी और रचना ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। 63 किग्रा वर्ग में तपस्या, सीमा और रूही ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर कब्जा किया। 69 किग्रा वर्ग में आशु प्रथम, तनू द्वितीय और रीना तृतीय रहीं। 77 किग्रा वर्ग में वंदना, अंशु और अंजना ने पुरस्कार जीते, जबकि 86 किग्रा वर्ग में वंशिका प्रथम रहीं। बालक वर्ग में भी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। 60 किग्रा में अक्षित बालियान प्रथम, आर्यन द्वितीय और अमन तृतीय रहे। 65 किग्रा वर्ग में रिहान, तरुण और अमित ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। 71 किग्रा में अभय प्रथम, हंस द्वितीय और देव तृतीय रहे। 79 किग्रा में जुनैद, अंकुर और गौरव ने पुरस्कार जीते। 88 किग्रा में विकास प्रथम और 110 किग्रा में सिद्धार्थ चौहान ने शीर्ष स्थान हासिल किया। इस अवसर पर विकास बालियान, गौरव राठौर, सोनू अहलावत, करण गिरी, अमित मान और आकाश चौधरी सहित कई युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे। आयोजन का समापन उत्साह और खुशी के साथ हुआ।

## पिता ने पुत्र व पुत्रवधू पर मारपीट के लगाए आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव सोहजनी उमरपुर मे एक पारिवारिक रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। जहाँ एक व्यक्ति ने अपने ही पुत्र व पुत्रवधू के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए थाना भवन थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़ित पप्पू ने बताया कि उसका पुत्र विकास और पुत्रवधू दीपा आए दिन उसके व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट करते हैं तथा जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। आरोप है कि 12 मार्च 2026 की सुबह दोनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की जिसमें उसका हाथ टूट गया। परिजनों ने किसी तरह उसे बचाया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि उसकी पुत्रवधू दीपा परिवार के अन्य सदस्यों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देती है। साथ ही बच्चों को जहर देकर मारने और पूरे परिवार को जेल भिजवाने की धमकियां भी आए दिन देती रहती है स जिससे परिवार में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शामली पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना भवन पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना भवन प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कारवाई की जाएगी। यह घटना न केवल पारिवारिक विघटन को दर्शाती है बल्कि समाज में रिश्तों के बदलते स्वरूप और बढ़ते घरेलू विवादों की ओर भी संकेत करती है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आएगी।

# उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली** उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ शाखा, नगर पालिका परिषद के पदाधिकारियों ने गुरुवार को जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ के प्रतिनिधियों ने सफाई कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न लंबित समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की।

संघ पदाधिकारियों ने बताया कि नगर निकायों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को लंबे समय से अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन में वर्ष 2006 में नियुक्त संविदा सफाई कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ दिए जाने की मांग की गई। उनका कहना है कि अन्य विभागों के कर्मचारियों को यह सुविधा दी जा



रही है, लेकिन सफाई कर्मचारियों को इससे वंचित रखा गया है, जो कि उनके साथ अन्याय है। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2006 से कार्यरत संविदा कर्मचारियों के मृतक आश्रितों को उसी आधार पर नियुक्ति देने की मांग भी उठाई गई, ताकि उनके परिवारों को आर्थिक सहारा मिल सके। वहीं, वर्ष 2005 में नियुक्त स्थायी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को पुन: लागू करने की मांग की गई, जिससे कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित हो सके। संघ ने यह भी मुद्दा उठाया कि नगर पालिका परिषद शामली और नगर पंचायतों में कार्यरत आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को श्रम विभाग द्वारा अकुशल श्रेणी में रखा गया है, जबकि वे अपने कार्य में दक्ष और अनुभवी हैं। इसलिए उन्हें कुशल या अर्धकुशल श्रेणी में शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन बढ़ाकर न्यूनतम 20 हजार रुपये प्रतिमाह करने की भी मांग की गई। इसके अलावा, नगर पालिका परिषद के स्थायी कर्मचारियों के मृतक आश्रितों को वर्ष 2016 से पारिवारिक पेंशन महंगाई भत्ते सहित लागू करने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से इन सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। इस दौरान शाखा अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि, अश्वनी तेश्वर, अमित तेश्वर, विनोद निर्वाल, देवेंद्र कुमार बिडला, जितेंद्र टांक, धर्मेंद्र कुमार, जितेंद्र चंद्रा, सचिन तेश्वर, जोगेश पाहिवाल, मनीष गहलोत और संदीप कुमार सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# डिजिटल जनगणना प्रशिक्षण का दूसरा बेंच शुरू

## जनगणना के महत्व, सामाजिक लाभ की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नवीन कलेक्टर सभागार में डिजिटल जनगणना 2027 के अंतर्गत फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण प्रथम बैच के सफलतापूर्वक संपन्न सत्र (16-18 मार्च) के बाद आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य फील्ड ट्रेनर्स को पूरी तरह प्रशिक्षित करना और उन्हें आगामी जनगणना 2027 के लिए तैयार करना है।

सत्र का शुभारंभ एसडीएम (न्यायिक) शिवाजी यादव ने सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना के महत्व, इसके प्रशासनिक और सामाजिक लाभ, और जनसांख्यिकी आंकड़ों की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद मास्टर ट्रेनर सचिन विकल, शिव कुमार भारती (जनगणना निदेशालय, लखनऊ) और रंजीत कुमार ने प्रशिक्षण सत्र को आगे बढ़ाया। प्रशिक्षकों ने जनगणना की अवधारणाओं, जनगणना अधिनियम, प्रगणक क्षेत्र और मकान सूचीकरण प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रथम दिवस में फील्ड ट्रेनिंग के दौरान विभिन्न विषयों पर प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिससे फील्ड ट्रेनर्स की समझ और तैयारी का आकलन किया गया। प्रशिक्षकों ने उन्हें आगामी दिनों में होने वाले क्रियाकलापों, क्षेत्र भ्रमण और व्यावहारिक प्रशिक्षण की रूपरेखा भी स्पष्ट की।

इस दौरान सभी फील्ड ट्रेनर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिम्मेदारी की गंभीरता को समझा। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य न केवल फील्ड ट्रेनर्स को कुशल बनाना है, बल्कि उनके माध्यम से प्रगणक और पर्यवेक्षकों को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्रदान करना है।

इस प्रक्रिया से सुनिश्चित किया जाएगा कि जनगणना 2027 समय पर, व्यवस्थित और सही आंकड़ों के साथ संपन्न हो। सत्र के दौरान प्रशिक्षकों ने फील्ड ट्रेनर्स को यह भी समझाया कि जनगणना में प्रत्येक जानकारी का महत्व है और इसे सावधानीपूर्वक और निष्पक्ष तरीके से एकत्र करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण के अंत में सभी फील्ड ट्रेनर्स ने अपने अनुभव साझा किए और आने वाले कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस तरह का व्यवस्थित प्रशिक्षण सुनिश्चित करेगा कि जनगणना 2027 प्रभावी, सटीक और सफल तरीके से सम्पन्न हो, जिससे प्रशासनिक नीतियों और योजनाओं के लिए भरोसेमंद आंकड़े उपलब्ध हो सकें।

# प्रथम नवरात्र को मां शैलपुत्री की हुई पूजा-अर्चना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली** जनपद में चौत्र नवरात्र के शुभारंभ के साथ ही गुरुवार को मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी। भक्तों ने विधि-विधान के साथ माता रानी की आराधना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

हिंदू नववर्ष के आगमन के साथ शुरू हुए इस पावन पर्व पर घर-घर में कलश स्थापना और पूजा-पाठ का विशेष आयोजन किया गया। सुबह के समय से ही श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां दुर्गा की उपासना शुरू की और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। वहीं जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत कलश स्थापना की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। शहर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। हनुमान धाम स्थित श्री दुर्गा



मंदिर, सब्जी मंडी स्थित अठे वाला दुर्गा मंदिर और राजो मोहल्ला स्थित श्री चौदस वाला दुर्गा मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने पूरे श्रद्धा भाव के साथ माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा का विशेष महत्व होता है। माना जाता है कि इस दिन सच्चे मन से मां की आराधना करने से जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और सकारात्मक



ऊर्जा का वास होता है। इसी विश्वास के साथ श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों की सजावट से मंदिरों की भव्यता और भी बढ़ गई। वहीं श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। मंदिर परिसरों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे व्यवस्था सुचारू बनी रही और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पूरे दिन मंदिरों में भजन-कीर्तन और माता के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। नवरात्र के पहले दिन का यह उत्साह पूरे शहर में दिखाई दिया और माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

# गांधी चौक पर हुआ नव रात्र पर भव्य कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में हिंदू नववर्ष और चौत्र नवरात्र के शुभारंभ के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शहर के गांधी चौक स्थित नगर अध्यक्ष विवेक बंसल के कार्यालय पर संपन्न हुआ, जहां बड़ी संख्या में व्यापारी एकत्रित हुए और उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित व्यापारियों ने एक-दूसरे को हिंदू नववर्ष और मां दुर्गा के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। साथ ही प्रसाद का वितरण कर धार्मिक आस्था और भाईचारे का संदेश दिया गया। वातावरण पूरी तरह से उत्सवमय और श्रद्धा से ओत-प्रोत दिखाई दिया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और सदस्यों ने व्यापारियों के हितों की रक्षा को लेकर भी चर्चा की। संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट रहने तथा समाज में आपसी सहयोग, सद्भाव और समरसता को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि एक मजबूत संगठन ही व्यापारियों की आवाज को प्रभावी तरीके से प्रशासन तक पहुंचा सकता है।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष अंकित जैन, जिला महामंत्री पीयूष वर्मा, एडवोकेट निर्भय संगल, वैभव प्रकाश गोयल, प्रतीक गर्ग, विनीत कर्णवाल, सुशील चौहान, राहुल कुमार दीवाना, अंकित तुवर, विपिन अत्री, विकास सोनी, विकास गोयल, अंकित गुप्ता, संदीप मित्तल और शौरभ बंसल सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना के साथ हुआ, जिसमें सभी ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## आर्य समाज मंदिर में यज्ञ का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नव संवत्सर और आर्य समाज के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर महिला आर्य समाज के तत्वावधान में आर्य समाज मंदिर स्थित यज्ञशाला में भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वैदिक परंपराओं के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में कौशल्या आर्या एवं पूनम आर्या उपस्थित रहीं। यज्ञ का संचालन आर्य समाज के पुरोहित आदित्य आर्य के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिपूर्वक किया गया। मंत्रों की गूंज से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति भाव से सराबोर हो गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां देकर विश्व कल्याण, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सभी ने नव संवत्सर और आर्य समाज के स्थापना दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया तथा एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार और समाज में एकता, भाईचारे तथा नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। इस मौके पर संरक्षिका कमला आर्या, संतोष आर्य, प्रधान सुनीतपाल आर्या, सुषमा आर्या, नीलम आर्या, राजपाल आर्य, अमरीश आर्य, डॉ. राजेंद्र पाल, राजेश धीमान और बबीता धीमान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में हुआ।

# स्कूली बस ने स्कूटी सवार दो अध्यापिकाओं को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र के गांव खोडसमा में गुरुवार सुबह स्कॉलर प्राइड स्कूल, कमालपुर की एक बस ने गुरू वशिष्ट इंटर कॉलेज की दो अध्यापिकाओं की स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों अध्यापिका गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस तेज रफ्तार में चल रही थी। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल महिलाओं को सड़क से उठाकर पास के अस्पताल में भर्ती कराया।

पीड़ित पक्ष के अनुसार दोनों अध्यापिकाएं आकांक्षा और वर्षा, कॉलेज में पढ़ाती हैं और सुबह स्कूल जाने के लिए स्कूटी पर सवार थीं। उनका कहना है कि स्कूली बस ने अचानक टक्कर मारी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद आरोपी बस चालक ने घायल अध्यापिकाओं का उपचार कराने के बजाय बस को भागाकर ले गया। इससे न केवल अध्यापिकाओं की जान पर खतरा उत्पन्न हुआ, बल्कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती थी। पीड़ित परिवार ने चौसाना चौकी में लिखित शिकायत दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दुर्घटना के समय बस बहुत तेज गति से चल रही थी और चालक ने नियमों का उल्लंघन किया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी हुई है और बस चालक की तलाश की जा रही है। परिवार और ग्रामीण अधिकारियों से मांग कर रहे हैं कि हादसे के लिए जिम्मेदार चालक के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाए। वहीं घायल अध्यापिकाओं का अस्पताल में उपचार जारी है और उनके स्वास्थ्य की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना ने स्थानीय लोगों में सुरक्षा के प्रति चिंता बढ़ा दी है।

**सूचना**

शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

**सुनील वर्मा**

( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )

मो. 8630354443

कार्यालय पता:- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

# मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम द्वारा बाद मुठभेड़ पचास हजार रुपये के ईनामी बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से अवैध असलहा, नकदी व बिना नम्बर प्लेट की एक बाईक भी बरामद की गयी है।

थाना प्रभारी एएसपी सिमरन सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर साईफन पुलिया से गांव बुड्ढाखेडा जाने वाले मार्ग पर की जा रही चौकिंग के दौरान साईफन पुलिया की ओर से एक बिना नम्बर प्लेट की बाईक पर दो व्यक्ति आते दिखाई दिये। जो कि पुलिस टीम को चौकिंग करता देख बाईक मोड़कर वापस भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों का पीछा किया।

दोनो बदमाशों ने अपने आप को घिरता देख बाईक को वहीं छोड़कर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा भी आत्मरक्षार्थ में जवाबी फायरिंग की गयी तो एक बदमाश के दोनों पैरों में गोली लग गयी। जिससे वह घायल होकर वहीं पर गिर पड़ा। जबकि उसका दूसरा साथी जंगल व आम के घने बाग का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। फरार बदमाश की तलाश में टीम द्वारा कॉबिंग की जा रही है। पुलिस द्वारा घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया। जिसकी पहचान बिलाल पुत्र जमशैद निवासी ग्राम टोडरपुर थाना चिलकाना सहारनपुर के रूप में हुई। आरोपी बदमाश थाना चिलकाना का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है,÷ जो कि थाना सरसावा पर दर्ज बाईक लूट के एक मुकदमे में फरार चल रहा था। तथा थाना सरसावा से ही पचास हजार रुपये का ईनामी अपराधी भी घोषित है। आरोपी के खिलाफ जनपद के अलग अलग थानों पर डकैती, लूट, चोरी, रंगदारी, नशा तस्करी व गैंगस्टर एक्ट आदि के सम्बन्ध में दो दर्जन से भी अधिक मुकदमें दर्ज हैं।

## भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे दीपक गुप्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अंतरराष्ट्रीय रेफरी और सहारनपुर जिला जूडो संघ के संस्थापक सचिव दीपक गुप्ता एक बार फिर विश्व पटल पर भारत और सहारनपुर का मान बढ़ाने के लिए तैयार हैं। आगामी 20 से 21 मार्च तक जॉर्जिया में आयोजित होने वाले आईबीएसए जूडो वर्ल्ड कप के लिए दीपक गुप्ता, भारतीय दृष्टिबाधित जूडो टीम के साथ प्रशिक्षक के रूप भाग लेकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

अंतरराष्ट्रीय रेफरी दीपक गुप्ता की यह उपलब्धि उनके शानदार करियर में एक और सुनहरा अध्याय है। अंतर्राष्ट्रीय रैफरी दीपक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इससे पूर्व वह एशियन चौम्पियनशिप, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स और विश्व चैम्पियनशिप जैसी 15 से अधिक बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व बतौर प्रशिक्षक और रेफरी कर चुके हैं।

# गैस न मिलने पर उपभोक्ताओं का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** गैस की किल्लत ने गुरुवार को नगर की रफ्तार थाम दी। सुबह से ही एजेंसी के बाहर लगी लंबी कतारें धीरे धीरे गुस्से में बदल गई और घंटों इंतजार के बाद उपभोक्ताओं का सब्र टूट गया। खाली सिलेंडर लिए खड़े लोगों की बेचौनी आखिरकार धरने में बदल गई। नाराज उपभोक्ताओं ने एजेंसी के बाहर जोरदार प्रदर्शन करते हुए व्यवस्था पर सवाल उठाए और अनियमित आपूर्ति के खिलाफ खुलकर आवाज बुलंद की।

धरने की कमान किसान मजदूर संगठन के तहसील अध्यक्ष संजय चौधरी ने संभाली। उन्होंने एजेंसी प्रबंधन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कई दिनों से बुकिंग कराने के बावजूद गैस नहीं मिल रही है, जिससे आम आदमी का चूल्हा तक ठंडा पड़ने लगा है। उनका कहना था कि यह समस्या अब केवल असुविधा नहीं, बल्कि जनजीवन से जुड़ा बड़ा संकट बन चुकी है।

धरने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने में जुट गई। माहौल उस वक्त और गरमा गया जब एजेंसी मैनेजर मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों के सवालों का सामना करना पड़ा। आखिरकार कड़े तेवर और बढ़ते दबाव के बीच मैनेजर ने जल्द ही आपूर्ति सुचारू करने का भरोसा दिया। आश्वासन मिलने के बाद ही लोगों का गुस्सा कुछ शांत हुआ और धरना समाप्त किया गया।इस दौरान रामकुमार शर्मा, लो. केश राणा सहित बड़ी संख्या में किसान और नगरवासी मौजूद रहे।

# कार व बाइक की भिड़ंत में दो गंभीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सहारनपुर रोड पर कार व मोटरसाईकिल के बीच हुई आमने सामने की भिड़ंत में मोटरसाईकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया।

मिली जानकारी के अनुसार चिलकाना क्षेत्र के गांव पटनी निवासी असलम पुत्र सलीम व नदीम पुत्र सलीम एक मोटरसाईकिल पर सवार होकर पटनी से चिलकाना की ओर आ रहे थे। जैसे ही वह पटनी से चिल. काना की ओर पुलिया के निकट पहुंचे तो सामने से आ रही कार से टकरा गये। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाईकिल सवार दूर जा गिरे ओर गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मोटरसाईकिल सवार दोनों युवक नशे की हालत में प्रतीत हो रहे थे, जो तेज गति से मोटरसाईकिल चलाते हुए सामने से आ रही कार से जा टकराये। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेते हुए घायलों को राहगीरों की मदद से डॉयल 108 एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल भिजवाया।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन रक्षक के कार्येकर्ताओ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ओहलान के नेतृत्व में सैल टैक्स अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जीएसटी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने एवं इसमें संलिप्त अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन रक्षक के के पदाधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह ओहलान के नेतृत्व में सैल टैक्स कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। भाकियू रक्षक के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. वीरेंद्र सिंह ओहलान ने बताया कि जीएसटी विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन रक्षक के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन कमिश्नर को सौपा।

# वैष्णवी महाकाली मंदिर में की घट स्थापना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राधा विहार स्थित महा शक्तिपीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर में चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा पर घट स्थापना की गई।

श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित नवरात्रि महोत्सव में चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा पर मां भगवती के चौदस मंगल कलश विधिवत पूजा कर स्थापित किए गए और सभी भक्तों ने विश्व कल्याण की कामना से मंगल कलश को अपने माथे से लगाकर देवी के सामने स्थापित किया इसके उपरांत ही भोग अर्पण कर महा आरती उतारी गई।

मंगल कलश घट स्थापना अवसर पर नव दुर्गा घट स्थापना महिमा का वर्णन करते हुए स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा मंगल कलश घट स्थापना संपूर्ण प्रकृति की स्थापना है जिससे जीवन में सकारात्मक का सृजन होता हैं और इसी समय प्रकृति में भी नया संचरण एवं नई चेतना सुरजीत होती है नए पत्ते फल फूल प्रकृति का सौंदर्य बढ़ाते हैं। इसी आधार पर नवरात्रि में भगवती की घटना करने से जीव के जीवन में ब्रह्म शक्ति का जागृत भाव प्रकट होता है जिससे चिंतन मनन एवं ज्ञान में सुगमता होती है मानव शरीर ने कहा मां दुर्गा पूजा नवरात्रों में विशेष फलदाई है जीव जगत एवं ब्रह्मांड का कल्याण करने वाली है उन्होंने कहा प्रत्येक जीव को भगवती की आराधना करनी चाहिए और प्रतिपदा पर घटस्थापना कर विधिवत दुर्गा सप्तशती का पाठ करने से विशेष फल प्राप्त होता है और सभी मनोरथ सिद्ध होते हैं।

इस अवसर पर रामेश्वरम शर्मा पवन धीमान राजेंद्र सिंह अश्वनी कंबोज रमेश शर्मा अनिल नारंग नरेश संदेश बबीता राजबाला गीता कुसुम अत्री रेखा पूनम आदि रहे

# ईद उल फितर रमजान की इबादतों का इनामः मौलाना मुकर्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** हजरत मौलाना मुकर्रम हुसैन ने कहा कि ईद उल फितर रमजान की इबादतों के ईनाम का दिन है इसलिए इस खास दिन का पूरा एहतराम किया जाना चाहिए।

हलगोया स्थित मशहूर मदरसा मदरसा दारुल उलूम शब्बीरिया के प्रबंधक हजरत मौलाना मुकर्रम हुसैन ने ईद उल फितर के बारे में बात करते हुए कहा कि ईद उल फितर का दिन बहुत अहम बहुत खास दिन है।क्योंकि ये रमजान उल मुबारक के रोजे, नमाज,तरावीह,नफ्ली इबादत,जिक्रो अजकार और दीगर तमाम इबादतों के बदले खुदा वन्द की तरफ से ईनाम दिए जाने का दिन है।इस दिन अल्लाह अपने बंदों की खताओं गुनाहों को मुआफ करता है और उनकी छोटी से छोटी नेकी पर भी बड़े बड़े सवाब अता करता है।इसलिए इस को लाप. रवाही या मौज मस्ती में न गुजारें बल्कि अल्लाह का शुक्र अदा करें कि उसने रमजान का मुबारक और रहमतों वाला महीना अता किया और ईनाम में ईद उल फितर का दिन अता किया।

मौलाना मुकर्रम हुसैन ने कहा कि ईद की नमाज के लिए ईदगाह में जाना बेहतर है।उन्होंने कहा कि शासन की गाइडलाइन का पालन करना चाहिए और सड़क पर नमाज अदा नहीं करनी चाहिए।

# मां शाकंभरी के दरबार में होती है हर मुराद पूरी

**खुर्शीद आलम**

**सडोली कदीम।** जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर दूर तहसील बेहट की शिवालिक पर्वत श्रृंखलाओं के बीच स्थित मां शाकंभरी देवी सिद्धपीठ की गिनती देश के 51 पवित्र शक्तिपीठों में की जाती है। पावन नवरात्र एवं प्रत्येक मास की चतुर्दशी पर्व पर यहां अटूट आस्था श्रद्धा एवं भक्ति का अदभुत संगम देखने को मिलता है।

वन आच्छादित इस पावन तीर्थ के पास के ही क्षेत्र में बाबा भूरादेव मंदिर, छिन्मस्तिका मंदिर, रक्तदंतिका मंदिर, पंच महादेव, बड़केश्वर महादेव, इंद्रेश्वर महादेव, साकेश्वर महादेव, कमलेश्वर महादेव, बडकेश्वर महाद. ेव, सहंस्रा ठाकुर धाम, वीर खेत, प्राचीन गुफा, ठाकुर, सहंस्रा भगवान विष्णु की विराट छवि,सूर्य कुंड गौतम ऋषि की गुफा, बाणगंगा तथा प्रेतशिला सरीखे पवित्र स्थल स्थापित है। मां शाकंभरी आदिशक्ति का ही स्वरूप है और सिद्ध पीठ में बने माता के पावन भवन में माता शाकंभरी, भीमा, भ्रामरी शताक्षी देवी की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है।मान्यता है की पुरातन युग में जब राक्षसों के पाप के कारण सृष्टि पर अकाल पड़ गया था ठीक उसी समय सभी देवताओं ने मिलकर शिवालिक पर्वत श्रृंखलाओं की प्रथम शिखा पर पूर्ण भक्ति भावना आस्था एवं श्रद्धा से ओतप्रोत होकर मां जगदंबा की आराधना की। इससे प्रसन्न होकर अंततः मां भगवती प्रकट हुई । मार्कंडेय पुराण में भी उल्लेख किया गया है कि शिवालिक पर्वत पर पुरातन काल में शिव गौरी नारायणी का शीश गिरा था और इसी कारण आज भी अधिसंख्य भक्तों की यही मान्यता है कि मां भगवती सूक्ष्म शरीर में इसी स्थल पर वास करती है जब भी मां



अंबे गौरी का कोई भक्त श्रद्धापूर्वक मां भगवती की आराधना करता है, दयामयी शाकंभरी देवी स्थूल शरीर में प्रकट होकर भक्तजनों की मुराद पूरी करती है। पुरातन ग्रंथों में माता की महिमा का उल्लेख असुरों से युद्ध में शुभ, निशुंभ, महिषासुर चंड, मुंड वध करने के लिए भी किया गया है।मान्यता यह भी है की माता ने धर्म की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले भूरादेव बाबा को भी वचन दिया था कि जो भी उनके दरबार में आएगा वह सबसे पहले बाबा भूरादेव के दर्शन करेगा। यही कारण है कि भवन में बाबा भूरादेव के दर्शन करने के बाद ही भक्त आगे बढ़ते हैं।

शाकंभरी मंदिर की संपूर्ण व्यवस्थाएं पूर्व विधायक रानी देवलता का परिवार संभालता है। पूर्व विधायक के बड़े बेटे आदित्य प्रताप राणा, आतुल्या प्रताप राणा और पौत्र सुयश प्रताप राणा द्वारा मां शाकुंभरी देवी मंदिर की सभी व्यवस्था की जाती है। आदित्य प्रताप राणा का कहना है कि मां शाकंभरी देवी मंदिर उनकी कुलदेवी का मंदिर है।

## स्टीकर का वितरण

**सहारनपुर।** हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा राधा कृष्ण मंदिर, बाजोरिया रोड पर हिन्दू नववर्ष के अवसर पर मिलन, शुभकामना एवं प्रचार स्टीकर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हिन्दू जागरण मंच पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ठाकुर सूर्यकांत सिंह ने कहा कि नववर्षः भवतः जीवने सुखं, समृद्धिं, आरोग्यं च वहतु। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि यह नववर्ष सभी के जीवन में नई ऊर्जा, नई आशाएं और अपार खुशियां लेकर आए तथा सफलता के नए द्वार खोले। उन्होंने हिन्दू नवसंवत्सर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ब्रह्मपुराण आधारित ग्रंथ 'कथा कल्पतरु' के अनुसार चौत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी और इसी दिन से संवत्सर की गणना शुरू हुई।

# सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष बने के एल अरोड़ा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन के सम्बन्ध में चयन समिति की एक अति आवश्यक बैठक संस्था कार्यालय पर सम्पन्न हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार तथा दिल्ली से संस्था के प्रति. निधियों ने चयन समिति सदस्य के रूप में भाग लिया तथा संस्था के राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार हेतु सर्वसम्मति से संस्थापक के. एल. अरोड़ा को आगामी कार्यकाल हेतू राष्ट्रीय अध्यक्ष मनौनित किया गया। इस दौरान कार्यालय में उपस्थित चयन समिति के सदस्यों द्वारा के.एल. अरोड़ा का माल्यापर्ण कर शुभकामनाऐं दी गयी।

इस दौरान अन्य प्रदेशों से सदस्य वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित रहे। चुनाव अधिकारी रंजन गुप्ता ने बताया कि संस्था के विस्तार को दृष्टिगत् रखते हुए श्री अरोड़ा ही समस्त प्रदेशों को जोडकर रखने हेतू उपयुक्त हैं। इसलिये उन्हे संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेतु मनोनीत किया गया है, यह निर्णय चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया है। संस्था के संस्थापक व नवचयनित राष्ट्रीय अध्यक्ष के. एल. अरोड़ा ने कहा कि संस्था ने गत् 17 वर्षो से सहारनपुर, मुज्जफरनगर तथा उत्तराखण्ड के देहरादून में अपनी सेवाऐं प्रदान की हैं। अब समय है कि वरिष्ठ नागरिकों की यह संस्था पूरे भारत में अपना विस्तार करे तथा वरिष्ठ नागरिकों को एक मंच पर लाकर संगठित करे तथा उनके कल्याण में मुख्य भूमिका का निर्वहन करे। इस दौरान चुनाव अधिकारी रंजन गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष आर. के. जैन, सी. एम. एण्डले, पी. एन. छोकरा, सहारनपुर के वर्तमान अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र शर्मा, उत्तराखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष एल. आर. कोठियाल, उत्तराखण्ड के प्रभारी गौकरण दत्त शर्मा, प्रदेश संयोजक डा. अतुल जोशी, दिल्ली से भारत भूषण, बिहार के पटना जिले से प्रिंस कुमार व राष्ट्रीय चेतना मिशन से स. सुपनीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा

**सहारनपुर।** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी-प्रथम ने दहेज हत्या के मुकदमे में अभियुक्त को आजीवन कारावास व 15 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता सतीश सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 मई 2020 को वादिया श्रीमती सोमवती पत्नी बाबूराम निवासी मानकमऊ थाना कुतुबशेर ने थाने में लिखित तहरीर देकर अभियुक्त सुमित पुत्र संजय निवासी ग्राम दलहेड़ी थाना बड़गांव व कांता पत्नी संजय निवासी ग्राम दलहेड़ी थाना बड़गांव द्वारा वादिया की पुत्री नीतू से दहेज की अतिरिक्त मांग करते हुए न देने पर फांसी लगाकर हत्या करने की सूचना पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

# ईदगाह पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** चैयरमेन अफजाल खान व प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी ने ईदगाह का निरीक्षण कर यातायात पार्किंग, साफ सफाई पेयजल आपूर्ति आदि का जायजा लिया। नानौता की ईदगाह सुन्नी में ईद की नमाज सुबह 8 बजे ईदगाह शिया में सवा 8 बजे व जमा मस्जिद में साढ़े 8 बजे अदा होगी

नगर में शाम 4 बजे थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी व नगर पंचायत चैयरमेन पति अफजाल खान ने ईदगाह सुन्नी व ईदगाह शिया का निरीक्षण किया। इंस्पेक्टर नवीन कुमार सैनी ने एसएसआई जितेन्द्र कुमार व पुलिस कर्मियों के साथ ईद की नमाज से पूर्व सुरक्षा के इंतजाम का जायजा लिया वही यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के बारे में ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष अफजाल चैयरमेन व मोहतमिम हाजी शमीम मंसूरी के साथ चर्चा की। वहीं चौयरमेन पति अफजाल खान ने सभासद शाहिद खान कालू, फराज सिद्दीकी शब्बू, पूर्व सभासद अमजद खान, नसीम सिद्दीकी, मुस्तकीम मंसूरी, सादिक, वाजिद मलिक, आदि के साथ ईदगाह पहुंचकर सफाई व पेयजल आपूर्ति का गहनता से निरीक्षण किया।

इसके बाद ईदगाह शिया पहुंचकर चौयरमेन पति अफजाल खान व प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी ने व्यवस्था का जायजा लिया इस दौरान मौलाना असद रजा भी मौजूद रहे।

# छेड़छाड़ को लेकर संघर्ष, कई घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सडोली कदीम।** महिला से छेड़खानी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे और धारदार हथियार चले। झगड़े में आधा दर्जन लोगों के घायल होने की खबर है। झगड़े का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पूरा मामला कोतवाली बेहट इलाके के गांव पठानपुरा जसमौर का है। गांव की ही एक महिला का आरा. ेप है कि उसका मायका और ससुराल इसी गांव में है। बुधवार की रात महिला अपने मायके से ससुराल जा रही थी इसी दौरान एक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ कर दी और उसकी गोद से बच्चे को भी जमीन पर गिरा दिया। जिसके बाद दोनों पक्षों के लोग आमने सामने आ गए और जमकर लाठी डंडे और धारदार हथियार चले। संघर्ष में आधा दर्जन लोगों के घायल होने की खबर है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को तीतर बितर कर घायलों को अस्पताल भिजवाया। झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इंस्पेक्टर सतपाल भाटी का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## नेत्रदान किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महानगर निवासी संजय मित्तल ने अपने इकलौते पुत्र राघव के निधन के बाद उसके दोनों नेत्र दान कर मानवता की मिसाल पेश की है। राघव की आंखों से अब दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में फिर से उजाला लौट सकेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दृष्टि एक प्रयास संस्था के अध्यक्ष डॉ. अमित गर्ग के साले संजय मित्तल एवं अनिल मित्तल ने नेत्रदान की इच्छा व्यक्त की। इसके पश्चात रोशनी आई बैंक चिकित्सालय सोसाइटी की टीम को सूचित किया गया। चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. श्वेता, डॉ. ए.के. सिंह एवं डॉ. दीपक शर्मा सहित आई बैंक की टीम ने देर रात करीब 2 बजे पहुंचकर राघव के दोनों नेत्रों के कॉर्निया सुरक्षित रूप से प्राप्त किए, जिनका प्रत्यारोपण अब जरूरतमंद नेत्रहीन व्यक्तियों में किया जाएगा।

# छात्रावासों के खिलाड़ियों के लिए होंगे ट्रायल्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आवासीय क्रीडा छात्रावासों के लिए आयोजित होने वाले जिला व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल में खिलाड़ी भाग लेकर अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे।

क्रीडाधिकारी राहुल चोपडा ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल निदेशालय उप्र, लखनऊ के तत्वाधान में क्षेत्रीय खेल कार्यालय द्वारा आवासीय क्रीडा छात्रावासों में प्रवेश हेतु 12 वर्ष से कम आयु के बालक/बालिकाओ की जिम्नास्टिक एवं तैराकी एवं शेष खेलों में 15 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिका भाग ले सकेंगे। प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों की आयु 01 अप्रैल, को निर्धारित खेलों में 12 वर्ष व 15 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिये। आवासीय क्रीडा छात्रावासों में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी को खेल साथी पोर्टल पर लागिन कर आनलाइन आवेदन करना होगा। पूर्ण रूप से आवेदन पत्रों को भरकर डैशबोर्ड पर उपलब्ध माध्यम से निर्धारित शुल्क को ऑनलाईन खेल साथी पोर्टल के माध्यम से जमा किया जायेगा। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मे आयोजित होने वाले जिला व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन प्रातः 09 बजे से किया जायेगा। उन्होने बताया कि जिम्नास्टिक, तैराकी खेल में बालक वर्ग में जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 23 मार्च को व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 27 मार्च को किया जायेगा जबकि बालि. का वर्ग में जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 24 मार्च को व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 25 मार्च को किया जायेगा। कुश्ती, हॉकी, वालीवाल, फुटबाल, बैडमिन्टन, टेबुल-टेनिस खेल में बालक वर्ग में जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 23 मार्च को व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 27 मार्च को किया जायेगा। जबकि बालिका वर्ग में कुश्ती, हॉकी, वालीवाल, बैडमिन्टन, टेबुल-टेनिस खेल में जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 24 मार्च को व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 28 मार्च को किया जायेगा। क्रिकेट खेल में बालक वर्ग में जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 25 मार्च को व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 20 मार्च को किया जायेगा। कबडडी, बास्केटबाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो, हैण्डबाल खेल में बालक वर्ग में जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 25 मार्च को व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 29 मार्च को किया जायेगा। जबकि बालि. का वर्ग में कबडडी, बास्केटबाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, हैण्डबाल खेल में जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 26 मार्च को व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 30 मार्च को किया जायेगा। क्रीडाधिकारी राहुल चोपडा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा प्रदत्त जन्मतिथि प्रमाण-पत्र एवं अभ्यर्थी के माता. ध्पिता द्वारा जन्मतिथि के सम्बन्ध में नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं बिना आयु प्रमाण-पत्र के किसी भी बालकध्बालिकाओं को चयन/ट्रायल्स में सम्मिलित नही किया जायेगा।

उन्होने बताया कि वालीवाल एवं बास्केटबाल में बालक की लम्बाई-175 सेमी तथा बालिका की लम्बाई-160 सेमी होनी चाहिये।

# रमजान की 29वीं शब में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब


शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पवित्र माह रमजान की 29वीं शब में प्रमुख मस्जिदों में विशेष नमाज तरावीह में कुरान पाक मुकम्मल हुआ। इसके बाद सामूहिक दुआ हुई, जिसमें अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर गुनाहों की माफी मांगने के साथ ही देश और दुनिया में अमन चैन की दुआ की गई। दुआ में शामिल होने के लिए उत्तराखंड व हरियाणा समेत आसपास के जनपदों के बड़ी संख्या में लोग देवबंद पहुंचे। भारी भीड़ के चलते देर रात तक बाजार गुलजार बने रहे।

नगर की मरकजी जामा मस्जिद में प्रसिद्ध आलिम ए दीन मुफ्ती कारी अफ्फान मंसूरपुरी ने कुरान पाक मुकम्मल कराया। उन्होंने बयान करते हुए कहा कि रमजान का महीना दुआओं के कुबूल होने का खास महीना है। रमजान के बचे हुए वक्त में हमें खूब दुआओं का एहतमाम कर अपने गुनाहों की माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने लोगों से इंटरनेट मीडिया से पनप रही बुराइयों से दूर रहने और मोबाइल का सही इस्तेमाल करने का आह्वान लोगों से किया। नशाखोरी को उन्होंने किसी भी समाज के लिए कलंक बताया। दारुल की छत्ता मस्जिद में जमीयत उलमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने बयान किया और रमजान की फजीलत बताई। उन्होंने देश में अमनो-अमान और आपसी भाईचारे एवं सौहार्द की दुआ कराई। प्रसिद्ध मस्जिद रशीद में जमीयत के दूसरे धड़े के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने बयान करते हुए कहा कि रमजान हमें सब्र के साथ ही दूसरों की मदद का सबक देता है। उन्होंने गरीबों को भी ईद की खुशियों में शामिल करने और असहाय लोगों की खूब मदद करने का आह्वान किया। नगर की प्रमुख मस्जिदों में खत्म ए कुरान के मौके पर हुई दुआ में शामिल होने के बाद अकीदतमंदों ने बाजारों में ईद की खरीदारी की। इस दौरान होटलों में भारी भीड़ बनी रही। देर रात तक दारुल उलूम व जामा मस्जिद क्षेत्र में लोगों का जमावड़ा रहा। टोपी, रुमाल, इत्र व जूते कपड़े आदि की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिली।

## दुआ में शामिल होने आए हरियाणा और उत्तराखंड के दो लोगों की कारों में असमाजिक तत्वों ने की तोड़फोड़

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देवबन्द।** मस्जिद रशीद में दुआ में शामिल होने आए हरियाणा और उत्तराखंड के दो लोगों की कारों में असमा. जिक तत्वों ने तोड़फोड़ कर डाली। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

हरियाणा के यमुनानगर निवासी परवेज और उत्तराखंड के रुड़की निवासी नाजिम अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार की रात दुआ में शामिल होने देवबंद आए थे। उन्होंने अपनी एक्सयूवी और डिजायर कार दिल्ली-देहरादून हाइवे स्थित मोहल्ला सैनी सराय में सड़क किनारे खड़ी की थी। आरोप है रात 12 बजे दुआ खत्म होने पर वापस लौटे तो उन्हें दोनों कारों के अगले शीशे टूटे मिले और टायर कटे हुए मिले। इस दौरान वहां अकीदतमंदों की भीड़ जमा हो गई और घटना पर रोष जताया। उन्होंने इसे देश में वर्ग विशेष के प्रति बने नफरत के माहौल की उपज बताया। पीड़ितों ने पुलिस से असमाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री देवी की पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं का लगा तांता

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देवबन्द।** चौत्र नवरात्र के प्रथम दिन श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री देवी की पूजा अर्चना की गई। वहीं, गुरुवार हिंदू समाज के लोगों ने अपने घरों में नवदुर्गा की घट स्थापना कर पूजा अर्चना आरंभ की।

सुबह सवेरे से ही मंदिर परिसर में माता के दर्शन के लिए लंबी लाइनें लग गई। श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाया और मां शैलपुत्री से मन्नतें मांगी। मंदिर परिसर में शतचंडी महायज्ञ भी आरंभ किया गया।

मां शैलपुत्री का महिमामंडन करते हुए मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने बताया कि पर्वतराज हिमालय के यहां पुत्री रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा। पूर्व जन्म में ये प्रजा. पति दक्ष की कन्या थी तब इनका नाम सती था। उनका विवाह भगवान शंकर के साथ हुआ था। प्रजापति दक्ष के यज्ञ में सती ने अपने शरीर का भस्म कर अगले जन्म में शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्म लिया। नव दुर्गा में प्रथम शैलपुत्री का महत्व और शक्तियां अनन्त है। वहीं, नवरात्र के प्रथम दिन बाजारों में पूजा की सामग्री खरीदने के लिए लोगों की भीड़ दिखाई दी।

# हिंदू नव वर्ष पर हवन कर की भारत के विश्व गुरु बनने की कामना

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देवबन्द।** भारतीय हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2083 के उपलक्ष में हिंदू राष्ट्र निर्माण संघ द्वारा मां त्रिपुर बाला सुंदरी देवी मंदिर परिसर में हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान सनातन प्रेमियों को हिंदू नव वर्ष की हार्दिक बधाई दी गई।

हवन यज्ञ में बड़ी संख्या में लोगों ने आहूति दी और भारत समेत विश्व भर में शांति स्थापना और भारत के जल्द हिंदू राष्ट्र बनने की और ईश्वर से प्रार्थना की। हवन के बाद कार्यकर्ताओं ने मां बाला सुंदरी से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट दुष्यंत राणा, संगठन मंत्री पंडित सतेंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी, सहारनपुर महानगर अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय समेत कार्यकर्ताओं ने मिठाई और फलों का वितरण किया। जिला उपाध्यक्ष ठा. राकेश सिंह, अंबुज शर्मा, जिला महामंत्री पारथ राणा, रुद्रा मिश्रा, रवि चौधरी, शशांक चौहान, संजीव सैनी, अमन उपाध्याय, दीपांशु उपाध्याय, गुरदयाल राणा, शिवा गुप्ता, शेखर उपाध्याय, रवि कुमार, रजत कश्यप, बलिस्टर चौधरी आदि शामिल रहे।

## चीनी मिल ने 13 मार्च तक गन्ना खरीद का किया भुगतान

**देवबन्द।** मिल के उपाध्यक्ष पुष्कर मिश्रा ने किसानों से आह्वान करते हुए कह कि वे अपनी संपूर्ण गन्ना आपूर्ति अन्य स्थानों के बजाय देवबंद चीनी मिल में ही करें, जिससे उन्हें त्वरित भुगतान का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि किसान बेसिक कोटा से अधिक गन्ना आपूर्ति कर मिल की इनामी योजनाओं का भी लाभ लेने का आह्वान किया। पुष्कर मिश्र ने किसानों से अपना गनना मिल गेट एवं क्रय केंद्रों पर साफ-सुथरा, अगोला (पत्तियों से रहित), जड़-पत्ती और वाटर शूट रहित गन्ना ही लेकर आएं, जिससे गुणवत्ता बेहतर बनी रहे और प्रक्रिया में आसानी हो।

## विधायक अशोक राणा और सपा नेता मनोज जज आमने-सामने

**धामपुर।** पुराना धामपुर क्षेत्र में हुए विवाद का मामला अब पूरी तरह राजनीतिक रंग ले चुका है। जहां शुरुआत में यह मामला कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक कार्रवाई तक सीमित दिखाई दे रहा था, वहीं अब इस पर राजनीतिक बयानबाजी ने नई बहस को जन्म दे दिया है। घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही, जिसको नियंत्रित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर प्रयास किए गए। लेकिन जैसे-जैसे मामला शांत होता दिखा, वैसे-वैसे सियासी बयान सामने आने लगे और अब यह मुद्दा राजनीतिक मंचों से लेकर सोशल मीडिया तक चर्चा का विषय बन गया है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी से जुड़े और लोकसभा चुनाव लड़ चुके पूर्व जज मनोज कुमार ने सोशल मीडिया के जरिए अपना पक्ष रखते हुए भाजपा विधायक अशोक राणा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने विधायक के उस बयान को निशाने पर लिया, जिसमें 'योगी-मोदी स्टाइल' में कार्रवाई की बात कही गई थी। पूर्व जज मनोज कुमार ने कहा कि धामपुर में कानून का शासन है और यहां किसी भी प्रकार की कार्रवाई कानून के दायरे में ही होनी चाहिए, न कि किसी राजनीतिक शैली के आधार पर। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस तरह के बयान केवल जनता के बीच अपनी लोकप्रियता बढ़ाने और राजनीतिक पहचान मजबूत करने के उद्देश्य से दिए जाते हैं। वहीं, सपा नेता के इस बयान पर भाजपा विधायक अशोक राणा ने भी कड़ा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी पहचान बनाने या नाम चमकाने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि नाम चमकाने की जरूरत सपा नेता को है।

### एक नजर

## तरावीह में कुरान पाक की तकमील



**नगीना।** मस्जिद फारुकी, जामिया अल-अबरार में उन्नतीसवीं शब के मौके पर रूहानी और ईमान अफरोज माहौल में नमाए-ए-तरावीह के दौरान कुरान करीम की तकमील का एहतिमाम किया गया। यह सआदत मुफ्ती फहीम अहमद नगीनवी के साहबजादे मुफ्ती अहमद सिद्दीकी को हासिल हुई, जबकि सामेअ के फर्ज अब्दुल्लाह बिन अजीम अहमद ने बेहतरीन अंदाज में अदा किए। तकमीले कुरआन के इस रूहपरवर मौके पर मस्जिद में बड़ी तादाद में अकीदतमंदों और इलाके के लोगों की मौजूदगी रही। इखतितामी जलसे में मुफ्ती फहीम अहमद साहब नगीनवी ने खिताब करते हुए कुरान करीम की अहमियत, उसके पैगाम को जिंदगी में लागू करने की जरूरत और रमजान के बाकी लम्हात को कीमती बनाने पर जोर दिया। उन्होंने खास तौर पर इस बात की तरफ तवज्जो दिलाई कि सिर्फ तरावीह में कुरान सुन लेना काफी नहीं है, बल्कि हर मुसलमान के लिए खुद तिलावत-ए-कुरान की पाबंदी भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि कुरान करीम से गफलत ही हमारी परेशानियों और मसाइल का एक बड़ा सबब है। इस तकरीब में शहर की कई मुअज्जिज शख्सियतों ने शिरकत की, जिनमें शेख शाहनवाज खलील, उमर फारूक, डा. अहमद नवीद फारूकी, अजीम अहमद, एजाज अहमद उर्फ गुड्डू, हाफिज सिद्दीक, फारूक ठेकेदार और अन्य गणमान्य लोग शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक दुआ की गई। जिसमें उम्मत-ए-मुस्लिमह की भलाई, देश और कौम की सलामती, देश में अमन-ओ-अमान कायम रहने और आलम-ए-इस्लाम की तरक्की के लिए खास दुआएं की गईं।

## एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी के



एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। समाज कार्य विभाग के विभाग अध्यक्ष गोपाल स्वरुप सिंह ने बताया कि एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर में गौतम कुमार ने प्रथम, हिमानी चौधरी ने द्वितीय तथा हिमांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही उत्तम रहा है। हमारा निरंतर यही प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, सहायक प्रवक्ता अनुज कुमार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई

**नहटौर।** क्षेत्र के कश्मीरी-कलाली मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक सड़क



हादसा हो गया। गारवपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खजूर के पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार में सवार दो बच्चों को चोटें आईं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार संख्या UK07AX3114 मुस्सेपुर पाली से गंगवाली की ओर जा रही थी। कार के पेड़ से टकराकर रुक जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। यदि कार पेड़ से न टकराती, तो वह पास की नहर में गिर सकती थी, जिससे गंभीर परिणाम हो सकते थे। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थानीय निवासी कमल कुमार, अशोक कुमार और अभिषेक कुमार ने बताया कि कार काफी तेज गति में थी। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाने में मदद की। ग्रामीणों ने बताया कि कार तेज रफ्तार में थी और अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। पेड़ से टकराने के कारण कार नहर में गिरने से बच गई।

## नवरात्र के प्रथम दिन शैलपुत्री की पूजा

**धामपुर।** नगीना मार्ग स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कालियावाला सहित नगर के विभिन्न मंदिरों में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन हजारों की संख्या में पहुंचे माता रानी के भक्तों तथा श्रद्धालु एवं सनातन परिवारों ने माता रानी के पावन स्वरूप शैल पुत्री का पूजन किया। इस दौरान भक्तों ने माता रानी से सभी सनातन परिवारों में अपनी कृपा एवं अनुकंपा बनाए रखने की कामना की। पूजा-अर्चना के दौरान सभी मंदिर माता रानी के पावन जयकारों तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से उच्चरित हो रहे भजनों और भेटों से जगदंबिका मय बने रहे। मंदिर कालियावाला के बाहर सजी हुई दुक. ानों पर श्रद्धालु परिवारों ने पूजा-अर्चना से संबंधित सामग्री की खरीदारी करते हुए, संबंधित सामग्री माता रानी के चरणों में अर्पित की तथा उपवास भी रखा।


**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHD SAVEJ से बदलकर MOHD SHAHVEJ रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

MOHD SHAHVEJ
S/O MUNIR ALAM
VILL-TIGHRI
DEOBAND SAHARANPUR


### एक नजर

## रासेयो शिविर का समापन



**धामपुर।** आरएसएम डिग्री कॉलेज के रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन दिवस की थीम 'जल जीवन मिशन' पर आधारित रही। समारोह का शुभारंभ प्राचार्या द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं लक्ष्यगीत गायन के साथ किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिनमें नशामुक्ति पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक, देशभक्ति समूह गीत, स्वच्छ भारत पर समूह नृत्य, मतदाता जागरुकता पर नुक्कड़ नाटक, जलवा गीत पर समूह नृत्य, महंगाई पर लोकगीत तथा संदेश गीत पर समूह नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। तथा शिविर के दौरान आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के विजेता स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। इस मौके प्राचार्य प्रो. रश्मि रावल ने स्वयंसेवकों की मेहनत, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण को सराहा। इस दौरान प्रो. ओपी मौर्य, डा. आकाश, डा. अनिल यादव, डा. राजेंद्र चौधरी, डा. धनीराम, लाखन सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रश्मि रावल ने की तथा सफल संचालन डा. रवि धनकड़ स्वयंसेवक राजाराम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

## शक्तिपीठ पर सामूहिक भजन कार्यक्रम



**धामपुर।** राजपूत विहार कॉलोनी स्थित अनंत श्री शिव शक्तिपीठ एवं संस्कारशाला पर आज से प्रारंभ हुए चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन माता रानी का दिव्य पूजन एवं श्रृंगार कार्यक्रम तथा सामूहिक भजन उच्चारण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों ने माता रानी की पावन भेटों के सामूहिक उच्चारण से माता रानी के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की तथा प्रत्येक सनातन परिवार में शांति खुशहाली एवं समृद्धि का वातावरण बनाए रखने की कामना की। कार्यक्रम में आचार्य डा. दिनेश चंद्र भारद्वाज ने अपने आध्यात्मिक प्रवचनों के माध्यम से आश्रम द्वारा चलाए जा रहे गौरी गौशाला अभियान कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवरात्रों के दौरान जो भी भक्त परिवार गौ माता की सेवा करते हैं, उन्हें मां दुर्गा की कृपा एवं अनुकंपा प्राप्त करने का सौभाग्य मिलता है। संस्कार शाला आयोजित कार्यक्रम के मुख्य यजमान राजीव कुमार त्यागी एवं उनकी धर्म पत्नी बबीता त्यागी रहीं। इस मौके पर निकुंज शर्मा, महिपाल सिंह, प्रमोद भारद्वाज, आदर्श कुमार, शालू वर्मा, कविता भारद्वाज, अनीता वर्मा, ललित बाला, संदीप चौहान, निशि रस्तोगी, अर्चना सिंह, पारुल चौहान, तुलसी आदि मौजूद रहे।

## अक्षर संस्था के अभियान की सराहना

**धामपुर।** अक्षर संस्था द्वारा राष्ट्रीय हित में चलाए जा रहे अभियान 'एक रुपया प्रतिदिन देश के नाम' के अंतर्गत इस वर्ष दो लाख रुपए का ड्राफ्ट पीएम रिलीफ फंड के लिए भेजा गया। अक्षर संस्था अब तक कुल 36 लाख 56 हजार रूपए इस कोष में भेज चुकी है। बीती रात शुभम मंडप में संस्था द्वारा आयोजित अपने वार्षिक उत्सव में विधायक अशोक कुमार राणा ने अभियान को राष्ट्रीय भावना के लिए प्रेरक प्रयास बताते हुए, जन सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। डा. सूर्यमणि रघुवंशी ने धामपुर नगर को सांस्कृतिक शहर बताते हुए, यहां किए जा रहे बहुआयामी लेकिन रचनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए, इन्हें प्रेरक बताया तथा इस अभियान को सराहनीय बताया। कार्यक्रम में कवियत्री सूची शर्मा ने सारगर्भित कविताएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम में अभियान से जुड़े सैकड़ों लोगों ने भागीदारी की। इस मौके पर ज्योति राणा, नीरज सिंह, सूची शर्मा, डा. शिखा सिंह, दीपक अग्रवाल, सुमित महेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

# गौ-आश्रय स्थल से दो गौवंश चोरी

## जंगल में अवशेष मिलने से कटान की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

शाह टाइम्स संवाददाता



**नहटौर।** ग्राम तुराबनगर स्थित अस्थायी गौ-आश्रय स्थल से दो गौवंश चोरी हो गए हैं। सुबह पशुओं की गिनती के दौरान यह घटना सामने आई। बाद में पास के बाजीदपुर जंगल में गौवंश के अवशेष मिलने से उनके कटान की आशंका बढ़ गई है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार तुराबनगर की गौशाला में 110 गौवंश संरक्षित थे। आज सुबह जब केयरटेकर दयाराम सिंह व हैप्पी ने पशुओं की गणना की, तो वहां केवल 108 गौवंश ही मौजूद मिले। दो पशुओं के गायब होने की सूचना तत्काल ग्राम प्रधान और स्थानीय पुलिस को दी गई।

गौवंश की तलाश के दौरान पास के बाजीदपुर के जंगल में उनके अवशेष मिलने की खबर से स्थिति गंभीर हो गई। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि चोरी किए गए गौवंश का कटान किया गया है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए एएसपी पूर्वी अमित कुमार श्रीवास्तव, सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय और एसडीएम स्मृति मिश्रा, बीडीओ प्रताप सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी अनुराग चौधरी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने गौशाला के कर्मचारियों और आसपास के लोगों से गहन पूछताछ की है। साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गौशाला से दो पशु कम पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और दोषियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखी गई है।

# रामपुर नजराना में ऐतिहासिक रोजा इफ्तार

## इस्लामुद्दीन मंसूरी की इफ्तार पार्टी में विधायक स्वामी ओमवेश भी हुए शामिल

शाह टाइम्स संवाददाता



**चांदपुर।** ग्राम पंचायत रामपुर नजराना निवासी इस्लामुद्दीन मंसूरी ने अपने निवास पर रमजान के मुकद्दस महीने में ऐतिहासिक रोजा इफ्तारी का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों, समाजसेवी एवं व्यापारियों, भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा कार्यकर्ताओं आदि ने शिरकत की।

इस मौके पर चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश भी अपनी टीम के साथ शामिल हुए। रोजा इफ्तारी पर इस्लामुद्दीन मंसूरी ने कहा कि रोजा इफ्तार कराना बहुत बड़ा पुण्य का काम है। इस तरह के आयोजन अपने-पराये को एक साथ मिल बैठने का अवसर प्रदान करते है। उन्होंने अपने भाई इमरान मंसूरी भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष के साथ रोजा इफ्तारी में शामिल होने वाले सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष इमरान मंसूरी ने कहा कि हमारी सदा यही इच्छा रही है कि हम सबको साथ जोड़कर चले और अपने क्षेत्र का विकास और अपने ग्रामीणों को सम्मान दिलाने का काम करें। मेरा मकसद यही है कि आगामी ग्राम पंचायत चुनाव में अपनी पंचायत के विकास और नागरिक सम्मान के लिए चुनाव की फाइनल तैयारी है। विधायक स्वामी उमेश ने भी इस्लामुद्दीन मंसूरी को युवा दिलों की धड़कन बताया और कहा कि इस्लामुद्दीन और इमरान मंसूरी दोनों ही क्षेत्र में युवाओं की पहली पसंद बने हुए हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में पूर्व प्रधान और बीडीसी सदस्य सपा, इस्लामुद्दीन प्रधान, तौकीर मंसूरी, रईस प्रधान, रईस मंसूरी, कालू सैनी, जॉनी सैनी, किशन पाल, अख्तर मालिक, शानू प्रधान, मोंटी यादव, सजाजुद्दीन अंसारी, नौशाद मंसूरी, निजाम मंसूरी, जैद आलम, फरमान जैदी, मोनिस मंसूरी, शारुख मंसूरी, अफजाल भाई, इमदान भाई, नबील सर, रिज़वान चौधरी, अय्यान चौधरी, नसीम चौधरी आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पालिका ने अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया

शाह टाइम्स संवाददाता




**किरतपुर।** प्रशासन व नगर पालिका द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया गया। अभियान के दौरान एचडीएफसी बैंक के आसपास स्थित होटलों और अन्य प्रमुख स्थानों पर विशेष कार्रवाई की गई।

प्रशासन की टीम ने सड़क किनारे लगे ठेली-ठेले, दुकानों के बाहर किए गए अवैध कब्जों और रास्ते में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाया। जेसीबी की मदद से कई जगहों पर अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। जिससे मुख्य मार्गो पर यातायात सुगम हो सके। पालिका ईओ ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण कर बाधा उत्पन्न करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर के व्यस्त इलाकों में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अभियान में पालिका स्टाफ, हल्का लेखपाल, हेड क्लर्क तथा भारी पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और कई लोगों ने स्वयं ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि इस तरह के अभियान से शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और आम जनता को राहत मिलेगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पंत 'उत्साहित' तेंदुलकर जूनियर के बैट के वजन से इम्प्रेस हुए

**लखनऊ, वार्ता।** अर्जुन तेंदुलकर अपनी शादी के बाद आईपीएल के लिए अभ्यास करने मैदान में उतर आए हैं। अर्जुन अपनी नई आईपीएल टीम, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के साथ मैदान में उतरे हैं, और उन्होंने अपने नए कप्तान )षभ पंत को दो मामलों में पहले ही इम्प्रेस कर दिया है। पहला, अपने बैट के वजन के लिए – जितना उनके पिता सचिन इस्तेमाल करते थे, उतना भारी नहीं, लेकिन फिर भी भारी है – और दूसरा, मार्च की शुरुआत में अपनी बहुत चर्चित शादी के तुरंत बाद ट्रेनिग शुरू करने के लिए। अब तेंदुलकर जूनियर और पंत दोनों अपने नए खिलाड़ी से कुछ बड़ा प्रदर्शन देखना चाहेंगे, जिसने मुंबई इंडियंस के साथ दो आईपीएल सीजन में सिर्फ पांच मैच खेले हैं और कुछ खास नहीं किया है।

### अल्काराज ने कंगारु का टैटू बनवाया

**मियामी, वार्ता।** हर बड़े चैंपियन के अपने रिचुअल होते हैं, लेकिन कार्लोस अल्काराज ने शायद एक बार फिर लेवल बढ़ा दिया है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद अपनी बात पर कायम रहते हुए, स्पेन के इस खिलाड़ी ने मेलबर्न में अपनी जीत को सिर्फ यादों में ही नहीं रहने दिया। इसके बजाय, 22 साल के इस खिलाड़ी ने इसे आर्ट में बदल दिया, अपने निचले बाएं पैर पर एक नया टैटू बनवाया: एक कंगारू नॉर्मन ब्रूक्स चैलेंज कप पकड़े हुए, िजसके फ्रेम में ऑस्ट्रेलिया की एक साफ आउटलाइन है। यह एक ऐसा डिजाइन है जिसका अल्काराज ने पहली बार फरवरी में नोवाक जो. कोविच के खिलाफ मेलबर्न में अपनी आखिरी जीत के बाद इशारा किया था, जब वह करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले इतिहास के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे।

# डीसी ने आईपीएल-2026 के लिए नई जर्सी लॉन्च की



● **जर्सी का डिजाइन उस खतरनाक टाइगर स्पिरिट से इंस्पायर्ड है जो टीम और उस शहर दोनों को दिखाता है जिसे वह पिप्रेजेंट करती है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 बस आने ही वाला है, जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की को-ओन्ड दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को नए सीजन के लिए अपनी ऑफिशियल जर्सी लॉन्च की।

इसका डिजाइन उस खतरनाक टाइगर स्पिरिट से इंस्पायर्ड है जो टीम और उस शहर दोनों को दिखाता है जिसे वह रिप्रेजेंट करती है। कैंपेन फिल्म में पुरुष और महिला दोनों टीमों के कैप्टन, अक्षर पटेल और जेमिमा रोड्रिग्स, अपनी तरह के पहले जर्सी लॉन्च में एक साथ हैं, जिसमें दोनों टीमें एक साथ दिख रही हैं। यह एक शेयर्ड आइडेंटिटी को दिखाता है और दिल्ली कैपिटल्स की दोनों टीमों के बीच बढ़ते तालमेल को सेलिब्रेट करता है।

नई जर्सी के लॉन्च पर बात करते हुए, दिल्ली कैपिटल्स के सीईओ, सुनील गुप्ता ने कहा, ष्यह जर्सी हमारे शहर, पहचान और मैदान पर हमारे निडर माइंडसेट का जश्न मनाती है। आईपीएल जर्सी लॉन्च कैंपेन में पहली बार, हमें अपनी महिला टीम की कप्तान, जेमिमा रोड्रिग्स को भी शामिल करते हुए गर्व हो रहा है, क्योंकि यह टीमों में एक जैसा दिल्ली कैपिटल्स कल्चर बनाने के हमारे कमिटमेंट को दिखाता है। नीले और लाल रंग में हमारे टाइगर्स तैयार हैं, और हम आगे एक रोमांचक सीजन की उम्मीद कर रहे हैं।

# ब्रंट पारिवारिक कारणों से लौटीं घर



● **इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान नैट साइवर ब्रंट के प्रिटोरिया में टीम में वापस शामिल होने की उम्मीद नहीं**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट के प्रिटोरिया में टीम में वापस शामिल होने की उम्मीद नहीं है, जहां वह आने वाले इंटरनेशनल सीजन की तैयारी कर रहे 30 खिलाड़ियों में से एक थीं। बाकी ग्रुप इस महीने के आखिर तक दक्षिण अफ्रीका में रहेगा, और जून और जुलाई में होने वाले घरेलू टी20 वर्ल्ड कप से पहले खिलाड़ियों के सिलेक्शन के लिए दबाव बनाने के लिए पांच इंट्रा-स्क्वाड मैचों की सीरीज खेलेगा।

यह ट्रिप असल में यूएई के लिए प्लान की गई थी, लेकिन इलाके में चल रहे झगड़े की वजह से इसे आगे बढ़ा दिया गया। साइवर-ब्रंट पहले ट्रायल मैच में शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने 24 गेंदों में 41 रन बनाकर टीम ब्रिटिन को टीम के दूसरे आधे हिस्से के खिलाफ नौ विकेट से जीत दिलाई, जिसे पूरे टूर के दौरान टीम हेहो फ्लिट के नाम से जाना जाता था। माया बाउचियर ने 40 गेंदों में 47 रन बनाए, जब साथी ओपनर सोफिया डंकले 12 रन पर डैनी गिब्सन द्वारा रन आउट हो गईं, जो पिछले हफ्ते की हंड्रेड नीलामी में सबसे बड़े विजेताओं में से एक थीं, जहां उन्हें सनराइजर्स लीड्स ने 190,000 पाउंड में खरीदा था।

टीम ब्रिटिन 20 ओवर में 110 रन के टारगेट का पीछा कर रही थी, जब इस्सी वोंग ने 18 रन देकर तीन विकेट लिए। लेफ्ट-आर्म स्पिनर लिसी स्मिथ और सीमर लॉरेन बेल ने दो-दो विकेट लिए। टीम ब्रिटिन ने आठ ओवर बाकी रहते अपना टारगेट हासिल कर लिया। इंग्लैंड की महिला टीम मई में दो व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी, जिसके बाद वर्ल्ड कप से पहले भारत के खिलाफ तीन टी-20 मैच होंगे।

### विनय ने अर्जुनवीर के खिलाफ प्लेऑफ में जीता खिताब

**गुरुग्राम, वार्ता।** दिल्ली के विनय कुमार यादव ने गुरुग्राम के गोल्डन ग्रीन्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेले गए 25 लाख रुपये के डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन 2026 में चंडीगढ़ के 15 साल के अर्जुनवीर शिशिर के खिलाफ प्लेऑफ में जीत हासिल कर अपना पहला खिताब जीता। तीस साल के विनय कुमार यादव (72-70-71), जो रात भर चौथे नंबर पर थे और लीड से तीन शॉट पीछे थे, ने तीसरे राउंड में एक-अंडर 71 का कार्ड बनाया और रेगुलर 54 होल के आखिर में टीनएजर अर्जुनवीर शिशिर (71-70-72) के साथ कुल तीन-अंडर 213 के स्कोर के साथ लीडरबोर्ड में टॉप पर रहे। पंद्रह साल के रूकी अर्जुनवीर, जो फील्ड में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी थे।

# आईटीटीएफ ने 2027 में युगल विश्व कप शुरू करने की घोषणा की

● **यह कदम ओलंपिक की तैयारियों को मजबूत करने और युगल स्पर्धाओं को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया**

**बीजिंग, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) ने 2027 में आईटीटीएफ युगल विश्व कप शुरू करने की गुरुवार को घोषणा की। इस टूर्नामेंट में पुरुषों, महिलाओं और मिश्रित युगल स्पर्धाओं का एक साथ आयोजन किया जाएगा।

आईटीटीएफ का पुरुषों और महिलाओं का विश्व कप एकल स्पर्धा के साथ ही अब आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप भी होगा। आईटीटीएफ की इस घोषणा के साथ ही यह माना जा रहा है कि लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक टेबल टेनिस के युगल मुकाबले खेले जाएंगे। उनका यह कदम ओलंपिक की तैयारियों को मजबूत करने और युगल स्पर्धाओं को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। लॉस एंजे. लिस में, पुरुषों और महिलाओं की युगल स्पर्धा एथेंस 2004 के बाद पहली बार ओलंपिक कार्यक्रम में वापसी करेंगी।

आईटीटीएफ की अध्यक्ष पेट्रा सोरलिग ने कहा कि युगल स्पर्धाएं ओलंपिक खेलों में वापसी कर रहे हैं और आईटीटीएफ युगल विश्व कप के जरिए हम इस मौके का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम दुनिया के बेहतरीन युगल खिलाड़ियों को वह विश्वकप मंच दे रहे हैं जिसके वे हकदार हैं और लॉस एंजेलिस तक पहुंचने का रास्ता बना रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पुरुषों और महिलाओं का विश्वकप 2024 में वापस आया।

# आयुष, तन्वी व खरब ऑरलियन्स मास्टर्स के अगले दौर में

● **आयुष शेट्टी ने किरण जॉर्ज को, अनमोल खरब ने तुर्की की अरिन को हराया**







**फ्रांस, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों आयुष शेट्टी, तन्वी शर्मा और अनमोल खरब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर ऑरलियन्स मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है।

पैलेस डेस स्पोर्ट्स में बुधवार को खेले गए एकल मुकाबले में भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने हम वतन किरण जॉर्ज को हराया। वहीं महिला एकल के मुकाबले में अनमोल खरब ने तुर्की की ओलंपियन नेस्लिहान अरिन को हरा कर तथा तन्वी शर्मा ने दूसरी वरीयता प्राप्त सुपानिंदा कातेथोंग को बाहर कर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। यूएस ओपन 2025 चैंपियन आयुष शेट्टी पुरुष एकल के दूसरे दौर में पहुंच गए। उन्होंने पहले दौर के एक 'ऑल-इंडियन' मुकाबले में किरण जॉर्ज को 17-21, 21-10, 21-17 से हराकर वापसी की। ब्रेक तक 11-10 की मामूली बढ़त बनाने के बाद, किरण जॉर्ज ने लगातार पांच अंक हासिल किए और इतनी बड़ी बढ़त बना ली कि पहला गेम आसानी से जीत लिया। हालांकि, आठवीं वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी ने दूसरे गेम में अपना खेल का स्तर ऊंचा उठाया और शुरू से अंत तक अपना दबदबा बनाए रखते हुए मैच को निर्णायक तीसरे गेम तक पहुंचा दिया। आयुष शेट्टी ने अपनी लय को निर्णायक तीसरे गेम में भी जारी रखा और ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। किरण जॉर्ज ने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर का अंतर कम करके 16-15 तक पहुंचा दिया, लेकिन शेट्टी ने मैच के आखिरी पलों में अपना संयम बनाए रखा, किरण के बढ़ते दबाव को रोका और दूसरे दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। वहीं पूर्व विश्व नंबर 1 किदांबी श्रीकांत सीधे गेम में हारने के बाद ऑरलियन्स मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गए। पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिग में 30वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत को बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन ने 21-12, 21-10 से हरा दिया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने शुरुआत तो तेज की और 5-2 की बढ़त बना ली, लेकिन फिर मैग्नस जोहानसन ने मैच पर नियंत्रण पा लिया( उन्होंने इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली और पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। किदांबी श्रीकांत ने दूसरे गेम में वापसी की कोशिश की और एक समय स्कोर का अंतर कम करके 12-10 तक ले आए। हालांकि, मैग्नस जोहानसन ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए लगातार नौ अंक हासिल किए और मात्र 26 मिनट में ही मुक. ाबला जीत लिया। महिला एकल में, अनमोल खरब ने तुर्की की ओलंपियन नेस्लिहान अरिन को 21-12, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में शानदार एंट्री की। माल. विका बंसोड़ ने भी चीनी ताइपे की सुंग शुओ-युन के खिलाफ अपना महिला एकल मैच 21-18, 21-14 के स्कोर से जीता।

# ग्वाटेमाला फ्रेंडली मैच के लिए अर्जेंटीना की टीम की कप्तानी करेंगे लियोनेल मेसी



● **मैनेजर लियोनल स्कोलोनी ने अपनी टीम में दो नए प्लयरों को शामिल किया**

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने बुधवार को बताया कि इस महीने के आखिर में ग्वाटेमाला के खिलाफ होने वाले वर्ल्ड कप वार्म-अप फ्रेंडली मैच में लियोनेल मेसी अर्जेंटीना की टीम की कप्तानी करेंगे। मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने अपनी 28 लोगों की टीम में दो नए खिलाड़ियों को भी शामिल किया: एस्टुडिएंट्स के सेंटर-बैक टॉमस पालासियोस और रेसिग क्लब के लेफ्ट-बैक गेब्रियल रोजास। लेकिन घायल तिकड़ी लुटारो मार्टिनेज, लिसेंड्रो मार्टिनेज और जियोवानी लो सेल्सो के लिए कोई जगह नहीं थी।

इंटर मिलान के स्ट्राइकर मार्टिनेज और मैनचेस्टर यूनाइटेड के डिफेंडर मार्टिनेज पिडली की चोट से उबर रहे हैं, जबकि रियल बेटिस के मिडफील्डर लो सेल्सो को क्वाड्रिसेप्स में खिचाव है। अर्जेंटीना का सामना 31 मार्च को ब्यूनस आयर्स के ला बॉम्बोनेरा में ग्वाटेमाला से होगा। मिडिल ईस्ट में झगड़े की वजह से स्पेन के खिलाफ ष्फाइनलिसिमाष कैंसिल होने के बाद मंगलवार को मैच कन्फर्म हुआ। यूनाइटेड स्टेट्स, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले वर्ल्ड कप से पहले यह अर्जेंटीना का एकमात्र तय मैच है। मौजूदा चैंपियन 16 जून को अल्जीरिया के खिलाफ अपने कैंपेन की शुरुआत करेगा, जिसके बाद ग्रुप स्टेज में ऑस्ट्रिया और जॉर्डन का भी सामना करेगा।

# जॉन मूनी दिल्ली कैपिटल्स के क्षेत्ररक्षक कोच बने



● **जॉन मूनी ने एंटोस रॉक्स और ज्ञानेश्वर राव की जगह ली है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आयरलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जॉन मूनी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले दिल्ली कैपिटल्स का क्षेत्ररक्षक कोच नियुक्त किया गया है। मूनी ने एंटोन रॉक्स और ज्ञानेश्वर राव की जगह ली है, जिन्होंने पिछले सत्र में यह भूमिका निभाई थी।

44 वर्षीय मूनी पहले वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के साथ काम कर चुके हैं, हाल ही में उन्होंने एशिया कप के दौरान अफगानिस्तान टीम के साथ काम किया था।

वह मुख्य कोच हेमांग बदानी के अगुवाई वाले कोचिंग स्टाफ में शामिल हुए हैं, जिसमें मुनाफ पटेल गेंदबाजी कोच, इयान बेल सहायक कोच और वेणुगोपाल राव डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट हैं। मूनी ने आयरलैंड के लिए 64 एकदिवसीय और 27 टी- 20 मैच खेले हैं। उन्हें 2011 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ मिली ऐतिहा. सिक जीत में विजई रन बनाने के लिए आज भी याद किया जाता है। दिल्ली कैपिटल्स पिछले सीजन में पांचवें स्थान पर रही थी और अब तक कोई भी आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है।

# हम इस पूल में हर विरोधी टीम का सम्मान करते हैं : क्रेग फुल्टन



● **हॉकी विश्व कप में भारत को पूल डी में इंग्लैंड पाक व वेल्स के साथ रखा है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 के आधिकारिक पूल ड्रॉ और कार्यक्रम की घोषणा के बाद, भारतीय पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने गुरुवार को कहा कि हम इस पूल में हर विरोधी टीम का सम्मान करते है, लेकिन हमें उनके खिलाफ स्वयं पर भरोसा है।

भारत को पूल डी में शीर्ष वरीयता प्राप्त इंग्लैंड, चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और मजबूत टीम वेल्स के साथ रखा गया है। ग्रुप-चरण के सभी मैच नीदरलैंड के एमस्टेलवीन स्थित वैगनर हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। टीम के साथ शिविर में ड्रॉ को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए फुल्टन ने कहा, ष्हम उत्साहित हैं। यह एक मजबूत ग्रुप है, लेकिन विश्वकप में आप ठीक यही तो चाहते हैं कि आपकी परीक्षा सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ हो। टीम के शिविर में माहौल बहुत सकारात्मक है। खिलाड़ी प्रेरित और जीत के लिए भूखे हैं और अब जब हमें अपने विरोधियों के बारे में पता चल गया है, तो हमारी तैयारियों में हमें वास्तविक स्पष्टता और एकाग्रता मिलेगी। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड एक सुव्यवस्थित, शारीरिक रूप से मजबूत टीम है, जो हमारे पूल में शीर्ष वरीयता प्राप्त भी है। पाकिस्तान अपनी कलात्मकता, अप्रत्याशितता और समृद्ध हॉकी परंपरा के साथ आता है। यह ऐसी टीम नहीं है जिसे कभी हल्के में लिया जाए। वेल्स अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना रहा है और वह ऊर्जा और दृढ़ संकल्प से भरा होगा। हम इस पूल में हर विरोधी का सम्मान करते हैं, लेकिन हम उन सभी के खिलाफ खुद पर भरोसा रखते हैं। भारतीय टीम 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। यह एक विशेष मुकाबला है जो भारत के स्वतंत्रता दिवस के दिन पड़ रहा है। इसलिए कोचिग स्टाफ ने पहले ही एक विस्तृत रूपरेखा तैयार करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम अपनी संरचना, अपने दबाव और अपनी फिनिशिंग पर कड़ी मेहनत करेंगे। ए वे बारीक पहलू हैं जो इस स्तर पर मैचों का फैसला करते हैं।

### इंडिया अंडर-20 विमेंस एशियन चैलेंज के लिए तैयार:शुभांगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** थाईलैंड में जापान के खिलाफ अपने पहले मैच से सिर्फ दो हफ्ते पहले, इंडियन अंडर20 विमेंस नेशनल टीम लंबे समय से इंतजार की जा रही वापसी के करीब है। अपनी पिछली मौजूदगी के दो दशक बाद, इंडिया एएफसी अंडर-20 विमेंस एशियन कप में वापस आ गया है, और 2 अप्रैल को उन्हें इस मुश्किल से बाहर निकालने के लिए कैप्टन शुभांगी सिंह लीड करेंगी। शुभांगी के लिए, क्वालिफिकेशन की अहमियत पहले ही समझ में आ चुकी है। म्यांमार में जश्न, जहां इंडिया ने अपना 20 साल का इंतजार खत्म किया, अब एक तेज, ज्यादा तुरंत फोकस की जगह ले चुका है। उन्होंने कहा, ष्हम वहां क्वालिफाई करने के माइंडसेट के साथ गए थे, और हमने कर दिखाया।ष ष्जब आपको पहले से ही लगता है कि कुछ होने वाला है, तो यह हैरानी की बात नहीं है। यह विश्वास अब एक टीम को उस चीज के लिए तैयार कर रहा है जिसे वह मानती हैं।

# अपने 100वें T-20 मैच में निडरता के साथ सर्वश्रेष्ठ दोहराना चाहती हूं : गार्डनर

● **एश्ले गार्डनर 2017 में एक विस्फोटक बल्लेबाज के तौर पर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आई थी**

**सेंट विसेंट, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की मध्य क्रम की बल्लेबाज एश्ले गार्डनर ने गुरुवार को कहा कि वह अपने 100वें अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच में पहले की तरह निडरता के साथ बल्ले से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराने चाहती है। आज यहां गार्डनर वेस्टइंडीज के खिलाफ मैदान में उतरने के साथ ही सातवीं ऐसी महिला खिलाड़ी बन जाएंगी जो ऑस्ट्रेलिया के लिए 100वां अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेलेंगी।

टी-20 विश्व कप से पहले यह सीरीज काफी अहम मानी जा रही है। वह 2017 में एक विस्फोटक बल्लेबाज के तौर पर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आई थी। डब्ल्यूबीबीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद, 19 साल की उम्र में ही उसे अपने देश के लिए खेलने के लिए चुन गया था। गार्डनर ने कहा कि इस प्रारुप में, मध्यक्रम में मेरी भूमिका कभी-कभी बेहद चुनौतीपूर्ण होती है, हो सकता है कि आप तब बल्लेबाजी करने आएं जब टीम मजबूत स्थिति में हो, या फिर तब जब हम अच्छी स्थिति में न हों।

इसमें सबसे जरूरी है कि आप स्थिति को बहुत तेजी से समझें और अपने खेल की गति को भी बहुत जल्दी से बदलें। शायद यह एक ऐसी चीज है जिसे मैं इस प्रारुप में लंबे समय से बहुत अच्छे से नहीं कर पा रही थी। इसमें बस यही कोशिश करनी होती है कि मैं बहुत तेजी से लय में आ जाऊं, परिस्थितियों को समझूं और यह सुनिश्चित करूं कि मैं वही कर रही हूं जिसकी टीम को उस स्थिति में मुझसे जरूरत है। साथ ही, मैं अपनी ताकत से पीछे न हटूं और जो भी फैसले लूं, उन्हें पूरी हिम्मत के साथ लूं। मैं एक ऐसी इंसान थी जिसे कोई डर नहीं था और मुझे लगता है कि जैसे-जैसे मैं बड़ी और अधिक समझदार होती गई, मेरे अंदर डर भी बढ़ता गया। इस मायने में कि मैं जिदगी और आम तौर पर क्रिकेट को कैसे देखती हूं। मैं उस (निडरता) का थोड़ा सा इस्तेमाल करने की कोशिश करती हूं। उन्होंने कहा, ष्तो जब मैं दबाव में होती हूं, तो मैं सच में उस निडरता को जगाने और सही दिशा देने की कोशिश करती हूं, जो कभी-कभी करना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि अगर आपमें अधिक आत्मविश्वास नहीं है, तो यह आखिरी चीज होती है जो आप करना चाहेंगे। लेकिन मेरे लिए, यही वह समय होता है जब मैं अपना सबसे अच्छा क्रिकेट खेल रही होती हूं।

# 'मैं अभिषेक को सहवाग से जोड़ता हूं' : कुंबले



● **कहा : मुझे लगता है कि अभिषेक शर्मा में एक महान खिलाड़ी बनने की सारी काबिलियत है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अभिषेक शर्मा, वह निडर खिलाड़ी जिसने पिछले दो सीजन में टाटा आईपीएल में धूम मचा दी थी, 2026 में अच्छे फॉर्म की उम्मीद कर रहा होगा।

जियोस्टार के 'आईपीएल टुडे लाइव' पर बात करते हुए, जियोस्टार के एक्सपर्ट एबी डिविलियर्स और अनिल कुंबले ने अभिषेक की ऑफ-स्पिन के खिलाफ दिक्कतों, उनके इनकंसिस्टेंटनेस, उम्मीदों के दबाव और वह इन चुनौतियों का सामना करके अपने बेस्ट फॉर्म में कैसे लौट सकते हैं, इस पर अपने विचार शेयर किए।

अनिल कुंबले ने कहा कि मुझे लगता है कि अभिषेक शर्मा में एक महान खिलाड़ी बनने की सारी काबिलियत है। अगर आप उनके छोटे इंटरनेशनल करियर को देखें, तो वह पहले से ही नंबर वन टी20 इंटरनेशनल खिलाड़ी हैं। वह गेंदबाजों पर हावी रहते हैं और उन्हें दबाव में डालते हैं, लेकिन इस तरह की डराने वाली बैटिग स्टाइल के साथ, कंसिस्टेंसी बनाए रखना मुश्किल है, खासकर टीम के नजरिए से। अभिषेक के साथ इंडिया ने इसे अच्छे से मैनेज किया, क्योंकि नहीं तो यह थोड़ा मुश्किल हो सकता था। दूसरे बैट्समैन भी थे जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया, और उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए आपको ऐसी टीम की जरूरत होती है। इसीलिए उन्हें एसआरएच के लिए खेलने में मजा आया, जहां उन्हें खुलकर बैटिग करने की आजादी है। एक चीज जो उन्होंने अब एडजस्ट कर ली होगी, वह है ऑफ-स्पिनरों के खिलाफ उनकी दिक्कत, जिसे उन्होंने फाइनल में मैनेज किया और फिफ्टी बनाई।

अगर आप एक महान खिलाड़ी और कंसिस्टेंट खिलाड़ी बनना चाहते हैं, तो सिर्फ यह जरूरी नहीं है कि आप क्या कर सकते हैं, बल्कि यह भी जरूरी है कि आपको क्या नहीं करना चाहिए, और इसे अपने दिमाग में कंट्रोल करना ही सबसे जरूरी होगा। अभिषेक शर्मा के क्रीज पर ज्यादा देर तक टिके रहने पर कुं. बले ने कहा कि मैं उन्हें वीरेंद्र सहवाग जैसे किसी से जोड़ता हूं, क्योंकि वह हर बॉल को हिट करने की कोशिश करते थे। जब वह टेस्ट क्रिकेट से वनडे क्रिकेट और फिर टी20 क्रिकेट में आए, तो उन्हें एहसास हुआ कि उन्हें अपनी पारी को थोड़ा अलग तरीके से आगे बढ़ाना होगा। लेकिन वीरेंद्र सहवाग अभी भी 140-150 के स्ट्राइक-रेट से खेलते थे।

इसलिए, अभिषेक शर्मा को इस बारे में सोचना शुरू करना होगा, यह कहते हुए कि, 'मैं 200 के स्ट्राइक-रेट से रन बना रहा हूं, मुझसे उम्मीदें हैं, क्या मुझे अब 300 के स्ट्राइक-रेट से खेलना चाहिए? यानी 85-90। टी20 फॉर्मेट में आपको इसी तरह की मैच्योरिटी चाहिए। शायद इस सीजन में आप अभिषेक शर्मा में इसी तरह की मैच्योरिटी देखेंगे, जिसकी एसआरएच उम्मीद कर रही होगी। डिविलियर्स ने कहा कि वह अब 20 का नहीं, बल्कि 25 साल का है। इसलिए, यह पक्का वह फेज है जहां उसे ज्यादा जम्मिेदारी लेनी शुरू करनी होगी।

# सिद्धपीठ मां शाकम्भरी देवी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/मिर्जापुर/ बेहट।** नवरात्रि के पावन पर्व के शुभारंभ के साथ ही सिद्धपीठ शाकुम्भरी देवी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। पहले ही दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु देश के विभिन्न राज्यों से माता के दरबार में पहुंचे और लंबी कतारों में लगकर मां शाकुम्भरी देवी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं जिलाधिकारी मनीष बंसल व एसएसपी अभिनंदन सिंह ने मेला परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मंदिर परिसर में सुबह से ही "जय माता दी" के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला, जहां महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सभी श्रद्धा भाव से मां की पूजा-अर्चना में लीन नजर आए। कई श्रद्धालु तो दूर-दराज के इलाकों से रातभर का सफर तय कर यहां पहुंचे, ताकि नवरात्रि के पहले दिन मां के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त कर सकें।वहीं, श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा कर्मी मौजूद हैं, जो श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का पूरा ध्यान रख रहे हैं। इसके अलावा वरिष्ठ अधिकारी भी लगातार मेले की व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या हादसा न हो।



मंदिर परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा सुविधा और यातायात व्यवस्था को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग और अलग-अलग मार्ग बनाए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। गौरतलब है कि हर वर्ष नवरात्रि के अवसर पर सिद्धपीठ शाकुम्भरी देवी मंदिर परिसर में भव्य मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें लाखों श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र होता है, बल्कि स्थानीय व्यापार और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी नई ऊर्जा प्रदान करता है। नवरात्रि के पहले ही दिन उमड़ी भारी भीड़ यह संकेत दे रही है कि इस बार भी शाकुम्भरी देवी मेला भव्य और ऐतिहासिक होने वाला है। प्रशासन और मंदिर समिति श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगातार प्रयासरत हैं, ताकि हर भक्त को सहज और सुरक्षित दर्शन का लाभ मिल सके।



जिलाधिकारी मनीष बंसल व एसएसपी अभिनंदन सिंह ने मां शाकम्भरी देवी स्थल पर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

वहीं आज जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह द्वारा अन्य अधिकारीगण के साथ माँ शाकुम्भरी देवी मेले का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता तथा अनाउंसमेंट सिस्टम आदि को चैक किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

## नमाज ईद उल फितर का वक्त

| | |
|---|---|
| ईदगाह - | 8:15 बजे |
| जामा मस्जिद कलां - | 7:30 बजे |
| मजाहिर उलूम वक्फ दफ्तर- | 6:45 बजे |
| मजाहिर उलूम दारे जदीद - | 7:30 बजे |
| मजाहिर उलूम वक्फ - | 7:15 बजे |
| मस्जिद सरबतिया पीर - | 6:50 बजे |
| मोमिन मस्जिद पीर वाली गली- | 6:45 बजे |
| मस्जिद छीपियान चौक - | 7:00 बजे |
| इमली वाली मस्जिद - | 7:30 बजे |
| शकूरी मस्जिद अमजद नगर- | 7:00 बजे |
| चौक बाजदारान मस्जिद - | 7:00 बजे |
| अल्लाह वाली मस्जिद कमेला का.- | 7:30 बजे |
| दरगाह अब्दुल अजीज - | 9:00 बजे |
| मस्जिद गौसिया रिजविया- | 10:00 बजे |
| इस्लामिया कालेज मस्जिद- | 8:45 बजे |
| पुरानी ईदगाह मेला गुघाल- | 9:00 बजे |
| कुतुबशेर मस्जिद - | 9:30 बजे |
| ईदगाह नकुड - | 8:30 बजे |
| मदरसा मजाहिर उलूम नकुड- | 9:00 बजे |
| ईदगाह छुटमलपुर - | 8:00 बजे |
| ईदगाह बेहट - | 9:30 बजे |
| ईदगाह रामपुर मनिहारान - | 8:30 बजे |
| ईदगाह नानौता - | 8:00 बजे |
| जामिया रहमत घघरोली - | 7:00 बजे |
| शहीदों वाली मस्जिद सरसावा- | 8:45 बजे |
| मदरसा हिफ्जुल कुरआन नकुड- नकुड | 9:30 बजे |
| ईदगाह | 8.30 बजे |
| मदरसा मजहरूल उलूम | 9:00 बजे |
| मदरसा हिफजुल कुरआन | 9:30 बजे |
| मौहल्ला बंजारान | 9:30 बजे |

## 135 बंदी जिला कारागार से एक साथ हुए रिहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अर्न्तगत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार के निर्देशन में जनपद न्यायालय में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जेल लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश द्वारा अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय आशुतोष तिवारी, न्यायिक अधिकारीगण को जिला कारागार सहारनपुर में विशेष जेल लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु नामित किया गया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय आशुतोष तिवारी द्वारा जिला कारागार विचाराधीन बंदी जो अपराधिक वादों में जिला कारागार में सजा काट रहे हैं, उक्त बंदियो के वादों को जुर्म इकबाल के आधार पर विशेष जेल लोक अदालत के माध्यम से कुल 135 वादों का निस्तारण कराया। कुल 135 बंदी जिला कारागार से एक साथ रिहा हुए।

# महिलाएं सजगता से खुद को सक्षम बनाएं: शिपू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम के शाकुंभरी सभागार में आज शाम कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के प्रति पूर्ण असहनशीलता नीति के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। आंत. रिक शिकायत समिति के तत्वाधान मे आयोजित कार्यशाला में माइंड पॉवर कोच अंकुर अग्रवाल ने 'कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम-2013' की जानकारी देते हुए विस्तार से उन परिस्थितियों का उल्लेख किया जिनमें महिलाओं का उत्पीड़न हो सकता है।




कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए नगरायुक्त शिपू गिरि ने महिलाओं से अपनी एकजुटता सजगता बनाये रखते हुए स्वयं को हर परिस्थिति से निपटने के लिए सक्षम बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कानून से अलग भी एक कानून है, वह है सामाजिक और नैतिक कानून। लोगों को सामाजिक व नैतिकता के दृष्टिगत महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब ये कानून नहीं थे तब सामाजिक व नैतिकता ही ऐसा करने से लोगों को रोकती थी। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण की आवश्यकता महिलाओं से ज्यादा पुरुषों को है। उन्होंने आंतरिक शिकायत समिति की निरंतर बैठकों पर जोर दिया।

प्रशिक्षक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि हर वह स्थल जहां महिलाएं साथ में काम कर रही हैं, वहां एक अच्छा वातावरण बनाना नियोक्ता और साथ काम करने वाले लोगों की पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि यदि कोई महिला परेशान है उसे आंत. रिक शिकायत समिति के समक्ष अपनी शिकायत करनी चाहिए। महिला को कोई सबूत नहीं देना है, यह काम समिति स्वयं जांच कर करेगी। उन्होंने बताया कि समिति को सिविल कोर्ट की शक्तियां एक्ट में दी गयी हैं। पीड़ित महिला तीन माह के भीतर शिकायत कर सकती है। उन्होंने कहा कि इस एक्त का उद्देश्य है कि यदि किसी महिला का कार्य स्थल पर उत्पीड़न हुआ है तो उसे इंसाफ अवश्य मिलना चाहिए।

इससे पूर्व आंतरिक समति की पीठासीन अधिकारी व मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता ने नगरायुक्त शिपू गिरि तथा समिति की सचिव व कर निर्धारण अधिकारी श्रुति महेश्वरी ने प्रशिक्षक अंकुर अग्रवाल व पार्षद ज्योति अग्रवाल को बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया। बैठक में अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव, सहायक नगरायुक्त जेपी यादव, बिकास धर दुबे, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी, सहायक लेखाधिकारी राजीव कुशवाह, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह सहित अनेक अधिकारी तथा समिति की बाह्य सदस्या पूजा पांचाल, व उमा जैन मौजूद रहे।

## दिनदहाड़े बैंक से निकली महिला के बैग से ज्वैलरी चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कस्बे में दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बैंक से अपनी ज्वैलरी लेकर निकली एक महिला के बैग से चंद कदमों की दूरी पर ही चोरों ने सोने के कंगन साफ कर दिए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार, गांव मिर्जापुर निवासी अनुज कुमार की पत्नी स्टेट बैंक से लोन की रकम जमा कर अपने गिरवी रखे सोने के कंगन वापस लेकर घर लौट रही थीं। उन्होंने कंगनों को अपने बैग में सुरक्षित रख लिया था। बैंक से कुछ ही दूरी पर चलते समय उन्हें बैग में छेड़छाड़ का अहसास हुआ। जब उन्होंने बैग खोलकर देखा तो एक चेन में रखे करीब 3 तोला सोने के कंगन गायब थे, जबकि दूसरी जेब में रखे 40 हजार रुपये सुरक्षित मिले। कंगन चोरी होने की जानकारी मिलते ही महिला घबरा गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

मौके पर पहुंचे एसआई ललित कुमार ने पीड़ित महिला से घटना की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश में जुटी है।दिनदहाड़े भीड़भाड़ वाले बाजार में हुई इस घटना ने लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

त्योहार के चलते बाजारों में भारी भीड़ उमड़ रही है, ऐसे में इस तरह की घटनाएं आम लोगों के लिए खतरे का संकेत हैं।

# नगर आयुक्त का कान्हा गौशाला में निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने गौशाला में लगातार बढ़ती गौवंश की संख्या को देखते हुए गौशाला का विस्तार करने तथा गौशाला को शैक्षिक दृष्टि से विकसित करने के निर्देश दिए ताकि स्कूली बच्चों को गौवंश और उसके महत्व से अवगत कराया जा सके। नगरायुक्त आज दोपहर नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला का निरीक्षण करने आये थे।



नगरायुक्त शिपू गिरि आज दोपहर अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव व मुख्य अभियंता निर्माण व वरिष्ठ प्रभारी गौशाला सुरेश चंद के साथ नवादा रोड स्थित कान्हा उपवन गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने गौवंश का निरीक्षण करने के अलावा गौवंश के लिए गौशाला में भूसा, हरे चारे की उपलब्धता तथा नवरात्रों के दृष्टिगत गोबर से बनायी जा रही समिधा, दिए व जैविक खाद की जानकारी लेने के साथ ही गौमूत्र से बनाये जा रहे गोनाइल संयत्र के बारे में जानकारी ली। उन्होंने गोमय पेंट बनाने वाली यूनिट का भी निरीक्षण किया। नगरायुक्त ने गौशाला की श्रेष्ठ व्यवस्था और गौवंश के सही रख रखाव के लिए निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा व स्टाफ की सराहना की।

नगरायुक्त ने गौशाला में पेंट कराने, मुख्य द्वार पर गौशाला का बोर्ड लगाने तथा बाहर गौशाला की जानक. ारी देते दिशा सूचक बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला को बच्चों के मनोरंजन व शैक्षिक दृष्टि से विकसित करने पर जोर दिया, ताकि स्कूली बच्चों को वहां भ्रमण कराते हुए उन्हें गौवंश के आध्यात्मिक, सामाजिक व आर्थिक महत्व और उसके उत्पादों से अवगत कराया जा सके। उन्होंने गौशाला की छतों को सोलर पैनल से आच्छादित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा से जानकारी ली कि गौवश की टैगिंग हुई है या नहीं ?तथा बीमारियों से बचाव के लिए वैक्सीनेशन हो गया या नहीं? डॉ मिश्रा ने बताया कि सभी बीमारियों से बचाव के लिए वैक्सीनेशन हो चुका है तथा गौशाला के लिए तैनात चिकित्सक द्वारा गौवंश का स्वास्थ्य परीक्षण लगातार कराया जा रहा है।

## किसान के खाते से 80 हजार की रकम एजेंट ने निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** किसान के बैंक खाते से एजेंट द्वारा बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से करीब 80 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पीडित किसान ने थाना पुलिस व सीओ गंगोह कार्यालय पर लिखित शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव कल्लरपुर राजपूत निवासी किसान सुशील कुमार पुत्र राजकुमार ने बताया कि उसका खाता पीएनबी शाखा ठसका, चीनी मिल परिसर में है। पीड़ित सुशील का आरोप है कि उसका एक कृषि कार्ड आरोपी एजेंट द्वारा बनवाया गया था। जिसमें पीड़ित के खाते से एजेंट द्वारा 80 हजार रुपये निकाल लिए है। जबकि उसके द्वारा एजेंट को कृषि कार्ड बनवाने का कमीशन 11 हजार रुपये अलग से दिया गया था।

पीड़ित का आरोप है कि बैंक कर्मचारियों की मदद से एजेंट ने 80 हजार रुपये निकलवाए है।

बैंक वालों को जब इसकी लिखित शिकायत दी गई तो उन्होंने बताया कि उसके खाते से एजेंट द्वारा पैसे निकाले गए है।

# पार्षद प्रतिनिधि का होर्डिंग्स बदल अपना लगाया




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आने वाले विधानसभा चुनाव से पहले ही नगर में होर्डिंग्स विवाद शुरू हो गई है। होर्डिंग्स की यह जंग पहली नहीं बल्कि कई बार हो चुकी है।

ताजा मामला नगर मे विजय टॉकीज के सामने होर्डिंग साइट का है, जहाँ पर क्षेत्र के पार्षद प्रतिनिधि नदीम अंसारी द्वारा सांसद इमरान मसूद और अपने फोटो के साथ ईद मुबारक का होर्डिंग लगवाया गया था, जो की बदलकर पीछे लगवा दिया गया और उसकी जगह सांसद इमरान मसूद और उनके दामाद पूर्व मंत्री शायान मसूद का होर्डिंग लगा दिया गया। क्षेत्र के पार्षद प्रतिनिधि नदीम अंसारी का होर्डिंग्स दूसरी तरफ बदले जाने से लोगों में नाराजगी है। वहीं यह मामला चर्चा का विषय भी बना है।

## ईद से मिलता है प्रेम का संदेश: शीतल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा रेलवे रोड स्थित जिला मुख्यालय कार्यालय पर ईद, विक्रमी संवत 2083 एवं चैत्र नवरात्र के शुभारंभ के अवसर पर एक विशेष बैठक आयोजित कर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी गईं।

जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन ने कहा कि ईद का त्यौहार प्रेम, एकता, मैत्री व भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में रखे जाने वाले रोजे त्याग, तपस्या और अनुशासन का संदेश देते हैं तथा हमें सिखाते हैं कि जीवन में केवल सुख-सुविधाओं का उपभोग ही नहीं, बल्कि त्याग और बलिदान का भी महत्व है। उन्होंने कहा कि ईद की सामूहिक नमाज समानता का संदेश देती है, जिसमें सभी लोग एक समान होते हैं।

# हर्षोल्लास से मनाया भारतीय नववर्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महानगर द्वारा भारतीय नववर्ष एवं चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर महानगर की विभिन्न बस्तियों में वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रमों का गरिमामयी आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में स्वयंसेवकों ने आज सरसंघचालक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार को नमन करते हुए राष्ट्र आराधना का संकल्प लिया।

शिवाजी नगर की चन्द्र बस्ती में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विधिवत पूजन और आज सरसंघचालक प्रणामश्के साथ उत्सव का प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर माननीय भाग संघचालक सुरेन्द्र लूथरा, महानगर बौद्धिक प्रमुख सुरेश एवं महानगर कार्यवाह रमेश की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता माननीय संघचालक प्रमोद ने अपने बौद्धिक पाथेय में कहा कि चौत्र शुक्ल प्रतिपदा केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इसी दिन सृष्टि की रचना हुई और सम्राट विक्रमादित्य ने शकों पर विजय प्राप्त कर राष्ट्र के स्वाभिमान को पुनर्जीवित किया था। इस दौरान नगर कार्यवाह विशाल सहित स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इसी श्रृंखला में माधव नगर की बलदेव बस्ती में भी नववर्ष उत्सव अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भाग सह संघचालक राकेश एवं महानगर प्रचारक कविंद्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे। महानगर प्रचार प्रमुख अनुराग ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक जनवरी को नववर्ष मनाना औपनिवेशिक मानसिकता का प्रतीक है, जबकि चौत्र शुक्ल प्रतिपदा हमारी सभ्यतागत पहचान और श्स्वश् की पुनर्जागृति का मार्ग है। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के राज्याभिषेक और छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा हिंदवी स्वराज की स्थापना जैसे ऐतिहासिक प्रसंगों को साझा किया। नगर सह कार्यवाह विश्वजीत ने बताया कि इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों की सहभागिता रही। वक्ताओं ने भारतीय काल-गणना की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विक्रम संवत विश्व की प्राचीनतम पद्धतियों में से एक है। यह वह समय है जब प्रकृति स्वयं नवपल्लव और नवजीवन के साथ राष्ट्र के नवोत्थान का संदेश देती है। स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा आर्य समाज की स्थापना और राष्ट्र के नवजागरण में इस तिथि के महत्व को भी रेखांकित किया गया।

# पांवधोई नदी में मृत मिली हजारों मछलियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल बाबा लालदास बाड़े स्थित पावधोई नदी में गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लाखों मछलियां मृत पाई गईं, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही विभिन्न धार्मिक संगठनों के लोग मौके पर पहुंचे और विरोध जताया।

बाबा लाल दास की तपोभूमि माने जाने वाले इस पवित्र स्थल पर हुई इस घटना से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। बाबा लालदास बुद्ध घाट के महंत रामलाल तुली ने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे पूर्व भी नवरात्रि के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा जहरीला पदार्थ डालकर मछलियों को मारने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासी नीटू सैनी ने बताया कि इस स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मछलियों को दाना डालने आते हैं और लोगों की इस स्थान से गहरी आस्था जुड़ी हुई है। ऐसी घटना से जनभावनाएं आहत हुई हैं और लोगों में रोष व्याप्त है। वहीं,



क्षेत्रवासियों ने सिंचाई विभाग और प्रदूषण नियंत्रण विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि आसपास की फैक्ट्रियों से निकलने वाला केमिकलयुक्त पानी नदी में छोड़ा जा रहा है, जिससे हर वर्ष बड़ी संख्या में मछलियों की मौत हो रही है। लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि चाहे इंसान हो या जीव-जंतु, हर जीवन अनमोल है और इस प्रकार की घटनाएं मानवता को शर्मसार करती हैं।





















शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 20 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ऊर्जा में आत्मनिर्भरता कब

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर अब भारत की ऊर्जा व्यवस्था पर भी साफ दिखाई देने लगा है। खासतौर पर एलपीजी की आपूर्ति को लेकर देश में चिंता बढ़ गई है। उत्पादन बढ़ाने और कई सख्त कदम उठाने के बावजूद गैस की कमी और कालाबाजारी की समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हो पाई है। इस स्थिति का सीधा असर छोटे कारोबारों और उनसे जुड़े लाखों लोगों के रोजगार पर पड़ रहा है। ऐसे हालात में सरकार पाइप्ड नैचुरल गैस यानी पीएनजी को लंबे समय के समाधान के रूप में आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है, क्योंकि आयात पर अत्यधिक निर्भरता देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है। जैसे-जैसे पश्चिम एशिया का संघर्ष लंबा खिंच रहा है, वैसे-वैसे भारत में एलपीजी को लेकर संकट भी गहराता जा रहा है। सरकार खुद स्वीकार कर रही है कि मौजूदा स्थिति चिंता पैदा करने वाली है। केंद्र सरकार के निर्देश के बाद देश की रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं और घरेलू उत्पादन में लगभग 40 प्रतिशत तक वृद्धि भी की गई है। इसके बावजूद मांग और आपूर्ति के बीच का अंतर पूरी तरह खत्म नहीं हो पाया है और कई जगहों पर गैस की कमी महसूस की जा रही है। सरकार ने एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम यानी ईएसएमए लागू किया हुआ है, ताकि गैस की आपूर्ति बाधित न हो। इसके बावजूद देश के अलग-अलग हिस्सों में लगातार छापेमारी और कार्रवाई हो रही है, जो इस बात का संकेत है कि अवैध तरीके से गैस की बिक्री और जमाखोरी अब भी जारी है। कमर्शियल एलपीजी की कमी का सबसे ज्यादा असर होटल, रेस्तरां, ढाबों और छोटी-छोटी खाने-पीने की दुकानों पर पड़ा है। कई जगहों पर ए व्यवसाय बंद होने की कगार पर हैं या अस्थाई रूप से बंद हो चुके हैं। इसका परिणाम यह है कि इनसे जुड़े लाखों लोगों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। सरकार फिलहाल इस बात को प्राथमिकता दे रही है कि देश के घरों में रसोई गैस की आपूर्ति किसी भी हाल में बनी रहे और आम लोगों को परेशानी न हो। इसके साथ ही सरकार लोगों और राज्यों को पाइप्ड नैचुरल गैस यानी पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। दरअसल खाड़ी क्षेत्र में पैदा हुए संकट ने भारत को यह सो. चने का मौका दिया है कि उसे अपनी ऊर्जा जरूरतों और आयात पर निर्भरता को किस तरह संतुलित करना चाहिए। एलपीजी से पीएनजी की ओर बढ़ना केवल वर्तमान संकट से निपटने का उपाय नहीं है, बल्कि भविष्य में भी यह देश के हित में साबित हो सकता है। भारत में इस समय करीब 33 करोड़ एलपीजी कनेक्शन हैं और इनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए लगभग 60 प्रतिशत गैस आयात करनी पड़ती है। समस्या यह है कि इस आयात का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा उस समुद्री मार्ग से आता है, जो इस समय अस्थिरता की वजह से प्रभावित है। दूसरी ओर अगर प्राकृतिक गैस की बात करें तो देश अपनी जरूरत का लगभग आधा हिस्सा खुद ही उत्पादन कर लेता है। जो गैस आयात की जाती है, उसके स्रोत और रास्ते भी अपेक्षाकृत विविध हैं, इसलिए किसी एक मार्ग में बाधा आने से पूरी आपूर्ति पर उतना बड़ा असर नहीं पड़ता। यही कारण है कि पीएनजी को भविष्य के लिए ज्यादा सुरक्षित विकल्प माना जा रहा है। पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात को देखते हुए यह कहना मुश्किल है कि आने वाले समय में वहां कितनी स्थिरता बनी रहेगी। ऐसे में भारत अपनी घरेलू जरूरतों को किसी अस्थिर क्षेत्र के अनिश्चित भविष्य पर निर्भर नहीं छोड़ सकता।

## राजधानी में फिर से दंगों जैसे हालात



भाजपा चाहती है कि देश हिन्दू-मुसलमान में उलझा रहे, ताकि लोग विभिन्न मुद्दों पर सवाल न पूछ सकें, राजधानी दिल्ली के उत्तम नगर के लोगों ने हिंसा की भारी कीमत चुकाई है, एक तरफ एक जवान लड़के, तरुण, की जान चली गई, दूसरी तरफ एक पूरा परिवार उत्पीड़न का सामना कर रहा है, उन्हें और खून-खराबा नहीं चाहिए, भारतीय जनता पार्टी उसका इकोसिस्टम नफरत के माहौल को बढ़ावा देकर हिंसा से राजनीतिक फायदा उठाना चाहता है, वे चाहते हैं कि देश हिन्दू-मुसलमान में उलझा रहे , ताकि लोग ये न पूछ सकें कि आखिर प्रधानमंत्री देश की रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और सामरिक संप्रभुता को अमेरिका के हवाले करने पर क्यों मजबूर हैं, इसीलिए दिनदहाड़े देश की राजधानी में फिर से दंगों जैसे हालात खड़े किए जा रहे हैं। **-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# दुनिया के लिए मौन चेतावनी है गौरैया पर मंडराता संकट



**योगेश कुमार गोयल**



**गौरैया केवल एक पक्षी नहीं है बल्कि हमारे बचपन की यादों, पारंपरिक संस्कृति और पर्यावरणीय संतुलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका जैव विविधता में महत्वपूर्ण योगदान है। गौरैया छोटे कीटों और अनाज के दानों पर निर्भर रहती है, जिससे कृषि भूमि पर कीटों की संख्या को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। गौरैया मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायता करती है। इसके अलावा, यह खाद्य श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है।**

पक्षी पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र का एक अनिवार्य हिस्सा हैं, उनकी उपस्थिति हमारे पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गौरैया, जो कभी हर आंगन, छतों तथा बगीचों में चहकती थी और हमारी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा हुआ करती थी, आज दुर्लभ होती जा रही है। यह प्यारा सा पक्षी, जो हमारे घरों और आसपास के पेड़-पौधों पर बसेरा करता था, अब विलुप्ति के कगार पर है और इसकी चहचहाहट सुनने को कान तरस जाते हैं। एक समय था, जब सुबह आंख खुलते ही गौरैया की चहचहाहट से दिलोदिमाग को सुकून मिलता था लेकिन अब यह चहचहाहट कहीं गायब सी हो गई है। गौरैया का भारतीय लोककथाओं और कविताओं में विशेष स्थान रहा है और यह हमारी भावनाओं और जीवन के दैनिक अनुभवों का हिस्सा रही है। करीब दो दशक पहले तक यह चिड़िया हर कहीं झुंड में उड़ती देखी जाती थी लेकिन अब यह संकटग्रस्त और दुर्लभ पक्षी की श्रेणी में आ गई है।

भारत के अलावा यूरोप के कई हिस्सों में भी गौरैया की संख्या काफी कम हो गई है। नीदरलैंड में तो गौरैया को 'दुर्लभ प्रजाति' की श्रेणी में रखा गया है, जर्मनी, ब्रिटेन, इटली, फ्रांस, चेक गणराज्य जैसे देशों में भी इनकी संख्या तेजी से घट रही है। कई पश्चिमी देशों में इनकी आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। लोगों को गौरैया के तेजी से घटते अस्तित्व के बारे में जागरूक करने और उसके संरक्षण के लिए विभिन्न उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ही हर साल 20 मार्च को 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस 2010 में 'नेचर फॉरएवर सोसायटी' द्वारा शुरू किया गया था, जिसकी स्थापना प्रसिद्ध भारतीय पर्यावरणविद् मोहम्मद दिलावर ने की थी। यह दिन न केवल गौरैया पक्षी के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करता है बल्कि हमें यह भी याद दिलाता है कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियां कितनी महत्वपूर्ण हैं।

गौरैया केवल एक पक्षी नहीं है बल्कि हमारे बचपन की यादों, पारंपरिक संस्कृति और पर्यावरणीय संतुलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका जैव विविधता में महत्वपूर्ण योगदान है। गौरैया छोटे कीटों और अनाज के दानों पर निर्भर रहती है, जिससे कृषि भूमि पर कीटों की संख्या को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। गौरैया मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायता करती है। इसके अलावा, यह खाद्य श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है और अन्य प्राणियों के लिए भोजन के स्रोत के रूप में भी कार्य करती है। गौरैया जैसे छोटे से पक्षी का इस तरह गायब होते जाना पर्यावरण में आ रहे गंभीर परिवर्तनों का संकेत है। शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण गौरैया के प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहे हैं। पेड़ों की कटाई और पारंपरिक घरों की जगह कंक्रीट के भवनों ने इनके घोंसले बनाने की जगह को सीमित कर दिया है। वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण गौरैया की संख्या में भारी गिरावट आई है। मोबाइल टावरों से निकलने वाली रेडिएशन भी इनके अस्तित्व के लिए खतरा बन रही है। कृषि में कीटनाशकों और रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग के कारण गौरैया के लिए भोजन की उपलब्धता कम होती जा रही है।

पिछले दो-ढाई दशकों में हमारी जीवनशैली में बड़ा बदलाव आया है। अपने निहित स्वार्थों के चलते हमने जंगल उजाड़ दिए, प्रकृति का संतुलन चक्र बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे जीव-जंतुओं और पक्षियों की अनेक प्रजातियों को मारकर, उनका शिकार करके या उनके आशियाने उजाड़कर उनके अस्तित्व पर संकट पैदा कर दिया है। इसी का असर गौरैया पर भी बड़े पैमाने पर पड़ा है। भोजन तथा पानी की कमी, पक्के मकान बनने से घोंसलों के लिए उचित स्थानों की कमी, तेजी से कटते पेड़-पौधे, हमारी बदलती जीवनशैली, मोबाइल रेडिएशन का दुष्प्रभाव, तापमान में लगातार होती बढ़ोतरी आदि कई ऐसे प्रमुख कारण हैं, जो गौरैया की विलुप्ति का कारण बन रहे हैं। खेतों में कीटनाशकों के बढ़ते प्रयोग से भी इनके अस्तित्व पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। गौरैया की आबादी घटने का एक बड़ा कारण यह भी है कि कई बार उनके घोंसले सुरक्षित स्थानों पर नहीं होने के कारण कौए तथा दूसरे हमलावर पक्षी उनके अंडों तथा बच्चों को खा जाते हैं। आज की पीढ़ी प्रकृति और पक्षियों से दूर होती जा रही है। गौरैया संरक्षण के लिए जागरूकता की कमी भी इसके अस्तित्व के लिए एक चुनौती है। गौरैया के संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिएं। पारंपरिक घरों की संरचना को ध्यान में रखते हुए घोंसला बनाने के लिए स्थान प्रदान करने की भी आवश्यकता है। कृषि में जैविक तरीकों को अपनाकर कीटनाशकों के उपयोग को कम किया जा सकता है, जिससे गौरैया के लिए भोजन की उपलब्धता बढ़ेगी। गौरैया को घोंसला बनाने में मदद करने के लिए लकड़ी या मिट्टी के छोटे घर बनाए जा सकते हैं। घर के आंगन या छतों पर अनाज और पानी रखने से गौरैया को भोजन प्राप्त करने में सहायता मिल सकती है। इसके अलावा मोबाइल टावरों से निकलने वाली हानिकारक रेडिएशन को नियंत्रित करने के लिए सरकार को सख्त नियम लागू करने चाहिएं। गौरैया संरक्षण के लिए स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की भी जरूरत है। हालांकि भारत सरकार और वन्यजीव संरक्षण संगठनों द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य गौरैया की संख्या बढ़ाना और इसके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाना है। नेचर फॉरएवर सोसायटी, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी तथा अन्य संगठनों ने गौरैया संरक्षण के लिए कई कार्यक्रम चलाए हैं। स्थानीय समुदायों और कुछ स्वयंसेवी संगठनों द्वारा घरों और सार्वजनिक स्थानों पर गौरैया के लिए घोंसले बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन इन प्रयासों में तेजी लाने और इनका दायरा बढ़ाए जाने की बड़ी जरूरत है क्योंकि यदि हम अभी प्रयास नहीं करेंगे तो भविष्य में यह पक्षी केवल किताबों और कहानियों में ही बच पाएगा। इसलिए हमें मिलकर गंभीरतापूर्वक प्रयास करने होंगे ताकि गौरैया की चहचहाहट फिर से हमारे आंगन और बगीचों में गूंज सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अपने ही बुने जाल में फंसा अमेरिका

**अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव एक नए वैश्विक संघर्ष का संकेत दे रहा है, जिसमें खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर हमले, ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर गतिरोध और इजराइल के साथ परोक्ष युद्ध शामिल है। आने वाले समय में मध्य पूर्व में अस्थिरता, नए प्रतिबंध और क्षेत्र में बड़े सैन्य टकराव का जोखिम बढ़ने की आशंका है। ईरान समर्थित समूहों द्वारा अमेरिकी ठिकानों पर हमले जारी रहने से अमेरिका की ओर से और अधिक कठोर सैन्य प्रतिक्रिया की संभावना है। परमाणु कार्यक्रम को लेकर डील न होने पर अमेरिका द्वारा ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने या सैन्य हमला करने का दबाव है।**



**रोहिताश सिंह वर्मा**

तानाशाही और परमाणु हथियार बनाने का आरोप और इजरायल को ईरान के खिलाफ भड़काकर अमेरिका अब होने ही बुने जाल में फंस गया हैं, अब अमेरिका की हालत सांप के छछूंदर पकड़कर न निगलने वाली हों गई हैं, ए भी कह सकते हैं कि अमेरिका रणनीतिक जाल में फंसा महसूस कर रहा है, जहां से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। इजराइल के साथ मिलकर शुरू की गई सैन्य कार्रवाई के बाद से लगातार हमले बढ़ रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप अमेरिका की स्थिति एक ऐसी हड्डी जैसी हो गई है जिसे न उगला जा सकता है और न निगला। विशेषज्ञ राष्ट्रपति ट्रंप के इस कदम को एक ऐसे जाल के रूप में देख रहे हैं, जहां ईरान के साथ बातचीत के सारे रास्ते बंद हो चुके हैं।बारूदी सुरंगों के बीच फंसे अमेरिका के पास हथियारों की कमी और युद्ध की अनिश्चितता एक बड़ी चुनौती बन गई है। यह युद्ध सिर्फ ईरान तक सीमित न रहकर पूरे पश्चिम एशिया में फैल रहा है, जिससे स्ट्रेट ऑफ होर्मुज द्धैजतंपज वा भ्वतउन्रञ्ज पर हमलों के कारण वैश्विक तेल की कीमतों में भारी उछाल आ गया है, युवा सैनिकों को युद्ध में भेजने के मुद्दे पर अमेरिका में ही असहमति के स्वर उठ रहे हैं और पूर्व अधिकारियों के इस्तीफे भी सामने आ रहे हैं। रूसी हथियारों के दम पर ईरान आसानी से पीछे हटने वाला नहीं है, जिससे यह संघर्ष एक लंबी और विनाशकारी जंग में तब्दील हो रहा है।



मार्च 2026 के मध्य तक चल रहे अमेरिका-ईरान संघर्ष में अब तक लगभग 1,500-2,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इसमें 1,300 से अधिक ईरानी, अमेरिकी सैनिक और इजरायल व खाड़ी देशों के अन्य नागरिक शामिल हैं। यह संघर्ष अभी भी जारी है, जिसमें हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव (2026) एक नए वैश्विक संघर्ष का संकेत दे रहा है, जिसमें खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर हमले, ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर गतिरोध और इजराइल के साथ परोक्ष युद्ध शामिल है। आने वाले समय में मध्य पूर्व में अस्थिरता, नए प्रतिबंध और क्षेत्र में बड़े सैन्य टकराव का जोखिम बढ़ने की आशंका है। ईरान समर्थित समूहों द्वारा अमेरिकी ठिकानों पर हमले जारी रहने से अमेरिका की ओर से और अधिक कठोर सैन्य प्रतिक्रिया की संभावना है। परमाणु कार्यक्रम को लेकर डील न होने पर अमेरिका द्वारा ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने या सैन्य हमला करने का दबाव है। इस लड़ाई में अरब देश, जैसे कतर और बहरीन, अमेरिकी और इजरायली खेमे में और मजबूती से जुड़ सकते हैं, जिससे क्षेत्र में ईरानी प्रभाव को कम करने का प्रयास होगा। ईरान और अमेरिका के बीच ड्रोन हमलों के अलावा, बुनियादी ढांचे (जैसे जल संयंत्रों) को निशाना बनाकर जल युद्ध का खतरा भी बढ़ रहा है। इस युद्ध से ऐसा लग रहा हैं कि अमेरिका और ईरान के संबंध आने वाले समय में तनावपूर्ण बने रहेंगे और इसके सीधे असर मध्य पूर्व की सुरक्षा और तेल आपूर्ति पर पड़ने की सम्भावना हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिका-ईरान युद्ध और भारत को लेकर पूर्व सैनिकों की चिंता

**रजनीश कपूर**



आज की दुनिया की सबसे बड़ी चिंता है . तेल का दाम। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और हर चीज महंगी हो रही है। क्यों? क्योंकि अमे. रिका और इजराइल ने मिलकर ईरान पर हमला कर दिया। मार्च 2026 की शुरुआत में ही सुप्रीम लीडर अली खामेनी समेत ईरान के कई बड़े नेता मारे गए। ईरान ने जवाब दिया, मिसाइलें और ड्रोन दागे। अब युद्ध दो सप्ताह से ज्यादा चल रहा है। तेल 110 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। होर्मुज की खाड़ी, जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत तेल गुजरता है, को बंद किए जाने का खतरा भी मंडरा रहा है।

दुनियाभर के युद्ध व कूटनीति विशेषज्ञ इस पूरे मामले को लेकर काफी गंभीर हैं। भारत के बात करें तो रिटायर्ड मेजर जनरल जीडी बख्शी स्पष्ट शब्दों में इस युद्ध का विश्लेषण कर रहे हैं। सोशल मीडिया और टीवी पर उन्होंने बार-बार कहा, यह हमला गलत था। अमेरिका-इस्राईल ने ईरान को बहुत कम आंका। जनरल बख्शी ने अपने एक पोस्ट में लिखा, सब सोच रहे थे कि ए केकवॉक होगा। लेकिन मैंने शुरू से चेता. वनी दी थी कि ईरान को कम मत समझो। यह असम. मित युद्ध लड़ेगा। एक टीवी इंटरव्यू में उन्होंने सरल भाषा में समझाया कि क्या गलती हुई। ईरान के पास सस्ते ड्रोन (20,000 डॉलर का एक) हैं, जबकि अमेरिका-इजराइल के महंगे इंटरसेप्टर मिसाइल (20 लाख डॉलर का एक) खत्म हो रहे हैं। ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइलें दागीं, जो रडार से बच सकती हैं। इन मिसाइलों ने कतर के रडार, थाड बैटरी, अमे. रिकी बेस और इजराइल के कई शहरों पर हमले किए। 15 दिन में 650 मिसाइलें और 2600 ड्रोन तबाह हुए, 21 अमेरिकी सैनिक मारे गए। इस सबका अंदाजन खर्च करीब 21 अरब डॉलर से ज्यादा हुआ। जनरल बख्शी के अनुसार, ट्रंप ने सोचा था कि खामेनी मरते ही युद्ध खत्म हो जाएगा। लेकिन ईरान का हौसला बहुत ऊंचा है। 8 साल के ईरान-इराक युद्ध में 10 लाख मौतें हुई, फिर भी ईरान नहीं झुका। अब ए अस्तित्व की लड़ाई है। वे आगे कहते है, होर्मुज खाड़ी बंद करने से पूरी दुनिया में मंदी आ जाएगी। तेल 150 डॉलर से भी ऊपर जा सकता है। अमेरिका के लिए बॉडी बैग्स सैनिकों की मौत मिडटर्म चुनाव में आफत बन सकती है। ट्रंप फंस गए हैं। यह युद्ध शुरू करना आसान था, लेकिन खत्म करना मुश्किल। ए 21वीं सदी का सबसे बड़ा संघर्ष है। एकध्रुवीय दुनिया खत्म हो रही है। बहुध्रुवीय दुनिया मजबूत हो रही है। साधारण भारतीय के लिए यह युद्ध दूर की बात नहीं। हम दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक हैं। 80 प्रतिशत तेल बाहर से आता है। यदि होर्मुज बंद हुआ तो पेट्रोल 150-200 रूपए लीटर हो जाएगा। रसोई गैस भी महंगी हो जाएगी। वहीं खाड़ी देशों में काम करने वाले 9 लाख भारतीयों की नौकरी भी खतरे में आ जाएगी। ईरान के साथ भारत का चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट ठप पद सकता है। अफगानिस्तान और मध्य एशिया का मार्गभी बंद हो सकता है। महंगाई आम आदमी की जेब काटेगी। गौरतलब है कि भारत ने हमेशा युद्ध की स्थिति में संत. ुलन बनाए रखा है। इस युद्ध की बात करे तो, ईरान से हमें सस्ता तेल, इजराइल से हथियार और टेक्नोलॉजी



और अमेरिका से व्यापार मिलता रहा है। लेकिन इस बार मोदी सरकार ने अमेरिका-इजराइल के साथ खुलकर खड़ा होने का फैसला किया। प्रधानमंत्री मोदी फरवरी में इजराइल गए। वहां उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहूके साथ ह्स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की घोषणा की। युद्ध शुरू होते ही भारत ने ईरान के हमलों की निंदा की। खाड़ी देशों के राजाओं को फोन कर समर्थन जताया। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के खिलाफ प्रस्ताव कासमर्थन किया। खामेनी की मौत पर ईरानी दूतावास में श्रद्धांजलि देरी से दी। जानकार मानते हैं कि भारत का ए फैसला गलत था, क्योंकि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता खतरे में पड़ गई। हम BRICS के अध्यक्ष हैं। रूस-चीन-ईरान हमारे साथी हैं। लेकिन अमेरिका के दबाव में हम ईरान के खिलाफ खड़े हो गए। भारत इजराइल और ईरान से अच्छे संबंध रखता है। हम युद्धविराम का मध्यस्थ बन सकते हैं। लेकिन सरकार ने मध्यस्थता की बजाय एक तरफा रुख अपनाया।

भारत को तटस्थ रहना चाहिए था। दोनों पक्षों से बात कर युद्धविराम की अपील करनी चाहिए थी। मोदी जी को इजराइल जाने के बजाय दोनों देशों के नेताओं से फोन पर बात करनी चाहिए थी। संयुक्त राष्ट्र में 'शांति और संवाद' का प्रस्ताव लाना चाहिए था। ईरान से तेल खरीदना जारी रखना चाहिए था। चाबहार प्रोजेक्ट को मजबूत करना चाहिए था। सरकार ने सोचा कि अमे. रिका-इजराइल के साथ खड़े होने से फायदा होगा। लेकिन भूल गए कि ईरान हमारा पुराना दोस्त है। चाबहार बंदरगाह अमेरिका के खिलाफ हमारा रणनी. तिक कदम था। सस्ता ईरानी तेल हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करता था। अब तेल महंगा होने से मुद्रास्फीति बढ़ेगी। विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ पड़ेगा। यदि भारतफन्ाक और ठत्प्ैदोनों का सदस्य है तो हमारी आवाज दोनों तरफ सुनी जाती, लेकिन क्या एक तरफा रुख अपनाकर हमने अपनी ताकत कम कर दी? मेजर जनरल बख्शी के अनुसार, यह मूर्खतापूर्ण युद्ध है। यह जल्द खत्म हो। भारत को अब अपनी गलती सुधारनी चाहिए। तटस्थ रहकर शांति की बात करनी चाहिए। ईरान से संबंध वापसी सुधारने चाहिए। तेल आयात के वैकल्पिक रास्ते तलाशने चाहिए। भारत की विदेश नीति हमेशा ह्सभी के साथ, किसी के खिलाफ नहीं रही है। मोदी सरकार को इस सिद्धांत पर लौटना चाहिए। क्योंकि अंत में भारत का हित सबसे ऊपर है। सस्ता तेल, सुरक्षित नौकरियां और मजबूत अर्थव्यवस्था। युद्ध में किसी एक का पक्ष नहीं, बल्कि शांति का पक्ष लेना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




राजौरी। जम्मू-कश्मीर में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके लाल गुलाम पुल से गुजरता वाहन।

## ईरान ने अमेरिका-इजरायल को गुप्त जानकारी देने के दोषी तीन को फांसी दी

**तेहरान।** ईरान ने पुलिस अधिकारियों की हत्या करने और इस साल की शुरुआत में हुई अशांति के दौरान अमेरिका और इजरायल के समर्थन में गति. विधियों को अंजाम देने के दोषी करार दिए गए तीन लोगों को गुरुवार को फांसी दे दी। ये सजाएं ऐसे समय में दी हैं, जब इजरायल-अमेरिका से ईरान का संघर्ष 20वें दिन में प्रवेश कर चुका है। न्यायपालिका की वेबसाइट 'मीजान ऑनलाइन' के अनुसार, इन तीनों व्यक्तियों को जनवरी की अशांति में शामिल होने के लिए सजा सुनाई गई थी। उन पर हत्या और 'जायोनी शासन' तथा अमेरिका के पक्ष में काम करने का आरोप था।

## कतर पर दोबारा हमला हुआ, तो पूरा गैस फील्ड उड़ा देंगे: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** इजरायल द्वारा बुधवार रात ईरान के एक महत्वपूर्ण गैस केंद्र 'साउथ पार्स गैस फील्ड' पर हमला करने पर जवाबी हमले में ईरान ने कतर में एक प्रमुख एलएनजी सुविधा पर जवाबी हमला करने पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान की चेतावनी दी कि अगर कतर पर दोबारा हमला हुआ तो वे उसका पूरा गैस फील्ड को उड़ा देंगे जो ईरान ने कभी सोचा नहीं होगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ईरान ने कतर के रास लाफान औद्योगिक क्षेत्र सहित पड़ोसी देशों के ऊर्जा केंद्रों पर मिसा. इल और ड्रोन हमले किए, जिससे वहां की एलएनजी सुविधाओं को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। अमे. रिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने साउथ पार्स गैस फील्ड पर इजरायल के हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि पश्चिमी एशिया में जो कुछ भी हुआ है, उससे 'गुस्से में आकर' इजरायल ने हिसक तरीके से ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड पर हिसक हमला किया है।

# टैरिफ गेम का पड़ रहा अमेरिका में उलटा असर

## अमेरिकी उद्योगों को नुकसान, देश का श्रमिक वर्ग भी नाराज

**वाशिंगटन।** पूरी दुनिया में टैरिफ लगाकर अमेरिकी जजों की भी निंदा करने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को इस मुद्दे पर अपने ही देश में अपने ही प्रशंसकों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इसका कारण ट्रम्प के लगाए टैरिफ से देश के उद्योगों व निर्माताओं को मदद मिलने के बजाय नुकसान होना है।

टैरिफ के फैसले से अमेरिका में कई उद्योग और कारोबार इन दिनों अच्छे-खासे नुकसान में हैं। इससे अमेरिकी विनिर्माण को भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे हैं। श्रमिक वर्ग भी इस फैसले से आहत है। ट्रम्प के समर्थक उद्योग. पति जे. एलन ने कहा कि उद्योग. पतियों ने इस भरोसे के साथ ट्रम्प को वोट दिया था कि रिपब्लिकन नेता करों में कटौती और नियमों में ढील देंगे, जिससे उनके विनिर्माण व्यवसाय को मदद मिलेगी। लेकिन ट्रम्प के आर्थिक एजेंडे के




■ उद्योगपतियों ने उठाए सवाल कंपनियों के लिए योजना बनाना भी मुश्किल

मूल में मौजूद टैरिफ ने उनकी कंपनी एलन इंजीनियरिंग कार्प को चौपट किया है। आयात करों ने विदेशों में बने इंजनों, स्टील, गियरबाक्स और क्लच की लागत भी बढ़ा दी है।

इसके चलते पावर ट्रावेल निर्माण के दाम एक लाख डालर तक हो सकते हैं। ट्रम्प ने टैरिफ को अमेरिकी कारखानों की मदद करने वाला बताया था लेकिन देखने में आ रहा है कि वे वास्तव में देशभर के कई उद्योगों और उत्पादन इकाइयों को कुचल रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन फरवरी में सुप्रीम कोर्ट से अवैध घोषित आयात करों के स्थान पर नए टैरिफ बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है। इससे हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। देश के विनिर्माण उद्योगपति क्रेसन क्रू ने कहा कि टैरिफ के कारण उन्होंने 2025 में अपनी कंपनी को घाटे में चलाया। उनके यहां कर्मचारियों की संख्या 205 से घटकर 140 रह गई। बिक्री में कमी पर भी उन्होंने कीमतें 8-10 प्रतिशत बढ़ाई हैं। अगले दशक में संघीय घाटे में वृद्धि होने का अनुमान है। आर्थिक नीति समूह एम्प्लाई अमेरिका के ईडी स्कंदा अमरनाथ ने कहा, ट्रम्प के टैरिफ से विनिर्माण में कोई वृद्धि नहीं दिखती। इस क्षेत्र में कोई नया पुनर्जागरण भी नहीं हो रहा है। टैरिफ पर अनिश्चितता ने निवेश को हतोत्साहित किया है। टैरिफ लगाने के लिए कांग्रेस को दर. किनार करने से छोटी विनिर्माण कंपनियों को योजना बनाना भी मुश्किल कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जान राबर्ट्स ने चेताया कि संघीय जजों की निजी आलोचना खतरनाक है और इसे रोकना होगा। यह चेतावनी उन्होंने राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा प्रशासन के खिलाफ फैसला सुनाने वाले एक संघीय जज को सनकी, नीच, बेईमान और पूरी तरह से बेकाबू कहने के दो दिन बाद दी। राबर्ट्स ने ट्रम्प या किसी और को निशाना बनाने से परहेज किया और जोर दिया कि जजों पर हमले किसी एक राजनीतिक कृष्टिकोण से नहीं हो रहे हैं।

### संक्षिप्त समाचार

#### कतर ने रास लाफान ऊर्जा केंद्र पर मिसाइल हमले की निंदा की

**दोहा।** कतर के विदेश मंत्रालय ने रास लाफान औद्योगिक शहर पर हुए हमलों की निंदा करते हुए इस हमले को संप्रभुता का उल्लंघन बताया है और चेतावनी दी कि उसके पास जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित है। रस लाफान कतर का प्रमुख एलएनजी उत्पादन केंद्र है, जहां गैस प्रसंस्करण, शोधन एवं बिजली उत्पादन की प्रमुख सुविधाएं स्थित हैं। इसका बंदरगाह विश्व के सबसे बड़े औद्योगिक ऊर्जा परिसरों में से एक है और दुनिया का सबसे बड़ा एलएनजी निर्यात टर्मिनल शामिल है।

#### पेंटागन ने ईरान युद्ध में लागत बढ़ने के कारण 200 अरब डॉलर की मांग की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने व्हाइट हाउस से ईरान युद्ध का समर्थन करने के लिए 200 अरब डॉलर से अधिक धनराशि के अनुरोध को मंजूरी देने के लिए कहा है। यह जानक. ारी स्पूतनिक ने वाशिंगटन पोस्ट के हवाले से गुरुवार को दी। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, यह अनुरोध मौजूदा खर्च से कहीं अधिक होगा और एक ऐसी राशि है जिसका कांग्रेस में कड़ा विरोध हो सकता है।

#### विक्रम के दुरई स्वामी को चीन में भारत का राजदूत नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** चीन के साथ संबंधों के फिर से धीरे-धीरे पटरी पर लौटने के बीच भारत ने ब्रिटेन में उच्चायुक्त विक्रम के दुरई स्वामी को चीन में अपना नया राजदूत नियुक्त किया है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर बताया कि ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम के दुरई स्वामी को चीन में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 1992 बैच के वरिष्ठ अधिकारी दुरई स्वामी, प्रदीप कुमार रावत का स्थान लेंगे। दुरई स्वामी इससे पहले भी बीजिंग में भारतीय दूतावास में काम कर चुके हैं।

# बैकफुट पर आए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प

## कहा: इजरायल अब ईरान के मुख्य गैस केंद्र पर हमला नहीं करेगा, युद्ध के दौरान पहली बार बदले सुर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि इजरायल अब ईरान के मुख्य गैस केंद्र पर हमला नहीं करेगा। ट्रम्प के इस बयान को उनका एहतियाती कदम माना जा रहा है। विश्लेषक मान रहे हैं कि इस युद्ध के दौरान पहली बार ट्रम्प बैकफुट पर नजर आ रहे हैं। इस जंग के दौरान ईरान की वायुसेना, नौसेना, उसके अहम सैन्य ठिकानों और परमाणु केंद्रों को पूरी तरह तबाह करने की धमकी ट्रम्प देते रहे हैं।

हालांकि, इजरायल की ओर से ईरान की गैस फील्ड पर एक वार और उसके बाद ईरान के कतर पर पलटवार ने ट्रम्प को एहतियाती बयान जारी करने को मजबूर कर दिया। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर डोनाल्ड ट्रम्प को यह कहना पड़ गया कि इजरायल का हमला उनकी जानकारी के बिना हुआ। इजरायल ने ईरान के दक्षिण पार्स गैस फील्ड पर हमला किया है, जिसे ईरान की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा आपूर्ति की 'रीढ़' माना जाता है। यह ईरान और कतर के बीच साझा की जाने वाली दुनिया की सबसे बड़ा गैस फील्ड है, जो फारस की खाड़ी के नीचे लगभग 9700 वर्ग किलोमीटर में फैली है। इसमें लगभग 1800 ट्रिलियन क्यूबिक फीट गैस मौजूद है, जो दुनिया के कुल प्रमाणित गैस भंडार का करीब 8 प्रतिशत है। यह मात्रा पूरी दुनिया की 13 से ज्यादा वर्षों की ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त मानी जाती है। ईरान का 70-75 प्रतिशत गैस का उत्पादन यहीं से होता है और देश की करीब 80 प्रतिशत बिजली भी इसी प्राकृतिक गैस का उपयोग करके पैदा की जाती है। इजरायल के हमले के जवाब में ईरान ने पश्चिम एशिया में एक अहम ऊर्जा केंद्र के तौर पर पहचाने जाने वाले कतर के कुछ ऐसे ठिकानों पर हमला किया, जिनसे दुनिया की गैस आपूर्ति ठप पड़ जाने का खतरा पैदा हो गया। इसी के बाद ट्रम्प ने कहा कि उन्हें इजरायली हमले की जानकारी नहीं थी और आगे इजरायल दक्षिण पार्स गैस फील्ड को निशाना नहीं बनाएगा। ईरान ने कतर के रास लफ्फान इंडस्ट्रियल सिटी पर मिसाइल हमले किए, जो कतर का एक बेहद अहम तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) और ऊर्जा केंद्र है। कतर दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत एलएनजी मांग को अकेले पूरा करता है। इस हमले से यूरोप और एशिया को होने वाले सालाना लगभग 7.7 करोड़ टन एलएनजी निर्यात पर गंभीर खतरा पैदा हो गया। कतर एनर्जी की ओर से जारी बयान के मुताबिक, ईरानी मिसाइल हमले के कारण रास लफ्फान काम्प्लेक्स में आग लग गई और प्लांट को व्यापक नुकसान पहुंचा है जिसके कारण वहां उत्पादन रोकना पड़ा।

यह काम्प्लेक्स करीब 295 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और ये अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर का एक-तिहाई है। अमे. रिकी मीडिया समूह एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक, रास लफ्फान परिसर पर हुए हमले के बाद कतर के शीर्ष नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बात की। इस बात. चीत के बाद ही ट्रम्प ने कहा कि इजरायल अब ईरान की दक्षिण पार्स गैस फील्ड पर हमले नहीं करेगा। इस पूरे घटनाक्रम में अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भूमिका काफी अहम रही है। एक्सिओस के मुता. बिक, ट्रम्प ने सार्वजनिक तौर पर जो दावे किए, अंदरखाने की सच्चाई उससे बिल्कुल अलग थी। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर दावा किया था कि अमेरिका को इस हमले के बारे में कोई जानकारी नहीं थी और इजरायल ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर गुस्से में आकर यह हमला किया है, लेकिन, अमेरिकी और इजरायली अधिकारियों ने एक्सिओस से कहा कि साउथ पार्स गैस फील्ड पर किया गया हमला पूरी तरह से व्हाइट हाउस की सहमति और पूर्व-समन्वय के साथ किया गया था।



■ इजरायल ने ईरान के दक्षिण पार्स गैस फील्ड पर हमला किया है, जिसे ईरान की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा आपूर्ति की 'रीढ़' माना जाता है

## ईरान के तेल से बैन हटा सकता है अमेरिका

**तेहरान।** जंग के बीच अमेरिका ईरान के तेल पर लगे बैन में ढील दे सकता है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि ट्रम्प सरकार ईरान से जो तेल पहले से बाहर जा रहा है, उस पर लगी पाबंदियां कुछ समय के लिए हटा सकती है। ईरान पर भले ही अमेरिकी पाबंदियां लगी हों, लेकिन फिर भी ईरान कुछ देशों को चोरी-छिपे या खास तरीकों से तेल बेच रहा है। अब अमे. रिका यह सोच रहा है कि जो तेल वैसे भी बाजार में आ रहा है, उस पर लगी पाबंदियों को कुछ समय के लिए ढीला कर दिया जाए, ताकि सप्लाई खुलकर बढ़ सके और कीमतें कम हो सकें। इसी बीच ओमान ने

■ ओमान बोला: ईरान से जंग ट्रम्प की सबसे बड़ी गलती, अमेरिका की फॉरेन पॉलिसी पटरी से उतरी

इस जंग को लेकर अमेरिका पर तीखा हमला बोला है। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने ईरान के साथ जंग को ट्रम्प सरकार की 'सबसे बड़ी गलती' बताया है। उन्होंने कहा कि यह जंग वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा रही है। अलबुसैदी ने यह भी कहा कि अमेरिका की विदेश नीति पटरी से उतरती दिख रही है और इस संघर्ष से किसी पक्ष को फायदा नहीं होगा।

## ईरान ने कतर, कुवैत, यूएई से अपने नुकसान का मुआवजा मांगा

**न्यूयॉर्क।** ईरान ने गुरुवार को कतर, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर अमेरिकी और इजरायली हमले के लिए अपनी धरती को उपलब्ध कराने हेतु तीखा हमला बोला है और सभी प्रकार के नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत और स्थाई प्रतिनिधि आमिर सईद इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को लिखे एक पत्र में कहा कि 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ हमले की शुरुआत के बाद से, कतर और कुछ अन्य पड़ोसी देशों के क्षेत्र का उपयोग ईरान के खिलाफ हमले करने के लिए किया गया है।

■ यह पत्र रियाध (सऊदी अरब) में इस्लामिक और खाड़ी देशों के 12 विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद आया है
■ कतर, कुवैत व यूएई द्वारा हमलावरों को दी गई सहायता के परिणामस्वरूप, ईरान में हजारों नागरिकों और नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया: इरावनी

यह पत्र रियाध (सऊदी अरब) में इस्लामिक और खाड़ी देशों के 12 विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद आया है, जिसमें पड़ोसी खाड़ी देशों पर ईरान के हमलों की कड़ी निंदा की गई थी। इरावानी ने कहा कि हमलावरों को अपनी धरती को उपलब्ध कराने के अवैध कृत्य के बारे में पहले कतर के अधिकारियों को सूचित किया था और इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के आधिकारिक दस्तावेज के रूप में भी प्रकाशित किया गया था। ईरानी राजदूत ने कहा कि कतर, कुवैत और यूएई द्वारा हमलावरों को दी गई सहायता के परिणामस्वरूप, उन्होंने ईरान में हजारों नागरिकों और नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि ये कार्य आपसी सम्मान और अच्छे पड़ोस के सिद्धांतों का घोर उल्लंघन हैं। इरावानी ने कहा कि ईरान, आत्मरक्षा के अपने अंतर्निहित अधिकार के तहत यह मानता है कि उस पर हमले के लिए इस्तेमाल किए जा रहे किसी भी सैन्य अड्डे को निशाना बनाना वैध है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी (एमएनए) के अनुसार, इरावानी ने चेतावनी दी कि ईरान आगे नागरिकों को क्षति पहुंचाने वाले हमलों को रोकने के लिए आवश्यक और उचित उपाय करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है। इरावानी ने कहा कि ईरान ने हमेशा खाड़ी देशों के साथ अच्छे पड़ोस के सिद्धांत का पालन किया है। हालांकि, दुर्भाग्य से, कतर, यूएई और कुवैत द्वारा इस सिद्धांत पर विचार नहीं किया गया है।

## कतर ने राष्ट्रपति सुरक्षा के लिए 'सीधे खतरे' को लेकर राष्ट्रसंघ से की अपील

**दोहा।** कतर ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष से संपर्क कर अपने क्षेत्र पर जारी ईरानी हमलों के कारण अपनी सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता के लिए 'राष्ट्रीय संप्रभुता के घोर उल्लंघन और सीधे खतरे' के रूप में वर्णित चिंताओं को उठाया है।

संयुक्त राष्ट्र को भेजा गया कतर का यह नवां पत्र है। इस पत्र में कतर ने कहा है कि कथित कार्रवाई उसकी संप्रभुता का 'घोर उल्लंघन' हैं और उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा तथा क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सीधे खतरा पैदा करती हैं। यह पत्र संयुक्त राष्ट्र में कतर की स्थाई प्रतिनिधि शेखा आलिया अहमद बिन सैफ अल-थानी ने पेश किया है। पत्र के अनुसार,

■ कतर की वायु रक्षा प्रणालियों ने 28 फरवरी से 16 मार्च के बीच कई दुश्मन हवाई लक्ष्यों को रोका

कतर की वायु रक्षा प्रणालियों ने 28 फरवरी से 16 मार्च के बीच कई दुश्मन हवाई लक्ष्यों को रोका। इसमें यह भी बताया गया कि इन घटनाओं के परिणामस्वरूप नागरिक घायल हुए हैं, हालांकि हताहतों के विवरण पर अधिक जानकारी तुरंत प्रदान नहीं की गई है। पत्र में इस बात पर जोर दिया गया कि ईरान के ये हमले सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 (2026) को अपनाए जाने के बाद भी जारी रहे। इस प्रस्ताव का 136 देशों ने समर्थन किया था। इसमें कतर और पड़ोसी देशों पर ईरान के जघन्य हमलों की कड़े से कड़े शब्दों में निंदा की गई थी।

## आईएफएफडी करेगा दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को सम्मानित

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ दिल्ली (आईएफएफडी) में दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को सम्मानित किया जाएगा। इस फिल्म फेस्टिवल में दर्शकों के लिए जहां एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी वहीं दिग्गज कलाकारों को भी देखने, सुनने का मौका मिलेगा। 25 से 31 मार्च 2026 तक भारत मंडपम में आयोजित होने वाले इस फेस्टिवल दिल्ली में हिंदी सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को सम्मानित किया जाएगा। भारतीय सिनेमा की सबसे कालजई पहचान मानी जाने वाली शर्मिला टैगोर को यह सम्मान उनके दशकों लंबे करियर और सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया जा रहा है।

# पाक मिसाइलों से अमेरिका को खतरा: तुलसी गबार्ड

## अमेरिकी इंटेलिजेंस चीफ ने कहा: रूस-चीन इसी कैटेगरी में

**वाशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने कहा है कि पाकिस्तान ऐसी लंबी दूरी की मिसाइलें बना रहा है जो भविष्य में अमेरिका तक हमला कर सकती हैं। उन्होंने वाशिंगटन डीसी में एक मीटिंग के दौरान बताया कि आने वाले समय में दुनिया में खतरनाक मिसाइलों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ सकती है। इंटेलिजेंस कम्यूनिटी (आईसी) का आंकलन है कि अभी करीब 3,000 मिसाइलें ऐसी हैं जो अमे. रिका तक हमला कर सकती हैं, लेकिन 2035 तक ये बढ़कर 16000 से ज्यादा हो सकती हैं। गबार्ड के मुताबिक, रूस, चीन, नार्थ कोरिया, ईरान और पाकिस्तान जैसे देश नई-नई मिसाइल तकनीक और हथियार बना रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि पाकिस्तान ऐसी इंटरकान्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) बना सकता है, जो बहुत दूर तक मार कर सकती है। वहीं ईरान भी 2035 से पहले ऐसी मिसाइल बना सकता है। गबार्ड ने चीन और रूस को सबसे बड़ा और लगातार खतरा बताया। उनके मुताबिक, ये देश ऐसी उन्नत तकनीक विकसित कर रहे हैं जो अमेरिकी मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भेद सकती हैं। उन्होंने उत्तर कोरिया के साइबर खतरे का भी जिक्र किया और कहा कि 2025 में उसने क्रिप्टोकरेंसी चोरी के जरिए करीब 2 बिलियन डॉलर जुटाए, जिससे उसके हथियार कार्यक्रम को फंड मिला। सुनवाई के दौरान ईरान के साथ संभावित युद्ध और पहले दी गई खुफिया जानकारी पर गबार्ड ने सवालों का सीधा जवाब देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वे आंतरिक चर्चाओं का खुलासा नहीं कर सकतीं। साथ ही यह भी चिंता जताई गई कि अगर ईरान पर हमला होता है तो वह होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर सकता है, जो वैश्विक तेल और गैस सप्लाई का अहम मार्ग है। तुलसी गबार्ड ने रिपब्लिकन राष्ट्रपति को दी गई खुफिया जानकारी के बारे में पूछे गए सवालों को बार-बार टाल दिया। इससे डेमोक्रेट नाराज हो गए। सीनेट खुफिया समिति के शीर्ष डेमोक्रेट, वर्जीनिया के सीनेटर मार्क वार्नर ने गबार्ड से पूछा कि क्या उन्होंने ट्रम्प को सलाह दी थी कि अगर ईरान को अमेरिकी हमलों का निशाना बनाया गया तो वह खाड़ी देशों पर हमला करेगा और होर्मूज स्ट्रेट को बंद कर देगा।



■ 10 साल बाद 16000 मिसाइलें अमेरिका तक हमला कर सकेंगी

# 12 इस्लामिक देशों ने पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों की निंदा की

## संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के अनुसार राज्यों के आत्मरक्षा के अधिकार की पुष्टि भी की गई

**रियाध/नई दिल्ली।** अरब और इस्लामी देशों के 12 विदेश मंत्रियों ने पड़ोसी देशों पर ईरानी हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि ऐसे हमलों को किसी भी बहाने से उचित नहीं ठहराया जा सकता है। अजरबैजान, बहरीन, मिस्र, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, पाकिस्तान, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों ने गुरुवार को रियाध में एक बैठक की और तत्काल शत्रुता समाप्त करने एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान करने का आह्वान किया।

इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के अनुसार राज्यों के आत्मरक्षा के अधिकार की पुष्टि भी की गई है। बैठक के बाद जारी एक बयान में, विदेश मंत्रियों ने तेल सुविधाओं, विलवणीकरण संयंत्रों, हवाई अड्डों, आवासीय स्थलों, राजनयिक मिशनों सहित आवासीय क्षेत्रों एवं नागरिक अवसंरचना को निशाना बनाकर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन के सुनियोजित ईरानी हमलों की निंदा की है। सऊदी अरब के दूसरे सबसे बड़े अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र, सऊदी गजट के अनुसार, उन्होंने ईरान से तत्काल अपने हमलों को रोकने, अंतर्राष्ट्रीय कानून एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का सम्मान करने, क्षेत्रीय स्थिरता को बहाल करने और तनाव कम करने की दिशा में पहले कदम के रूप में अच्छे पड़ोसी होने के सिद्धांतों का पालन करने का आह्वान किया। सऊदी गजट के अनुसार, विदेश मंत्रियों ने इस बात पर बल दिया कि ईरान के साथ संबंधों का भविष्य अन्य देशों की संप्रभुता के सम्मान, उनके आंतरिक मामलों में गैर-हस्तक्षेप और पड़ोसी देशों को धमकाने के लिए सैन्य क्षमताओं का उपयोग करने से परहेज करने पर निर्भर करता है। उन्होंने ईरान से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 (2026) का पालन करने, सभी हमलों को तुरंत रोकने और किसी भी उकसावे वाली कार्रवाई से बचने का भी आग्रह किया, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतर्राष्ट्रीय नौवहन को बंद करने, बाधित करने या बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य में समुद्री सुरक्षा को कमजोर करने की धमकी शामिल है।

बैठक के बाद आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद ने कहा कि ईरान पर भरोसा पूरी तरह से टूट चुका है और उसके मौजूदा व्यवहार को देखते हुए तेहरान को भागीदार नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि ईरान की कार्रवाइयां दर्शाती हैं कि वह पड़ोसी देशों के साथ वास्तविक संवाद में विश्वास नहीं रखता बल्कि दबाव और राजनीतिक एवं सुरक्षा संबंधी दबाव पर निर्भर है। उन्होंने पड़ोसी देशों और समुद्री नौवहन पर ईरानी हमलों को एक खतरनाक प्रसार एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन बताया जो क्षेत्रीय सुरक्षा एवं स्थिरता को कमजोर करने के उद्देश्य से एक निरंतर रणनीति को दर्शाता है।



■ प्रिंस फैसल ने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ने पर सऊदी अरब को आवश्यक कदम उठाने का अधिकार है और इस बात पर बल दिया कि उचित समय पर सही निर्णय लिए जाएंगे

## ईयू विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने की ईरान युद्ध को रोकने की अपील

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने ईरान युद्ध को तत्काल समाप्त करने और तनाव कम करने की पुरजोर वकालत की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह संघर्ष जारी रहा, तो इससे न केवल पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ेगी, बल्कि यूक्रेन में रूस के खिलाफ जारी प्रयासों को भी गहरा धक्का लगेगा। कल्लास ने गुरुवार को यूरोपीय परिषद के शिखर सम्मेलन से पहले ब्रुसेल्स में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ईरान युद्ध से बाहर निकलना अब अनिवार्य हो गया है। कल्लास ने तर्क दिया कि इस युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार का स्वरूप बदल रहा है, जिसका अप्रत्यक्ष लाभ मॉस्को को मिल रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मध्य पूर्व के इस संघर्ष को समाप्त करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि यूक्रेन युद्ध का समाधान खोजना। उनके अनुसार, रूस इस स्थिति का फायदा उठा रहा है, इसलिए यूक्रेन को समर्थन दिखाना और इस युद्ध को रोकना बेहद जरूरी है ताकि कीव को रूस के सामने पूरी तरह आत्मसमर्पण न करना पड़े।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108